रांची, बुधवार
06.11.2024
वर्ष : 9, अंक : 332 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988



## संक्षिप्त खबरें

### संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक

**नई दिल्ली :** सरकार ने संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित कराने की मंगलवार को घोषणा की। इस दौरान 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुये कहा, ह्णभारत सरकार की सिफारिश पर माननीय राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों को शीतकालीन सत्र के लिये 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024 तक आहूत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। संसद की कार्यसूची की आवश्यकता के अनुसार, शीतकालीन सत्र की अवधि में संशोधन भी किया जा सकता है। श्री रिजिजू ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संविधान को अंगीकार किये जाने की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में एक समारोह संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित किया जायेगा।

### राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय के तीन प्रकाशनों का किया विमोचन

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में उच्चतम न्यायालय के तीन प्रकाशनों का विमोचन किया। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार इन प्रकाशनों में ह्यराष्ट्र के लिए न्यायः भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 75 वर्षों पर कुछ विचारह्ण, भारत में जेलः जेल मैनुअल का मानचित्रण और सुधार एवं भीड़ कम करने के उपाय और विधि विद्यालयों के माध्यम से कानूनी सहायताः भारत में कानूनी सहायता प्रकोष्ठों के कामकाज पर एक रिपोर्ट शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने एक ऐसा न्यायशास्त्र विकसित किया है जो भारतीय लोकाचार और वास्तविकताओं में निहित है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि ह्यजस्टिस फॉर द नेशनह्ण नामक पुस्तक में उच्चतम न्यायालय की 75 वर्षों की यात्रा के मुख्य बिंदुओं को दशार्या गया है। इसमें लोगों के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर उच्चतम न्यायालय के प्रभाव का भी वर्णन किया गया है।

### आईपीएल की मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी सऊदी अरब के जेद्दाह में 24-25 नवंबर को आयोजित की जायेगी। यह दूसरी बार है जब आईपीएल की नीलामी विदेश में हो रही है। हाल ही में सभी फ्रैंचाइजी ने कुल मिलाकर 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया था, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर- ऑलराउंडर हेनरिक क्लासेन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 23 करोड़ रुपए सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया है। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) और वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन (लखनऊ सुपर जायंट्स) 21करोड़ रुपये की राशि के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे महंगे रिटेंशन रहे। दो दिवसीय नीलामी में राजस्थान रॉयल्स के पास 41करोड़ का सबसे छोटा बजट होगा क्योंकि राजस्थान की टीम उन दो टीमों में से एक थी जिन्होंने अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है।

## आईएनडीआईए ने सात गारंटियों के साथ जारी किया झारखंड विस चुनाव का घोषणा पत्र

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए आईएनडीआईए ने मंगलवार को राजधानी रांची के एक होटल में घोषणा पत्र जारी किया। घोषणापत्र में गठबंधन ने कई बड़े दावे किए हैं। गठबंधन ने मेनिफेस्टो में सात गारंटियों का ऐलान किया है।

इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राजद के जयप्रकाश नारायण यादव, सीपीएम एमएल के शुभेंदु सेन आदि मौजूद थे।



### गठबंधन की सात गारंटियां

**1 गारंटी 1932 आधारित खतियान की**
1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाने, सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षण को संकल्पित।

**2 गारंटी मंईयां सम्मान की**
दिसंबर से मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत 2,500 रूपए की सम्मान राशि दी जाएगी।

**3 गारंटी सामाजिक न्याय की**
एसटी को 28 प्रतिशत, एससी को 12 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत और अल्पसंख्यक के हितों का संरक्षण करने के लिए संकल्पित। इसके साथ पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन के लिए संकल्पित।

**4 गारंटी खाद्य सुरक्षा की**
प्रति व्यक्ति सात किलो राशन वितरित किया जाएगा। इसके साथ राज्य के हर गरीब परिवार को 450 रूपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

**5 गारंटी रोजगार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की**
झारखण्ड के 10 लाख युवक और युवतियों को नौकरी व रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ करीब 15 लाख तक परिवारिक स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा।

**6 गारंटी शिक्षा की**
राज्य के सभी प्रखण्डों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। इसके साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लाते हुए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 500-500 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाया जाएगा।

**7 गारंटी किसान कल्याण की**
धान के एमएसपी को 2400रूपए से बढ़ाकर 3200रूपए करने के साथ लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरोंजी, साल बीज आदि के समर्थन मूल्य में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी।

## झारखंड की खनिज संपदा पर है भाजपा की नजर :हेमंत सोरेन

बिभा संवाददाता



**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को चतरा जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय में चुनावी सभा की। सिमरिया विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नजर झारखंड के खनिज संपदा, जल-जंगल एवं जमीन पर है। वे बड़े पैमाने पर पूंजीपति मित्रों को स्थापित करना चाहते हैं और यहां के लोगों को विस्थापित करने की मंशा है। गरीबों और आदिवासियों का जल-जंगल, जमीन की बात एक जुमले की तरह बड़े-बड़े मंचों से वे बोलते हैं। इस राज्य में उद्योग से लेकर खनन में अपने व्यापारी मित्रों को बैठना चाहते हैं। यहां के आदिवासियों और मूल वासियों को बेदखल करने का इनकी सोची समझी षड्यंत्र है। ये आपके बीच घुसकर हमें बिखरने का प्रयास करते हैं।

उन्होंने कहा कि 25 वर्षों के झारखंड में ये 20 वर्षों तक सिंहासन पर बैठे रहे। डबल इंजन की सरकार में यहां के लोगों में कोई बदलाव नहीं हुआ। पूंजीपतियों को मदद पहुंचाने के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा व केंद्र सरकार आज तक कितने आदिवासी, दलित, मूलवासी व अल्पसंख्यक का भला किए हैं। सिर्फ हिंदू व मुस्लिम करके लड़ाना चाहते हैं। घुसपैठ मेरा व्यक्तिगत मामला नहीं है। यह राष्ट्र का मामला है। केंद्र सरकार इसे नियंत्रित करती है। इस मामले पर देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को बताना चाहिए आखिर घुसपैठियों क्यों बढ़ रहे हैं। देश और सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा केंद्र सरकार पर है। ऐसे में यह इस मसले को उछालकर राज्य सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। इनका वश चले तो जात धर्म के नाम पर एक दूसरे में फूट डलवाते ही हैं अब यह घर-घर लड़वाना भी शुरू कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जनता इन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। हमने राज्य में विस्थापन आयोग भी बनाया है। हर एक विस्थापित को हक-अधिकार देने का काम करेगी अबुआ सरकार। चतरा के लोगों ने विस्थापन का दर्द सहा है। भाजपा बतायें कि इनके लिए क्या किए। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक दर्जन मुख्यमंत्री, दो दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री मंडराने लगे हैं। आसमान में जितने भी गिद्ध मंडरा रहे हैं तीर धनुष की वार से सभी को जमीन पर लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि झारखंड में ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत से घटकर 14 प्रतिशत बाबूलाल मरांडी व भाजपा सरकार ने किया। ये गैस सिलेंडर ?500 में देने की बात करते हैं। 2014 से लेकर आज तक वे महंगे गैस सिलेंडर बेचते रहे। आज असम, मध्य प्रदेश, यूपी और छत्तीसगढ़ में ये दाम कम क्यों नहीं करते हैं। आदिवासी व गरीब विरोधी भाजपा वाले यह कभी नहीं चाहते हैं कि एक गरीब आदिवासी उनके बगल में बैठे। उन्होंने अपने शासनकाल में किए कार्यों को रखा और कहा कि महिला सशक्तिकरण अबुआ सरकार ने किया है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से पार्टी प्रत्याशी मनोज चंद्रा को जीताने की अपील की

## लोकगायिका शारदा सिन्हा का निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा का मंगलवार रात दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वह 72 वर्ष की थीं। सिन्हा को पिछले महीने एम्स के कैंसर संस्थान, इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर हॉस्पिटल (आईआरसीएच) की गहन देखभाल इकाई में भर्ती कराया गया था। एम्स के एक अधिकारी ने बताया, शारदा सिन्हा का सेप्टीसीमिया के कारण रिफ्रैक्टरी शॉक के चलते रात नौ बजकर 20 मिनट पर निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रख्यात लोक गायिका शारदा के निधन पर शोक जताया और कहा कि उनका जाना संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सुप्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनके गाए मैथिली और भोजपुरी के लोकगीत पिछले कई दशकों से बेहद लोकप्रिय रहे हैं। उन्होंने कहा, आस्था के महापर्व छठ से जुड़े उनके सुमधुर गीतों की गूंज भी सदैव बनी रहेगी। उनका जाना संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति!



## सीबीआई की छापेमारी में 60 लाख नकदी एक किलो सोना और कागजात बरामद

बिभा संवाददाता




**रांची।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध पत्थर खनन से संबंधित मामले में मंगलवार को झारखंड में छापेमारी की है। इनमें राज्य की राजधानी रांची में तीन स्थानों, गुमला जिले में एक स्थान और साहेबगंज जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी हुई है।

सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक की तलाशी में 60 लाख रुपये से अधिक नकदी, एक किलो से अधिक सोना, 1.2 किलो चांदी, सोने के आभूषण, मोबाइल, 61 जिंदा कारतूस (9 मिमी), संपत्तियों से संबंधित बिक्री विलेख, निवेश और शेल कंपनियों से संबंधित दस्तावेज, समझौते के कागजात और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। जांच से पता चला है कि साहेबगंज जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन गतिविधियों ने कथित तौर पर सरकार को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। साथ ही खनन कानूनों के उल्लंघन किया गया है।

क्षेत्रीय जांच से पता चलता है कि प्रमुख व्यक्ति और संस्थाएं अपनी गतिविधियों को छिपाने और अवैध रूप से प्राप्त संसाधनों, धन को डायवर्ट करने के लिए कई तरीकों का इस्तेमाल करते हुए इस ऑपरेशन में कथित रूप से शामिल थीं। प्रारंभिक जांच में ऐसे साक्ष्य एकत्र किए गए, जिनसे पता चला कि अवैध खनन गतिविधि को अंजाम देने और इस प्रकार प्राप्त आय को छिपाने के लिए प्रमुख व्यक्तियों और फर्मों की संलिप्तता और सांठगांठ थी। सीबीआई ने जिन लोगों के यहां छापेमारी की है, वे सभी पंकज मिश्रा के करीबी बताए जा रहे हैं। छापेमारी उन संदिग्धों के परिसरों में की जा रही है, जिनकी भूमिका आगे की जांच के दौरान सामने आई है। जांच जारी है।

सीबीआई ने 20 नवम्बर, 2023 को आईपीसी की धारा 120बी के साथ 34, 379, 323, 500, 504 और 506, आर्म्स एक्ट की धारा 27, एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(5) और झारखंड खान एवं खनिज रियायत नियम 2004 की धारा 4/54 के तहत झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर तत्काल मामला दर्ज किया था।

### यहां हुई छापेमारी

- रांची में नेताओं व नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश, सीए जयपुरियार आदि के ठिकानों पर छापेमारी।
- साहिबगंज के बड़हरवा में भगवान भगत के आवास व कार्यालय में छापेमारी। यहां से एक किलोग्राम सोना व नाइन एमएम के 61 कारतूस मिले।
- उधवा में पत्थर कारोबारी महताब आलम के आवास पर छापेमारी। यहां उनके भाई अफताब आलम, मोहम्मद सलाउद्दीन व मोहम्मद अलाउद्दीन से पूछताछ हुई।
- मंडरो, मिर्जा चौकी के चार पत्थर कारोबारियों के यहां छापेमारी। एक कारोबारी रंजन वर्मा के ठिकाने से 47 लाख रुपये नकदी मिले।
- मिर्जा चौकी के पत्थर कारोबारी रंजन वर्मा, संजय जायसवाल, टिंकल भगत व अवध किशोर सिंह उर्फ पतरू सिंह के यहां छापेमारी।
- बड़हरवा बस स्टैंड के समीप स्थित सुब्रोतो पाल के कार्यालय व बड़हरवा मुनिया होटल स्थित कृष्णा साह के घर छापेमारी।
- बड़हरवा प्रखंड के दुगार्पुर मुनिया होटल के पास पत्थर कारोबारी कृष्णा साह के आवास पर छापेमारी।

## वाइबीएन यूनिवर्सिटी के संचालक के घर छापा, 67.62 लाख बरामद

बिभा संवाददाता



**रांची।** रांची और सिल्ली विधानसभा चुनाव में अवैध संसाधनों का इस्तेमाल कर चुनाव को प्रभावित करने की सूचना पर मंगवार को पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने वाइबीएन यूनिवर्सिटी के संचालक (चेयरमैन) रामजी यादव के चार ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें नामकुम के राजाउलातू स्थित वाइबीएन यूनिवर्सिटी ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सिदरौल स्थित मां कलावती अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर, कवाली सियार टोली स्थित बीएड कॉलेज और चुटिया की साउथ रेलवे कॉलोनी पंचवटी चौक स्थित आवास शामिल हैं। छापेमारी के दौरान इनके घर से 67,62,620 रुपये नकद, हीरे का एक हार, 535 ग्राम सोना व 1600 ग्राम चांदी के आभूषण, 73 लाख का एफडी बांड और बैंक से संबंधित दस्तावेज बरामद किये गये हैं।

छापेमारी का नेतृत्व सिटी डीएसपी और हेहल सीओ कर रहे थे। टीम में आठ पुलिस अफसरों के अलावा करीब 100 की संख्या में पुलिस बल शामिल थे। पुलिस-प्रशासन की टीम ने रामजी यादव के शिक्षण संस्थानो एवं अस्पताल में छापेमारी की। इन जगहों पर टीम को कुछ नहीं मिला। इसी दौरान पुलिस की एक टीम रामजी यादव के घर पहुंची और वहां से तलाशी शुरू की। यहां छापेमारी के दौरान रामजी यादव के घर वालों मौजूद थे, जबकि वे खुद शिक्षण संस्थान में मौजूद थे। उड़न दस्ते ने घर के निचले और पहले तल पर बने कमरों से 67,62,620 रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण व अन्य दस्तावेज बरामद किये। पूछताछ में रामजी यादव ने बरामद रुपयों और जेवरात को पूरी तरह वैध बताया है। चूंकि 10 लाख से अधिक नकदी बरामद हुई है, इसलिए इसकी सूचना आयकर विभाग को भी दी गयी है। बरामद रुपयों के संबंध में पुलिस आयकर विभाग के सहयोग से भी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर चुटिया थाने में रामजी यादव के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा शुरू

बिभा संवाददाता

**रांची।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार से शुरू हो गया। पहले दिन व्रतियों ने स्नान करने के बाद सात्विक भोजन, कद्दू भात, चना दाल आदि का सेवन किया। बुधवार को खरना है। दिनभर उपवास के बाद शाम में व्रती खीर-पुड़ी का प्रसाद करेंगे।

व्रती गुरुवार शाम में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगे और शुक्रवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद पारन करेंगे। इसके साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। छठ को लेकर हर जगह घाटों की साफ-सफाई व सजावट का काम चल रहा है। सरकार के साथ स्वंयसेवी संगठन इस काम लगे हुए हैं। घाटों को सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है। रांची में कई स्थानों पर सजावट का काम अंतिम चरण में हैं।



### राजधानी में सज गया छठ का बाजार

महापर्व छठ को लेकर राजधानी में तैयारी तेज हो गई है, जहां छठ घाटों को चकाचक किया गया है। नदी, डैम, तालाबों को स्वच्छ किया गया है। वहीं, राजधानी में छठ बाजार में सज-धज कर तैयार हो गये हैं। महापर्व के मौके पर राजधानी के जिला स्कूल मैदान में वर्षों से तीन दिवसीय बाजार सजता आ रहा है। यहां 250 से 300 लोग गांव, प्रखंड, पंचायात, ब्लॉक के लोग अपनी दुकाने लगाने पहुंचते हैं। मंगलवार से दुकान लग गई है। खरीदार भी पहुंचने लगे हैं। इस बाजार में हिंदु, मुस्लिम, आदिवासी सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने आस्था के महापर्व छठ पर अपनी दुकानों को सजाया है।

छठ बाजार में कांके, मांडर, रातू, ओरमांझी, डोरंडा, पूंदाग, धुर्वा, ढीपाटोली, रांची, मोरहाबादी, नामकुम, लोवाडी, डोरंडा, आदि क्षेत्र के 300 लोगों ने दुकान सजाया है। इसके अलावा राजधानी के हरमू बाजार, डोरंडा बाजार, मोरहाबादी, बरियातु, कडरु, चुटिया, हटिया, धुर्वा, पंडरा, लालपूर, कांटा टोली, अरगोड़ा, कोकर, धुर्वा, हटिया आदि क्षेत्रों में भी दुकान सजाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ईवीएम मशीन को बूथों के साथ टैगिंग के लिए किया गया रेंडमाइजेशन



**रामगढ़(बिभा):** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सामान्य प्रेक्षक टीवी सुभाष एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की उपस्थिति में 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग के लिए सेकंड रेंडमाइजेशन किया गया। सर्वप्रथम वरीय पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने 23 रामगढ़ के लिए तैयार ईवीएम की संख्या के संबंध में जानकारी दी इसके उपरांत जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने के द्वारा ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग करते रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान मुख्य रूप से निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, सहायक सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

### निर्दलीय उम्मीदवार आनंद सोरेन ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा



**चूरचू(बिभा) :** मांडू विधानसभा -24 के निर्दलीय युवा प्रत्याशी आनंद सोरेन ने कहा कि मुझे अपने समुदाय के साथ हर वर्ग का भरपूर समर्थन मिल रहा है। मांडू विधानसभा क्षेत्र के डुमरबेडा, कुंदरिया, ओरला, शिबू टोला,आरा उत्तरी, बसकुदरा,लोपोंग टांड, 20 माइल,सहित दर्जनों गाँव में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। समुदाय के लोगों ने पारम्परिक अंदाज में प्रत्याशी आनंद सोरेन को स्वागत किया।उन्होंने सम्बोधन के दरमियां युवाओं के बीच अपने घोषणापत्र के माध्यम से विकास से जुडी सारी पहलुओं की जिक्र बारीकी से किया। आनंद सोरेन ने कहा की विधानसभा चुनाव लड़ना मेरा ब्यक्तिगत सोच नहीं बल्कि मांडू विधानसभा की जनता की सोच का उपज है। जनता की भावना के साथ खिलवाड़ हुआ है। आनंद सोरेन ने कहा कि जब तक बदलाव नहीं होगा, विकास संभव नहीं है। हर वर्ग का आशीर्वाद व पूर्ण समर्थन मिल रहा है। अपने चुनाव चिन्ह कोट छाप जो क्रमांक 12 है,उसमें बटन दबाने की अपील की है।इस सभा मे राम जी हंसदा, जीतन हंसदा,आकाश हांसदा, कृष्ण मुर्मू, मनु हसदा, राहुल मुर्मू, प्रदीप कुमार, अजय बास्के, आकाश हेंब्रम, लालदेव मरांडी, रामू मरांडी, शिव नारायण हंसदा, अजय बेसरा, अनिल हेंब्रम, विजय लाल मरांडी, नरेश मांझी, अर्जुन मुर्मू सहित दर्जनों युवक उपस्थित थे।

### बच्चों ने बनाई रंगोली किया मतदाताओं को जागरूक



**बेड़ो(बिभा)।** मंगलवार को प्रखंड परिसर में स्वीप की कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता अभियान को लेकर बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए रंगोली के माध्यम से मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। प्रखंड के कई स्कूलों की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर मतदाताओं को न केवल जागरूक करने का काम किया बल्कि सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी द्वारा बच्चों के छात्रों के हुनर का न केवल अवलोकन किया बल्कि उनके कार्यों की सराहना की। और बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्रों को पुरस्कार से भी नवाजा गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, प्रधान लिपिक फारूक नदीम, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, इलेक्शन प्रभारी राजेश कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

### कैम्बो में हुई छठ घाट की साफ-सफाई



**मांडर(बिभा) :** आस्था का महापर्व छठ पूजा की व्यापक तैयारी शुरू हो गई है। पर्व को लेकर छठ घाटों में साफ-सफाई की जा रही है। हिन्दु संघर्ष समिति कैम्बो के अध्यक्ष सुदामा सिंह ने दा छठ घाट की साफ सफाई कराई। मांडर प्रखंड के कैम्बो गांव के नदी छठ घाट में युवकों के पहल व जेसीबी मशीन के द्वारा घाट की साफ-सफाई कराया गया। समाज सेवी भोलु सिंह ने बताया कि छठ पूजा में घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए घाट को दुरुस्त किया जा रहा है। इस दौरान सुदामा सिंह ,मंटु सिंह, छोटू उत्तम, पहलवान सिंह, उपेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, नितेश सिंह,आदि शामिल रहे। इन्होंने बताया कि घाट पर पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।

### इमरान प्रतापगढ़ी आज रांची में

**रांची(बिभा)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी कल 06 नवम्बर को झारखंड पधारेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने बताया कि इमरान प्रतापगढ़ी कल अपराह्न 12:50 बजे रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के नेतृत्व में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीगण द्वारा ढोल-नगाड़ा एवं झारखंडी अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया जाएगा।

# बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए काम करेंगे: अजय नाथ शाहदेव

बिभा संवाददाता



**रांची :** हटिया विधानसभा में आपके बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों के समकक्ष बनाऊंगा। अमीर गरीब किसी के भी बच्चे हों शिक्षा में पक्षपात में नहीं होने दूंगा। मुझ पर विश्वास कीजिए और इस बार एक मौका मुझे दीजिए।
उक्त बातें हटिया से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने आज अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि हटिया के शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में सरकारी शिक्षा को दुरूस्त करेंगे। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए काम करेंगे। स्कूलों में अच्छे शिक्षक, खेल शिक्षक, संगीत शिक्षक साथ ही अन्य गतिविधियों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र छात्राओं के लिए कालेज आने जाने के लिए मुफ्त बस की व्यवस्था करेंगे। उच्च शिक्षा के वंचित रह जाने वाले गरीब असहाय छात्रों के लिए विशेष फंड की व्यवस्था व्यक्तिगत स्तर से करेंगे। छात्रों के लिए मुफ्त लाइब्रेरी की व्यवस्था सभी जगह होगी।
ये सब पूरा करने का मेरा संकल्प है।आप सब हाथ छाप में वोट देकर जिताएं और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए एक मौका मुझे दें।
श्री शाहदेव ने आज हटिया,लटमा, सोलंकी,हेसाग,हिनू,पीटरटोली,अपर हटिया सहित अनेक स्थानों में पदयात्रा और बैठकें की। उनके साथ सभी जगहों पर काफी संख्या में पुरुष, महिलाएं व कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

### झारखंड आत्या-पात्या बालिका टीम तमिलनाडु रवाना




**रांची :** झारखंड राज्य आत्या-पात्या बालिका टीम 35वीं जुनियर राष्ट्रीय आत्या-पात्या प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राँची रेलवे-स्टेशन से इरोड, तमिलनाडु के लिए प्रस्थान करेगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता इरोड तमिलनाडु में दिनांक 8 से 10 नवम्बर तक आयोजित है। टीम की घोषणा झारखंड राज्य आत्या-पात्या एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने पिछले माह राँची में आयोजित जुनियर राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर किया गया ।

## लापुंग प्रखंड के दर्जनों गांवों में ग्रामीणों से भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने किया संवाद





बिभा संवाददाता

**लापुंग :** प्रखण्ड स्थित मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी सनी टोप्पो ने लापुंग प्रखंड के चालंगी हुलसु कथ कुंवारी जरिया जमाकोल बका केरा महूगांव तपकारा बरटोली टांगर केला बड़का कुरा बोकरौंदा बरईडीह मलगो चटकपुर
गांव में लोगों से जनसंपर्क करके भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की और कहा कि मांडर विधानसभा की जनता इस बार परिवर्तन करने के लिए तैयार है हम सब मिलकर मांडर में परिवर्तन करेंगे और विधानसभा क्षेत्र को विकसित करने के लिए अपना हर संभव प्रयास करेंगे और आपका बेटा सन्नी टोप्पो आपसे यह वादा करता है की मांडर में कमल खिलते ही हम सब मांडर विधानसभा क्षेत्र के चहूमुखी विकास के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करेंगे।
वहीं दूसरी और विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल बेड़ों इटकी मांडर नरकोपी लापुंग चानहो बिजूपाड़ा टंगरबसली में सभी मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं ने गली मोहल्लों में भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो के पक्ष में प्रचार किया और लोगों से आग्रह किया की आगामी 13 नवंबर को क्रम संख्या 3में कमल फूल छाप में बटम दबाएं।
वही आजसु के केंद्रीय सचिव आशुतोष तिवारी जिला अध्यक्ष कमल साहू दिनेश उपाध्याय सहित सैकड़ो आजसू के कार्यकताओं ने भी गठबंधन के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो के पक्ष में गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार किया। मुख्य रूप से जिप सदस्य हिन्दीया टोप्पो दुर्गा उरांव मुखिया राजकमल गोप , बिगना नायक नारायण साहू मंगलू पहान डॉ खिलावनसाहू गोपाल उरांव विजय महतो पूरंजय महतो अरविंद सिंह राज किशोर महतो राजकुमार तिर्की आलोक मिश्रा मुकेश प्रसाद बली सिंह रंजन अधिकारी नीतू कुजूर बजरंग सिंह राजीव गुप्ता अविनाश गुप्ता दीपक पांडे तेजू दास जयप्रकाश साहू इनामुल हक हामिद अंसारी उपेंद्र महली करमा उरांव अनिल उरांव सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता इस बार मांडर में चुनाव जीतने के लिए कमर कसकर मेहनत कर रहे हैं

## चुनाव आयोग के निर्देश का सख्ती से करें पालन : बीडीओ



बिभा संवाददाता

**बेड़ो।** चुनाव आयोग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चुनाव से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए कई अहम निर्देश भी दिए गए। मंगलवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी की मौजूदगी में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट , बीएलओ , चुनाव प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अपनी जिम्मेदारियां को भली भांति समझने का काम किया। लगभग 1 घंटे तक चली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ने चुनाव से संबंधित जमीनी सतह पर कई अहम निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सफलता पूर्वक वोटिंग करना और संपूर्ण चुनाव को संपन्न करना ही प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। लिहाजा इलेक्शन के महत्व को कभी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। और यह जरूरी है कि चुनाव से संबंधित हम अपने कर्तव्य का निर्वाह समय पर शत प्रतिशत करना सुनिश्चित कर लें। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दें। मौके पर चुनाव से संबंधित सभी पदाधिकारी बीएलओ आदि उपस्थित थे।

## सिल्ली में पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र महतो के लिए जयराम ने मांगा वोट

बिभा संवाददाता



**सिल्ली:** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा अपने चुनावी रेस में है। जनसंपर्क और जनसभा चलाई जा रही है। आज मंगलवार को सिल्ली बदलाव महासभा चलाया गया। यह विशाल महासभा पतराहातु मैदान सिल्ली में किया गया। जनता में काफी जोश और उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो रहे। रामपुर में शहीद दिलीप बेदिया को माल्यार्पण करते हुए सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश किया। सभा में प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो के लिए क्रम संख्या 6 कैंची छाप में मतदान का अपिल किया गया। हजारों की भरी सभा में हेमंत सोरेन के परिवार पर खूब गरजे। और वर्तमान विधायक सुदेश महतो के निजी बढ़ते धन संपत्ति के विकास के पैमाने पर भी बोला। और नए बदलाव के लिए जनता से मतदान का अपील किया। वहीं प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो ने सत्ता भोगी नेता एवं दल बदलू नेता से सावधान करते हुए अपने सिल्ली क्षेत्र में क्षेत्रीय चुनावी मेनिफेस्टो पर भाषण दिया। और कहा कि हमारा सिल्ली विधानसभा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। किसानों के इस आजीविका कृषि से व्यावसायिक कृषि में हम बदलने का काम करेंगे। राढु नदी,स्वर्ण रेखा एवं कांची नदी से लिफ्ट इरीगेशन करते हुए सिंचाई का काम किया जाएगा। रोजगार और स्वरोजगार सृजित किया जाएगा।
पतराहातु के सभा में महावीर साहू, राजू महतो, मोहरी देवी, विमल महतो, अभिकर्ता राजीव कुमार एवं सुभाष चंद्र, कृष्णा महतो, खुदीराम आदि वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रामगढ़ में जेबीवीएनएल ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्कशॉप में लगी भीषण आग, करोड़ों का नुकसान

प्रकाश पटवारी/बिभा



**रामगढ़:** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) रामगढ़ में देर रात्रि भीषण आग लग गई. जिसके कारण जेवीवीएनएल को करोड़ों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। रामगढ़ जिले का झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) का जिला प्रमंडल ऑफिस में कैंपस में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) भी है. इलके साथ ही इसी कैंपस में बिजली विभाग के कर्मियों के रहने के आवास भी है. यहां अचानक देर रात करीब दस बजे ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) से भीषण आग की लपटे उठने लगी और देखते ही देखते ये लपटें आसमान छूने लगी. आग के कारण गोदाम में रखें ट्रांसफार्मर में डालने जाने वाले तेल के ड्रम फटने लगे और आग की तीव्रता और बढ़ने लगी। आग की भयावहता को देख स्थानीय लोगों के साथ-साथ बिजली विभाग के कर्मियों ने अधिकारियों के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की टीम, पुलिस की टीम को फोन किया. जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आग की विकराल स्थिती को देखकर स्थानीय पुलिस ने मिलिट्री फायर ब्रिगेड की गाड़ी, सीसीएल से फायर ब्रिगेड की गाड़ी, (टाटा) वेस्ट बोकारो घाटों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए बुलाया, करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग आठ फायर ब्रिगेड के गाड़ियों द्वारा आग की तीव्रता को कम किया गया और फिर आग पर काबू पाया गया.
आग कैसे लगी इसकी जानकारी मांगने पर पर एक आला अधिकारी ने बताया कि बिजली से संबंधित कार्य होने के कारण प्रथम द्रष्टा शार्ट सर्किट ही लग रहा है। नुकसान कितना हुआ यह बिजली विभाग के कर्मी और अधिकारी फिलहाल बताने में असमर्थ दिख रहे हैं लेकिन आग कि भयावता और भीषणता को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ट्रांसफर तेल सहित औजार आदि समान इस आग में जलकर स्वाहा हो गए हैं।
बताया जाता है कि ट्रांसफर कि बाडी व कौईल आदि भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने का अनुमान है इस संबंध में एसडीओ विद्युत से संपर्क करने पर इसकी संख्या बताने में असमर्थ थे व अन्य अधिकारी को इसकी जानकारी होने कि बात बताई गई।

#### आग लगने के कारण रामगढ़ जिले के उपभोक्ताओं को होगी परेशानी

रामगढ़ जिले के बिजली उपभोक्ताओं को आने वाले दिनों में यदि कोई ट्रांसफार्मर का तेल या ट्रांसफार्मर से जुड़ी कोई भी समस्या होगी तो उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. वर्तमान समय में ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्कशॉप को सुचारू रूप से संचालित होने में काफी समय लग सकता है, क्योकि आग के कारण पूरा वर्कशॉप एक तरह से जल कर स्वाहा हो गया है।


## प्रेक्षकों ने सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों संग की बैठक

बिभा संवाददाता



**रामगढ़:** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा हेतु सामान्य प्रेक्षक 22- बड़कागांव वी सरवना, पुलिस प्रेक्षक 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र देवब्रत दस एवं व्यय प्रेक्षक, 22 बड़कागांव सुमेंदु कुमार दास एवं 23रामगढ़ व्यय प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र पीयूष शुक्ला की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय परिसर स्थित टाउन हॉल में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार 22- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्ति सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।
बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टि से किए गए तैयारी की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान निवार्ची पदाधिकारी 22 बड़कागांव दीप्ति प्रियंका कुजूर ने बड़कागांव एवं केरेडारी अंतर्गत आने वाले बूथों के संबंध में जानकारी दी।
बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा बारी-बारी से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करने के उद्देश्य से बैठक में उपस्थित 22- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारी की दुविधाओं को भी दूर किया गया।
बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 में चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यों का सही से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर सहित जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अजय नाथ शाहदेव की पत्नि ने किया जनसंपर्क



**रांची :** हटिया विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव जी की धर्मपत्नी अरुंधती शाहदेव एवं बड़ी बहन सरिता देव ने नेपाल हाउस, एच.ई.सी कॉलोनी, पीपर टोली, हुंडरू, हिनू सहित अन्य स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया।

### राज्यपाल से भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें सदैव अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु तत्पर रहने का संदेश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### आरपीएफ ने सात पैकेट गांजे के साथ एक को किया गिरफ्तार



**रांची(बिभा):** रांची मण्डल मे आरपीएफ के मण्डल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार के निर्देश पर गांजे तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है उसी क्रम मे आरपीएफ पोस्ट हटिया तथा रांची आरपीएफ कि फ्लाइंग टीम साथ मिलकर हटिया के पोस्ट कमांडर रूपेश कुमार के देखरेख मे हटिया स्टेशन पर चेक करने के क्रम मे प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर एक व्यक्ति को संदेहास्पद अवस्था मे एक ट्रॉली बैग के साथ बैठा देखा। उससे पूछताछ मे उसने अपना नाम नवीन कुमार उम्र 23 वर्ष, पिता राम अयोध्या साहनी, पता मोतीपुर, मुजफ्फरपुर(बिहार) तथा उसने बताया कि उसके बैग मे गाँजा(मरुजुआना) है। तत्पश्चात इसकी सूचना आरपीएफ ने अपने सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह को दिया। सहायक सुरक्षा आयुक्त के हटिया पहुचने पर उस बैग को खोलकर चेक किया गया जिसके अंदर सात पैकेट गाँजा मिला जिसका टेस्ट करने उपरांत उसे एएसआई रवि शेखर द्वारा जब्त किया गया तथा उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करके दोनों को जीआरपी हटिया को सौप दिया गया। बरामद गांजे का अनुमानित कीमत 70,000 रुपए पाया गया।

### पत्रकार मोहम्मद हसन उर्फ मक्की सुपुर्द-ए-खाक



**रांची(बिभा):** निहायत ही अफसोस की बात यह है कि पत्रकार मोहम्मद हसन उर्फ मक्की दिवाली की छुट्टी में अपने रिश्तेदार के यहां बिहार के दरभंगा में शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे. तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, आज 5 नवंबर को मगरिब की नमाज के बाद उन्हें उनके पैतृक गांव में दफनाया गया। इस खबर की जानकारी जैसे ही लोगों को हुई तो उनके रिश्तेदारों और दोस्तों समेत पत्रकारिता जगत के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। वह अपने पीछे एक बेटी समेत पूरा परिवार छोड़ गए। वो काफी सालों से पत्रकारिता दुनिया से जुड़े हुए थे और वर्तमान में उर्दू दैनिक जदीद भारत, राँची के संपादकीय विभाग में अपनी बहुमूल्य सेवाएँ दे रहे थे। उक्त की उम्र लगभग 43 वर्ष थी। और वह बहुत ही गंभीर और जिंदादिल इंसान थे जो लोगों का दुख दर्द बांटते थे.हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह मृतक को क्षमा करें और परिवार को धैर्य प्रदान करें।

### स्वच्छ भारत व पौधरोपण उप समिति की बैठक



**रांची(बिभा) :** झारखण्ड चेंबर के स्वच्छ भारत व पौधरोपण उप समिति की बैठक आज चैंबर भवन में हुई। पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए उप समिति द्वारा वर्ष भर पर्यावरण, स्वच्छता और पौधरोपण के कार्यक्रम करने की सहमति बनाई गई। उप समिति चेयरमेन किशन अग्रवाल ने राज्यस्तर पर इस पहल को गति देने के लिए चेंबर के सभी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष से भी समन्वय बनाकर कार्रवाई करने की बात कही। यह निर्णय लिया गया कि अगले माह उप समिति द्वारा इस विषय पर सभी प्रमंडलों के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष से ऑनलाइन बैठक भी की जायेगी। चैंबर भवन में फिल्म कला एवं संस्कृति उप समिति की एक अन्य बैठक भी हुई जिसमें सभी सदस्यों से विधानसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की गई। बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, सह सचिव नवजोत अलंग, उप समिति चेयरमेन किशन अग्रवाल, आनंद जालान, सदस्य रवि दत्त, परमजीत सिंह चाना उपस्थित थे।

### भाजपा ने 30 बागियों को पार्टी से छह वर्षों के लिए किया निष्कासित

**रांची(बिभा)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशन पर महामंत्री व सांसद डॉ.प्रदीप वर्मा ने विधानसभा चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे ऐसे 30 भाजपा के बागी नेताओं को पार्टी से 6 वर्षों के लिये निष्कासित किया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती चंद्रमा कुमारी पलामू ,श्रीमती कुमकुम देवी हजारीबाग, श्रीमती लक्ष्मी देवी पलामू,श्रीमती जूली यादव दुमका ,बलवंत सिंह लातेहार, अरविंद सिंह खरसावां, बटेश्वर मेहता हजारीबाग, भैय्या बांके बिहारी हजारीबाग,चितरंजन साव बोकारो,कर्नल संजय सिंह पलामू, हर्ष अजमेरा हजारीबाग, हजारी प्रसाद साहू रांची ग्रामीण, मिसिर कुजूर गुमला, मिस्त्री सोरेन पाकुड, मुकेश कुमार शुक्ला पाकुड, पुष्परंजन पलामू, राजकुमार सिंह जमशेदपुर महानगर,रामावतार केरकेट्टा रांची ग्रामीण,रामदेव हेम्ब्रम पूर्वी सिंहभूम,रामेश्वर उरांव लोहरदगा, संतोष पासवान लातेहार, शिवचरण महतो पाकुड,शिवशंकर बड़ाइक खूंटी,शिव शंकर सिंह जमशेदपुर, सुरेंद्र मोदी हजारीबाग, उपेंद्र यादव गढ़वा, उमेश भारती चतरा,विकास सिंह जमशेदपुर महानगर, विमल बैठा जमशेदपुर महानगर, विनोद सिंह पलामू को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया है।

### हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर को रोके जाने संबंधी मामले पर सीईओ ने लिखा एयरपोर्ट अथॉरिटी को लिखा पत्र

**रांची(बिभा):** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा उनके स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर रोके जाने की शिकायत प्राप्त हुई है. संबंधित मामले पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 6 नवंबर की सुबह तक वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए पत्र लिखा है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी प्रत्याशियों के लिए एकसमान अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से राज्य में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों का अनुपालन कराया जा रहा है. उन्होंने कहा है कि इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो और कोई संवादहीनता न रहे इस बात को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ 23 अक्टूबर को निर्वाचन सदन में राजनीतिक दलों संग एयरपोर्ट अथॉरिटी की बैठक भी आयोजित की गई थी. बैठक में सभी राजनीतिक दलों को एयरपोर्ट अथॉरिटी के वीआईपी मूवमेंट से संबंधित दिशा निदेशों से अवगत कराते हुए संशय की स्थिति में संपर्क करने के लिए नंबर भी साझा किए गए थे. ताकि विधानसभा निर्वाचन में सभी के लिए एक समान अवसर प्राप्त हो.

---

**छुट्टियों में भी युद्धस्तर पर पोस्ट ऑफिस द्वारा बांटे जाएंगे बचे हुए वोटर आईडी कार्ड**

# वोटर आईडी कार्ड ससमय मतदाताओं तक पहुंचे : के रवि

बिभा संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे यह प्राथमिक उद्देश्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु सम्मिलित रूप से प्रयास अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी वोटर आईडी कार्ड ससमय मतदाताओं तक पहुंचे इस हेतु डाक विभाग एक अहम भूमिका निभा रहा है। रोजाना हजारों की संख्या में पूरे राज्य में डाक विभाग द्वारा मतदाता पहचान पत्र बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी कई मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के उपरांत भी उनका वोटर आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं हो पाया है। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन में डाक विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे ।

उन्होंने डाक विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी छुट्टियों में भी डाक विभाग को खुला रखकर वोटर आईडी के वितरण का कार्य पूरी तेजी के साथ किया जाए, जिससे मतदाता सूची में पंजीकृत सभी मतदाताओं को उनका मतदाता पहचान पत्र प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता, जिनका नाम मतदाता सूची में है पर अबतक वोटर आईडी कार्ड प्राप्त नहीं हो पाया है, वे 1950 पर कॉल कर अपने बीएलओ अथवा बीएलओ सुपरवाइजर से सम्पर्क कर इससे संबंधित जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस हेतु संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से भी संपर्क किया जा सकता है। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा डाक घर के साथ समन्वय करते हुए वोटर आईडी कार्ड के वितरण का कार्य कराया जाएगा।

श्री कुमार ने कहा कि डाक विभाग के वरीय पदाधिकारी इस हेतु अपने स्तर से पूरे राज्य के पोस्ट मास्टर को निर्देशित करें एवं आयोग द्वारा प्राप्त सभी वोटर आईडी कार्ड का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराएं।

इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय के सहायक निदेशक श्री निरंजन कुमार, इंस्पेक्टर पोस्ट सुश्री कुमकुम कुमारी सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं डाक विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

### रांची गोशाला न्यास का गोपाष्टमी महोत्सव नौ को




**रांची।** श्री कृष्ण गोपाष्टमी महोत्सव के दिन नौ नवंबर को रांची गोशाला परिसर हरमू रोड में 120वां महोत्सव मनाया जाएगा। रांची गोशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने मंगलवार को बताया कि सुबह 7.30 बजे श्री गणेश पूजन और हवन के साथ महोत्सव की शुरूआत होगी। गो पूजन और गो दर्शन गोशाला प्रांगण में दिन भर जारी रहेगा। इस उपलक्ष्य में सुबह 8 बजे से गोशाला में तुलादान की शुरूआत हो जाएगी। मंत्री प्रदीप राजगढ़िया ने बताया कि गोपाष्टमी पर तुलादान का विशेष महत्व है। गोशाला ट्रस्टी शत्रुघ्न लाल गुप्ता, ओमप्रकाश छापड़िया, रतन जालान, प्रकाश चंद्र सेठी, हरिकिशन बजाज, किशन लाल चौधरी एवं अन्य सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

---

## मतदाता पर्ची, मतदाता पहचान पत्र जैसा नही: रवि

**आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 151.56 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त**

**चुनाव कार्य में स्वंयसेवी संस्थाओं का उपयोग नहीं करने का निर्देश भारत निर्वाचन आयोग का**

बिभा संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पर्ची, मतदाता पहचान पत्र नहीं है। पूर्व में ऐसा देखने को मिला है कि मतदाता पर्ची को पहचान पत्र समझ कर मतदान करने पहुंच जाते हैं और अनावश्यक रूप से परेशान होते हैं। मतदाता पहचान पत्र के अलावा कुल 12 तरह के आइडी प्रूफ मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत है। उसके अतिरिक्त किसी भी तरह के अन्य पहचान पत्र मतदान के लिए वैध नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए मतदाता पर्ची वितरण 8 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कार्य करेंगे। इस बार मतदाता पर्ची में अंकित सीरियल नंबर और पार्ट नंबर को घेरे में दशार्या गया है, ताकि मतदाता उन दोनों नंबरों को नोट कर मतदान केंद्र पर जाएं और आसानी से अत्यल्प समय में अपना नाम खोज सकें और मतदान के लिए सही कतार में खड़ा हो सकें। इससे जहां समय की बचत होगी, वहीं मतदान की गति भी बढ़ेगी। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के कर्मियों को चुनाव कार्य से अलग रखने के लिए कोई निर्देश निर्वाचन आयोग की ओर से नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में चुनाव के दौरान शिकायत मिलने के बाद से भारत निर्वाचन आयोग का स्वंयसेवी संस्थाओं, स्वंय सहायता ग्रुप, एनजीओ आदि को चुनाव कार्य से अलग रखने का स्टैंडिंग आर्डर है, जिसके आलोक में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 151.56 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की जा चुकी है। विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र और भयरहित बनाने के लिए एजेंसियों के द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। उसी का परिणाम है कि लोकसभा चुनाव से अधिक की जब्ती अब तक हो चुकी है।

---

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री को रोका जाना साजिश: सुप्रियो

बिभा संवाददाता

**रांची।** झामुमो के राष्ट्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हमने चार तारीख को एक पत्र राष्ट्रपति को दिया है। पत्र बहुत ही गंभीर है। सभी को मालूम है कि चाईबासा क्षेत्र जंगलों से घिरा हुआ है। नक्सल मूवमेंट वहीं से होते हैं। वहां मोबाईल का टावर भी नहीं है। ऐसे में उस जगह डेढ़ घंटे से अधिक समय तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रोकना और एटीसी द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जाना यह दशार्ता है कि यह बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश है। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री को साजिश के तहत रोका जा रहा है। इसी से संबंधित पत्र मेरे जरिये राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखा गया है।

भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा में बंटी और बबली का संबंध है। यहां के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संग हमारी बैठक हुई थी। बताया था कि 15 नवंबर तक राज्य में पर्व-त्योहार हैं, उसके बावजूद 13 को चुनाव कराया जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश में इसी 13 नवंबर को चुनाव था, वहां 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार है, इसलिए चुनाव की तिथि को बढ़ा कर 20 नवंबर कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भी त्योहारों को लेकर 15 नवंबर के बाद चुनाव कराने की मांग की गयी थी, पर आयोग माना नहीं। यहां 13 नवंबर को चुनाव हो रहा है। उन्होंने दोहराया कि हमारे मुख्यमंत्री को जंगल में बैठाया गया। चुनाव आयोग का पूरा रवैया गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि झामुमो के मामले में अलग और भाजपा के मामले में अलग रवैया अख्तियार किया जाता है।

---

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में खेरवार भोक्ता समाज के नेता रामनाथ गंझू ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया

## भाजपा आदिवासी समाज की भावनाओं की करती है सम्मान: रविन्द्र राय

बिभा संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र राय ने कह की रामनाथ गंझू के सामाजिक सक्रियता का सम्मान करता हूं । भोक्ता को आदिवासी की दर्जा का मांग वर्षों से चली आ रही थी जिसे मोदी सरकार ने आदिवासी का दर्जा देने का काम किया है ।

उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकार आदिवासी का दर्जा देकर भोक्ता, खेरवार, गंझू के भावना को सम्मान देने का काम किया है।

श्री राय जी ने आगे कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चलने वाली सरकार में झारखंड का चिर हिरण हो रहा है उसके बचाव के लिए खेरवार भोक्ता समाज को आगे आकर इस सरकार को सत्ता से बेदखल करने में भाजपा का साथ दे। उन्होंने कहा झारखंड सम्मान आ रहे है । झारखंड को भाजपा ने बनाया है और हम सब मिलकर एक झारखंड को संवारेंगे।

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि खेरवार भोक्ता आदिवासी समाज धैर्य पूर्वक अपने आदिवासी की मांग हो। मांग के लिए आंदोलन करता रहा । झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस सरकार ने कभी इनकी भावनाओं को पूरा नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी जाति, समाज की कदर करती हैं । मोदी सरकार ने आदिवासियों के लिए कई ऐसी ऐतिहासिक निर्णय लीये है ।

श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य में अराजकता की स्थिति है उससे बाहर निकलने के लिए पार्टी में शामिल सभी साथीगण अपने-अपने परिवार, मित्र एवं समाज के बीच जाकर भाजपा एवं एन डी ए के प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लें। खेरवार भोक्ता संघ के वरिष्ठ नेता रामनाथ भोक्ता ने कहा कि खेरवार भोक्ता सामाज को कांग्रेस ने गड्ढे में डाला, मोदी जी ने निकाला ।

---

**सांसद पप्पू यादव ने अजय नाथ शाहदेव के लिए हटिया में चुनाव प्रचार किया**

## राज्य में हेमंत सोरेन को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाना है और अजय नाथ शाहदेव को हटिया से जिताना है: पप्पू यादव

बिभा संवाददाता



**रांची :** कांग्रेस नेता और पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने आज हटिया विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव के पक्ष में चुनाव प्रचार किया. सांसद पप्पू यादव ने हटिया, जगन्नाथपुर, सेक्टर 2 मार्केट, पंचमुखी मंदिर, डोरंडा में आयोजित नुक्कड़ सभा और पदयात्रा के माध्यम से जनता को अजय नाथ शाहदेव के पक्ष में मतदान करने का अपील की . पप्पू यादव ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाना है और अजय नाथ शाहदेव को हटिया से जिताना है . उन्होंने कहा कि अजय नाथ शाहदेव के पक्ष में हटिया की जनता एकजुट है. समाज के सभी वर्गो का हमे समर्थन मिल रहा है . इतना ही नहीं राज्य में महागठबंधन की सरकार पूर्ण बहुमत से बनने जा रही है .

भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी राज्य के एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपया नहीं दे रही है . भाजपा की नजर राज्य के जल, जंगल और जमीन पर है . सहारा के मामले पर भी भाजपा के नेता झूठ बोल रहे है . सहारा के निवेशकों का पैसा लौटाने की मांग वे लोकसभा में उठायेंगे .

---

# तकनीकी शिक्षा में नैतिक मूल्यों का अनुपालन आवश्यक: प्रो. गुरुसामी

बिभा संवाददाता



**रांची :** 'तकनीकी शिक्षा में अगर नैतिक मूल्य मौजूद हों, तो इससे समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसीलिए इसका अनुपालन आवश्यक है।' यह बातें आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर मशहूर कंप्यूटर विज्ञानी और शिक्षाविद प्रोफेसर प्रो. ई. बालागुरुसामी ने कही। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक के साथ ही सामाजिक मूल्यों को भी आत्मसात करने की सलाह दी।

अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर तकनीकी ज्ञान के साथ ही हुनर की आवश्यकता की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे नौकरी में स्थायित्व की संभावना बढ़ती है। विद्यार्थियों को गढ़ने और उनमें सीखने की प्रवृत्ति के विकास के दौरान शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान पर भी उन्होंने अपना विचार प्रस्तुत किया।

प्रो. गुरुसामी ने इंजीनियरों को राष्ट्र निमार्ता करार देते हुए नैतिक मूल्यों का सम्मान करने पर बल दिया। अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यदि इन्हीं मूल्यों के परिणामस्वरूप सामाजिक मूल्य सुदृढ़ होंगे, तो लोगों के जीवन की गुणवत्ता का भी विकास होगा। साथ ही इससे राष्ट्र की प्रगति भी सुनिश्चित होगी।

कार्यक्रम के अवसर पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने न्यायसंगत शिक्षा की अवधारणा और इसका विद्यार्थियों के चारित्रिक आचरण पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव की बात कही। विश्वविद्यालय के माननीय प्रभारी कुलपति एस. बी. डांडीन ने शिक्षा में सदाचार के लाभ पर संक्षेप में अपनी बात रखी।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. पंकज गोस्वामी और धन्यवाद भाषण डॉ. विश्वरूप सामंता ने दिया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. वी.के. सिंह, डीन डॉ. नीलिमा पाठक, डीन डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सुभानी बाड़ा, श्री हरिबाबू शुक्ला समेत विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और माननीय सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस एक्सपर्ट टॉक के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

---

## यह कांग्रेस का ओछापन है छोटापन है : शिवराज सिंह

बिभा संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस की नजरों में झारखंड का कोई सम्मान है या नहीं। कांग्रेस जैसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आते हैं और मंच से पूछते हैं कि यहां कितनी सीट हैं।

ये झारखंड की वैल्यू समझते हैं? इन्हें सीटों का पता नहीं और चुनाव में भाषण करने आए हैं। और बता रहे हैं कि छोटा सा चुनाव है।

खड़गे साहब, झारखंड महान राज्य है। यह झारखंड की धरती क्रांतिकारियों की भूमि है, भगवान बिरसा, सिद्धू-कान्हू, तिलका मांझी और नीलांबर पीताम्बर की यह भूमि है। कितने वीर और क्रांतिकारी यहां हुए हैं। तपस्वियों और साधकों की भूमि है। यहां का कण-कण पवित्र है।

इस राज्य के चुनाव को छोटा कहना, झारखंड का अपमान है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड की जनता का आदर करती है। झारखंड को बचाने के लिए हम पूरी गंभीरता से चुनाव लड़ रहे हैं। क्योंकि यह चुनाव झारखंड के विकास का चुनाव है, यहां की जनता के कल्याण का चुनाव है। इसलिए प्रधानमंत्री जी से लेकर मेरे जैसे कार्यकर्ता यहां आएं हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-एनआईटी संख्या: एसटी-आरएनसी-टी04-पीएआरएनसी-सीओए-टीएनसी, दिनांक: 04.11.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्य के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य का सम्पादन: (1) रांची जंक्शन-रांची स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफॉर्म संख्या 1बी का निर्माण। (2) हटिया- वर्तमान ईस्ट सेन्ट्रल केबिन के नज़दीक यार्डमास्टर एवं टीएनसी के कार्य स्थल के लिए नए सेवा भवन का निर्माण। (3) टाटीसिलवे (टीआईएस) में सीओए के साथ डेटा लॉगर की लिंकिंग के लिए सुविधा का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 56,06,343.09। **जमा बयाना राशि:** ₹ 1,12,100। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 29.11.2024 को सुबह 11:00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 15.11.2024। **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in (वर्क्स टेंडर)। (PR-767)

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ता रवानी गरीबों के मसीहा थेः रशीदी



**बोकारो(बिभा):** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व सीताराम रवानी का प्रथम पुण्य तिथि के मौके पर आज बोकारो कोर्ट परिसर के पुस्तकालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, सर्व प्रथम उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आगंतुकों का स्वागत स्व. रवानी जी के अधिवक्ता पुत्र अतुल कुमार एवं पुत्री राज श्री ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। शोक सभा को संबोधित करते हुए झारखंड स्टेट बार कौंसिल के सदस्य अब्दुल कलाम रशीदी, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव, इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने स्व. रवानी के जीवनी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा मे संघ के अध्यक्ष प्रभारी बासुदेव गोस्वामी, महासचिव प्रभारी महेश चोधरी, कोषाध्यक्ष सोमनाथ शेखर, उप कोषाध्यक्ष विकास तापड़ीया,प्रेम कुमार 2, कार्यकारिणी सद्स्य रुपेश कुमार, नवीन कुमार,सृस्ठीधर सिंह, माया सिंह, संजय कुमार, मृत्युन्जय मलिक,कामदेव पाठक,सम्पूर्ण चन्द्र लायक, वरीय अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा, ददन सिंह, मोहन लाल ओझा,राम सिंघासन राम,अशोक कुमार पाल,शंकर डे के अलावे सेकड़ों अधिवक्ता ने श्रद्धांजलि दी।

### छठव्रतियों के बीच नारियल, अगरबत्ती व दूध किया जाएगा वितरण



**बोकारो(बिभा) :** सखा सहयोग सुरक्षा समिति और जय झारखंड मजदूर समाज का संयुक्त बैठक युनियन कार्यालय सेक्टर-9 मे महामंत्री बि के चौधरी के अध्यक्षता मे हुए बैठक मे आस्था श्रद्धा और पवित्रता का महापर्व छठ व्रतियों के सेवा करने के लिए हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी टू टैंक गार्डन मे सेवा शिविर लगाने का निर्णय लिया गया । सेवा शिविर मे गुरुवार को भगवान भास्कर को दिये जाने वाले संध्या अर्घ्य के समय नारियल, अगरबती,फल ,मिट्टी का दीया,घी इत्यादि का वितरण एवं शुक्रवार को प्रातः 4 बजे से अर्घ्य हेतु गाय का दुध एवं चाय का वितरण किया जायगा । बैठक मे समिति के अध्यक्ष यू सी कुम्भकार,समिति प्रभारी वारिया तेली,राजेन्द्र प्रसाद युनियन के संयुक्त महामंत्री शंकर कुमार, एन के सिंह, एस के सिंह, अनिल कुमार, सी के एस मुंडा, रौशन कुमार, आई अहमद, आशिक अंसारी,देवेन्द्र गोराई, बादल कोयरी,ओ पी चौहान, विजय कुमार साह, मानिक चंद साह, बी एन तिवारी, अभिमन्यु मंझी, प्रमोद कुमार, आर के मिश्रा, सुरेश प्रसाद, रामाकांत राम, बालेश्वर राय, सुभाष चंद्र महतो, आर आर सोरेन इत्यादि उपस्थित थे।

### अंडर 14 क्रिकेट खिलाड़ियों का प्रमाण पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 9 नवंबर निर्धारित

**बोकारो(बिभा) :** जेएससीए अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट टूनामेंट में भाग लेने वाली बोकारो जिला टीम के गठन के लिए खिलाड़ियों के प्रमाण पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 9 नवंबर निर्धारित की गई है। इसकी जानकारी बीडीसीए तदर्थ समिति के सदस्य संजय सिंह ने दी। बताया कि खिलाड़ियों को डिजिटल उम्र प्रमाण पत्र, विद्यालय का सत्र 2021 - 22 , 2022 - 23 व 2023 - 24 का मर्कशीट , वर्तमान सत्र 2024 - 25 का बोनाफाइड प्रमाण पत्र, माता-पिता का वोटर आईडी कार्ड एवं पीवीसी आधार कार्ड ( आधार कार्ड 1 सितंबर 2023 के पूर्व निर्गत होना चाहिए) की ओरिजिनल कॉपी के साथ रिपोर्ट करना अनिवार्य है। सभी प्रमाण पत्र सेक्टर 3 स्थित ट्रेनीज हॉस्टल स्थित कार्यालय में शाम 5:00 बजे से 7:00 बजे तक जमा किया जा सकता है।

### महिला समिति ने जगन्नाथ मंदिर परिसर में सजावटी जलाशय का किया उद्घाटन



**बोकारो(बिभा) :** शहर सौंदर्यीकरण हेतु श्रीमती अनिता तिवारी,अध्यक्षा महिला समिति, बोकारो के कर कमलों द्वारा आज दिनाँक 05 नवंबर को संध्या श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में सजावटी जलाशय का उद्घाटन किया गया. मुख्य मंदिर के दोनों तरफ एक-एक फव्वारा मंदिर की शोभा बढ़ा रहा है तथा दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना है. आज छठ पूजा के नहाए-खाए से समिति की कार्यकारिणी दल की उपस्थिति में अध्यक्षा द्वारा इसका शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोनिका रंगानी, निशा श्रीवास्तव, प्रीति शरण सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, अनीशा झा, प्रीति राजेश, जया, आशा, समिता ने दीप जलाया तथा पूजा अर्चना की.।

गरगा पुल के समीप बनाये गये अस्थायी पटाखा दुकान में आग लगने का मामला

### डीडीसी के नेतृत्व में जांच कमेटी ने किया घटना स्थल का जांच



**बोकारो(बिभा) :** पिछले दिनों गरगा पुल समीप बनाये गये अस्थायी पटाखा दुकानों में आग लगने, कई पटाखों के दुकानों के जल जाने एवं सामग्रियों की क्षति होने के संबंध में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव द्वारा डीडीसी श्री गिरजा शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय टीम ने मंगलवार को घटनास्थल का जायजा लिया। टीम ने आग लगने के कारणों की पड़ताल की एवं मौके पर कुछ दुकानदारों से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। टीम ने आगजनी से क्षति का भी आंकलन किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, सीटी डीएसपी श्री अलोक रंजन , जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्री भगवान ओझा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य की अस्मिता को धूमिल कर रही है हेमंत सरकार : अमर कुमार बाउरी

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी में मंगलवार को प्रधान चुनाव कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश की महागठबंधन सरकार पर राज्य की अस्मिता को धूमिल करने का आरोप लगाया है। बाउरी ने कहा कि यहां की खनिज संपदा, बालू, नौकरी, युवाओं के सपने आदि को लूटने का काम किया है ऐसे महाठगबंधन, तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का चुनाव है। राज्य की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है, इसलिए राज्य की जनता चाहती है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी जो विकास और अंत्योदय को प्राथमिकता देती है वैसी सरकार को राज्य में लाना है। पहले चरण का चुनाव 13 और दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होना है। भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प के साथ मैदान में उतर चुकी है। वर्ष 2025 में झारखंड के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं वहीं बाबा बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने 25 संकल्प के साथ जनता के बीच चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने पंच प्रण के माध्यम से जनता के बीच चुनावी समर की शुरूआत की है।

नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा के अन्य संकल्प को बताया। उन्होंने बताया कि हम महिला सशक्तिकरण के लिए ?50 लाख तक मूल्य की अचल संपत्ति के. पंजीकरण के लिए एक रुपये की स्टांप ड्यूटी को पुनः बहाल करेंगे।

बीएड, नर्सिंग और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए सरकारी संस्थानों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान करेंगे, और निजी संस्थानों में ट्यूशन फीस के खर्च को वहन करेंगे। झारखंड में 'विस्थापन से पहले पुनर्वास' सुनिश्चित करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक पुनर्वास आयोग का गठन करेंगे। आदिवासी सम्मान एवं अस्मिता को बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए राज्य में प्रत्येक आदिवासी धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल के विकास के लिए और गांव स्तर पर पर्वों और लोक आयोजनों के लिए अनुदान सहायता देंगे। आदिवासी भाषाओं, इतिहास, कला और संस्कृति को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ खर्च कर 'सिद्धो-कान्हो शोध केंद्र' स्थापित करेंगे। गांवों में स्मारकों, सूचना केंद्रों और प्रदर्शनियों के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हो और नीलाम्बर-पीताम्बर जैसे आदिवासी नायकों को सम्मानित करेंगे।

फूलो-झानो पढ़ो बिटिया' योजना के तहत राज्य के गरीब और पिछड़े वर्ग की प्रत्येक बालिका को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करेंगे। मातृत्व सुरक्षा योजना' के तहत प्रत्येक गर्भवती महिला को 6 पोषण किट और 21,000 की सहायता प्रदान करेंगे। राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए एक व्यापक आधारभूत ढांचा विकसित करेंगे, जिसके अन्तर्गत झारखंड में 10 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज और राज्य के प्रत्येक जिले में एक नर्सिंग प्रशिक्षण कॉलेज स्थापित करेंगे। आयुष्मान भारत - जीवन धारा योजना' से सभी 70 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को 10 लाख तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेंगे, जिसमें आयुष्मान भारत के 5 लाख के अतिरिक्त राज्य द्वारा 5 लाख की सहायता दी जाएगी। सीएचसी, पीएचसी और अन्य सरकारी अस्पतालों में 25,000 नए बेड की सुविधा उपलब्ध कराएँगे। झारखंड में सुशासन सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा सरकार के व्यापक कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति को लागू करेंगे एवं एक जांच आयोग का गठन करेंगे। 2 सालों के भीतर नक्सलवाद का खात्मा करेंगे। एडवांस्ड टेक सर्वैलन्स मेकनिजम और एक मजबूत कानूनी ढांचे के माध्यम से राज्य में अवैध खनन पर अंकुश लगाएंगे।

# विधायक बिरंची नारायण ने चास में लोगों से किया जनसंपर्क

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो विधायक सह एनडीए प्रत्याशी बोकारो विधायक बिरची नारायण ने चास नगर निगम के विभिन्न वार्डो मे चेक पोस्ट, मेनरोड, इस्पात कॉलोनी, कुँवर सिंह कॉलोनी में डोर टू डोर संपर्क अभियान कर वार्डवासियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने ने कहा केंद्र सरकार व पूर्व के भाजपा सरकार के योजना से हर शहर ,गांव टोला लाभाविन्त है। हर घर नल योजना के तहत चास नगर निगम के वासियों को जल उपलब्ध कराया जा रहा। पूर्व के रघुवर दास के सरकार में कई योजनाएं चास नगर निगम को मिली।हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी, झूठे वादे, लुट, भय, अत्याचार से अविश्वास से आम जनता में रोष है। जिस वादे के साथ 2019 में सरकार बनी पांच साल पूरे हो गए मगर कोई भी जनता से किया गया वादा पूरा न कर सके। दिन प्रतिदिन प्रखंड हो या जिला या प्रदेश भ्रष्टाचार चरम सीमा पर। संतरी से मंत्री तक जेल जा चुके हैं। कुछ मंत्री अभी जेल में तो कोई आईएस अधिकारी जेल में। झारखंड की खनिजों की लूट मची जिसमे उनका परिवार के लोग भी शामिल हैं। बोकारो विधानसभा के जनता ने अपना मन बना चुके है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित कार्यों का काम पुनः शुरू हो ताकि राज्य का सर्वाधिक विकास हो और जरूरत मंदो को उनका हक अधिकार मिल सके। बोकारो भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि में अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच आया हूं विगत 10 सालों में जो भी वादा किया उसे पूर्ण करने का कार्य किया और आगे भी करूंगा। मौके पर जिला महामंत्री संजय त्यागी,मंडल अध्यक्ष अमर स्वर्णकार,निवर्तमान अध्यक्ष पन्नालाल कान्दु,अर्चना सिंह, मनराज सिंह, संतोष बरनवाल, बुद्धेश्वर घोषाल,सुबोध कुमार, विनोद सिंह, लीला देवी,अरविंद राय, राजेश घोषाल, रणजीत बरनवाल, झन्तु दे,हरेकृष्ण, राज सिंह, उदय सिंह,पप्पू चौरसिया, दिलाप पाल, अजित बाउरी, दीपक चन्द्र बाउरी, झन्तु बाउरी,विमल कुमार, दिनेश महतो,राजेश बरनवाल, अर्जुन स्वर्णकार, मिथुन, परमानंद, सदानंद, सेंटी काँदु,संजय बरनवाल आदि मौजूद रहे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बोकारो चेंबर ने कारखाना निरीक्षक के साथ की बैठक



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** उप श्रम आयुक्त बोकारो के कार्यालय आदेशानुसार बोकारो चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड राज्य में बोकारो विधानसभा में होने वाले 20 नवंबर चुनाव में मतदान के दिन कर्मचारी एवं कामगारों की छुट्टी के संबंध में श्रम विभाग की ओर से कारखाना निरीक्षक श्री शिवानंद लागुरी के साथ कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल हुए। कारखाना निरीक्षक ने कहा की झारखंड के मुख्य चुनाव पदाधिकारी के द्वारा यह आदेश दिया गया है की बोकारो विधानसभा के अन्तर्गत सभी व्यापारिक एवम औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों तथा श्रमिकों सावेतनिक अवकाश दिया जायेगा। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा की सभी कर्मचारियों को मतदान के बाद उंगली पर स्याही का निशान दिखाना अनिवार्य होगा। जो कर्मचारी स्याही का निशान नहीं दिखाएंगे उन्हें छुट्टी का भुगतान नहीं किया जाना चाहिए। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कारखाना निरीक्षक से बैठक के दरमियान बोकारो जिले के सभी औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के मालिक एवम संचालकों से अपील किया की अपने प्रतिष्ठान के कर्मचारियों को 20 नवंबर 2024 बोकारो विधानसभा में होने वाले चुनाव के दिन वेतन सहित अवकाश देना सुनिश्चित करेंगे ।बैठक में नरेंद्र सिंह ,संजय अग्रवाल, राजीव कुमार सहित कई अन्य व्यापारी मौजूद थे।

## खगड़िया लोजपा सांसद सह झारखंड प्रभारी राजेश वर्मा का बोकारो में कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद राजेश वर्मा जी का चतरा से पश्चिमी सिंहभूम जाने के क्रम में बोकारो की पावन धरती पर जिला अध्यक्ष अनिल पासवान जी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया।इस दौरान उन्होंने धनबाद लोकसभा के सांसद श्री ढुलू महतो जी से मुलाकात की तथा बाघमारा प्रत्याशी श्री शत्रुघ्न महतो जी और बोकारो प्रत्याशी श्री वीरांची नारायण जी से मिले और जनसंपर्क अभियान करते हुए विधानसभा के नागरिकों से प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की।

पार्टी की ओर से एक छोटा कार्यकर्ता अद्वित भारद्वाज ने सांसद महोदय को अंग वस्त्र पहनकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

साथ ही कार्यक्रम के दौरान उन्होंने चिरा चास स्थित गोकुलधाम सोसायटी में जिला अध्यक्ष अनिल पासवान जी के आवास पर जाकर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी और लोजपा के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान जी के प्रतिमा पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन पुष्पांजलि अर्पित किया।

मौके पर प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष कपिल पासवान, प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी रामकुमार वर्मा संजय श्रीवास्तव, जी पी सिंह, , अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, युवा नेता सह चतरा विधानसभा प्रभारी रवि चौबे, एससी-एसटी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सोरेन, प्रदेश सचिव बटुक मिश्रा, सौरव सिंह, दिग्विजय नारायण, प्रेम राय,अमरनाथ पासवान मांगू दास, रमेश पाठक, राजेश कुमार अरविंद कुमार, राकेश कुमार चोलेश्वर महतो, दिलीप कुमार, अनंत लाल, कमल किशोर, अमरेश पासवान सशी कांत प्रेमचंद कुमार नवनीत सिंह सुनील कुमार लालू चंद्र शेखर कुमार एवं दर्जन लोजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीसी ने आसमान में लहराया हॉट एयर गुब्बारा, देगा मतदान करने की प्रेरणा

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** आगामी 20 नवंबर 2024 को जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों (34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी) में मतदान होना है। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) कोषांग द्वारा लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, स्वीप को नोडल पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता/श्री शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि द्वारा हाट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया गया। लगभग 70 मीटर ऊंचाई से यह गुब्बारा आम से खास को मतदान के लिए प्रेरित करेगा।

हॉट एयर गुब्बारा में मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे गए हैं और मतदान की तरीख (20 नवंबर 2024) का उल्लेख किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने इस हॉट एयर गुब्बारा को उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया है। इस दौरान मौजूद लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने और अपने घर परिवार के सदस्यों/आस पड़ोस के लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करने की बात कहीं। उधर, अनुमंडल कार्यालय चास परिसर में भी निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर चास श्री प्रभाष दत्ता व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित हॉट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया गया।

## रेल अधिकारी की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा :मो ज्याऊद्दीन

### शारीरिक रूप से अक्षम कर्मचारी का आवेदन अग्रसारित नहीं किया

बिभा संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद मंडल के बरकाकाना सिगनल विभाग के एक वरीय सिगनल कर्मचारी विक्टर अमर सिंह पिछले चार वर्षों से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। वे शारीरिक रूप से किसी भी प्रकार के कार्य करने से बिल्कुल ही अक्षम हो गए हैं। सभी प्रकार की छुट्टियां समाप्त हो चुकी हैं और बिना वेतन के ही बड़ी मुश्किल से जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैं। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री तथा धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि बरकाकाना में पदस्थापित सिगनल विभाग के अधिकारी मंडल दूर संचार व टेलकम अभियंता श्री प्रभात कुमार वर्मा की संवेदनहीनता के कारण विक्टर की स्थिति काफी दयनीय हो गई है क्योंकि मंडल कल्याण कोष से आर्थिक सहायता के आवेदन पर अपनी अनुसंशा नहीं कर रहे हैं। उक्त अधिकारी की यह मानसिकता उनकी मानवीय संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को दशार्ता है।

मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि वैसे रेल कर्मचारी जो काफी अरसे से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और शारीरिक अक्षमता के कारण अपनी डियूटी नहीं कर पा रहे हैं और छुट्टियां समाप्त हो जाने के कारण उन्हें वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है, वैसे कर्मचारियों को मंडलीय कर्मचारी कल्याण कोष से दस हजार रुपये की मासिक आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग ईसीआरकेयू द्वारा रखी गई थी। इस मांग के प्रति मंडल रेल प्रबंधक और वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी ने भी सहमति देते हुए प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत प्रभावित कर्मचारियों को आवेदन जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत कई रेलकर्मियों को उक्त मदद देने की शुरूआत हो गई है लेकिन बरकाकाना के विक्टर अमर सिंह के आवेदन को प्रशासनिक तानेबाने की जाल में उलझा कर रख दिया गया। जबकि विक्टर ने अपनी बीमार हालत में ही ह्वील चेयर पर चलकर उक्त अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर आवेदन अग्रसारित करने का अनुरोध भी किया था।

इधर मंगलवार को विक्टर की हालत अत्यंत गंभीर हो जाने पर उनके परिवार जनों द्वारा बरकाकाना रेलवे अस्पताल लाया गया। जानकारी मिलते ही ईसीआरकेयू शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, मुकेश लाल, चन्द्रदेव तथा अनिल राय रेलवे अस्पताल पहुंचे और उनके गंभीर हालत को देखते हुए मेदांता अस्पताल रांची रेफर करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्टर की हालत गंभीर है और वे निरंतर सघन चिकित्सा के अधीन हैं।

## भाजपा के संकल्प पत्र में सभी वर्गों का रखा गया है ख्याल : बाबूलाल मरांडी

बिभा संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा का संकल्प पत्र जारी होने के बाद मंगलवार को गिरिडीह में धनवार के भाजपा प्रत्याशी सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेसवार्ता की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संकल्प पत्र राज्य हित में है। भाजपा ने विकास को लेकर रोडमैप तैयार किया है। इसी पर भाजपा काम करेगी। हर वर्ग मजबूत होगा।

एक सवाल के जवाब में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद राजकोष पर कोई बड़ा बोझ नहीं पड़ने वाला। बल्कि,कमजोर वर्ग को मजबूती के लिए यह जरूरी है। मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद हर हाल में राज्य में 10 मेडिकल कॉलेज खिलेंगे, जिससे राज्य में डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी और स्वास्थ्य सेवा मजबूत होगी। युवाओं को मौका भी मिलेगा। क्योंकि पिछले पांच साल में हेमंत सरकार तो सिर्फ घोषणा करती रही, लेकिन कोई बहाली हुई नहीं। सत्ता में आने पर भाजपा अपना संकल्प पत्र को पूरा करेगी। क्योंकि खुद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे कह चुके हैं कि कांग्रेस शासित राज्य सरकार वही एलान करे, जिसे पूरा किया जा सकता है। इसे जाहिर होता है कि कांग्रेस क्या क्या घोषणा कर सकती है कितना पूरा करने में सक्षम है।

संथाल परगना समेत पूरे झारखंड में बढ़ते बांग्लादेशी घुसपैठिए के मुद्दे पर एक बार फिर बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार के कांग्रेस और कड़ा निशाना साधा और कहा कि इनके वोट लेने और तुष्टिकरण की नीति के कारण राज्य में एक साजिश के तहत संथालियों और संतानियों की संख्या में बेहद कमी आई है। जबकि 2011 के जनगणना में मुस्लिमों की आबादी कुछ और थी और अब कुछ और है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर ही बाबूलाल मरांडी ने जब तक भाजपा शासन में नहीं है तभी तक हर भ्रष्टाचारी और जमीन माफिया के आर्थिक लुटेरों की मौज है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि धनवार की जनता इस बार भी उन्हें समर्थन देगी। क्योंकि 2004, 2006 के बाद 2009 और 2014 में इसी धनवार की जनता उनका मालिक बनकर सेवा करने का पूरा मौका देती रही है। इस चुनाव हेमंत सरकार का जाना तय है। जनता इस सरकार से ऊब चुकी है। मौके पर जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, मुकेश जालान और विनय सिंह के साथ नवीन सिन्हा और राजेश जायसवाल भी थे।

# संक्षिप्त खबरें

## लोयला इंटर कॉलेज व बिरसा कॉलेज में प्रथम मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**खूँटी(बिभा)** । विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मंगलवार को लोयला इंटर कॉलेज एवं बिरसा कॉलेज खूँटी में प्रशिक्षण कोषांग द्वारा प्रथम मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। सुबह 10 से संध्या 5 बजे तक यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदान से संबंधित सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। इसके तहत प्रपत्र 17सी, पीठासीन डायरी, मॉक पोल रिपोर्ट समेत अन्य पर विशेष रूप से जानकारी दिया गया। प्रोजेक्टर के मध्य से प्रजेंटेशन दिखाकर सभी मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप, प्रशिक्षण कोषांग की प्रभारी पदाधिकारी अनुराधा कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। वहीं कोषांग के मास्टर ट्रेनरों के निर्देशन पर मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

## उपायुक्त व एसएसपी ने किया इंटर स्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण



**धनबाद(बिभा).** विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले हर वहनों की जांच की जा रही है। इस संदर्भ में मंगलवार की देर शाम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन ने मैथन स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने छोटे वहनों के साथ साथ बड़े वाहनों की भी औचक जांच करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में दोनों पदाधिकारियों ने रजिस्टर की जांच की।

## सीमा सुरक्षा बल त्रैमासिक ई-पत्रिका मेरू ग्रैफिटी का विधिवत विमोचन



**हजारीबाग(बिभा) :** प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप हजारीबाग में केएस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में सीमा सुरक्षा बल, मेरू परिवार पर अध्ययन संकाय द्वारा संकलित व संपादित त्रैमासिक ई-पत्रिका मेरू के सोलहवें ई-संस्करण का विधिवत विमोचन किया गया। इस मौके पर राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक, डी0 के0 प्रमाणिक, उन महानिरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह पत्रिका सीमा सुरक्षा बल के आई0पी0पी0 नेटवर्क /ई-मेल व अन्य डिजिटल प्लेटफार्म द्वारा निर्गत की जाएगी। इस संस्करण में प्रशिक्षण केन्द्र एवम् विद्यालय द्वारा गत तीन माह की अवधि में किये गए क्रियाकलापों विशेषकर प्रशिक्षण, प्रशासनिक, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान, बावा गतिविधियाँ, एवं विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन आदि गए कार्यो में से कुछ की झलकियां दिखाई गई है। इस पत्रिका का पंदहवां ई-संस्करण अंक 26 जुलाई 2024 को जारी किया जा चुका है। वर्तमान संस्करण पत्रिका सभी पाठको तक पहुँचें इसलिए इसे पुनः ई-स्वरूप में जारी किया गया है।

## सीएए रांची अंतर जिला फुटबाल टूनार्मेंट के फाइनल में, आज जमशेदपुर से होगा मुकाबला



**रांची(बिभा).** अंतर जिला फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में छोटानागपुर एथलेटिक एसोसिएशन (सीएए) रांची की टीम पहुंच गई. सीकेपी चक्रधरपुर रेलवे ग्राउंड में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच में रांची ने आसानी से रामगढ़ को 4-1 से पराजित किया. रांची की टीम पहले हाफ में तीन गोल की बढ़त बना ली थी. दूसरे हाफ के खेल में रांची ने एक और गोल कर 4 की बढ़त बनाई. खेल समाप्ति से कुछ देर पहले रामगढ़ में प्लेन्टी में एक कल मारा. रांची की ओर से रोहित तिग्गा ने दो, मोहम्मद कैफ और बाघम ने एक-एक गोल मारा. बुधवार को फाइनल में रांची का सामना जमशेदपुर की टीम के साथ होगा.

## वैभव ज्ञान परीक्षा में डीएसपीएमयू के दो विद्यार्थियों ने शीर्ष दस में बनाई जगह

**रांची(बिभा)।** वाराणसी के चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय वैभव ज्ञान परीक्षा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के दो विद्यार्थियों ने शीर्ष दस स्थानों में जगह बनाई है। विश्वविद्यालय के स्नातक द्वितीय समसत्र के छात्र शिवम नारायण ने इस प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया है जबकि प्रतिमा चौहान ने सातवां स्थान हासिल किया है। इन उपलब्धियों के साथ उन्होंने न केवल अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि संस्कृत भाषा और संस्कृति के प्रति अपने समर्पण को भी दशार्या है।

# कद्दू भात के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व आरम्भ

बिभा संवाददाता

**खूँटी** । जिलेभर में नेम निष्ठा का सूर्योपासना महापर्व के चार दिवसीय अनुष्ठान का पहला दिन मंगलवार को कद्दू भात के साथ शुरू हो गया। उपासक परिवार आज पूरे शुद्ध रूप से नए चूल्हा में आम की लकड़ी जलाकर भात कद्दू की सब्जी और अन्य भोजन पकाए। जिसमें तेल लहसुन प्याज से वर्जित पूरे शुद्ध रूप से घी से बनाया जाता है। और पूजा करने के बाद सभी लोगों को कद्दू भात प्रसाद के रूप में परोसा गया। उपासक रेणु पाण्डे ने बताया कि आज से छठ महापर्व शुरू हो गया है और आज पहला दिन कद्दू भात बनाएं जो कि पूरे नियम और पवित्रता के साथ नए चूल्हे में आम की लकड़ी जलाकर चूल्हे में ही दाल भात सब्जी बनाए और भगवान को प्रसाद देने के बाद सभी लोगों को भोजन कराए। वहीं सुर्योपासना के चार दिवसीय अनुष्ठान के दिन से ही घरों में छठ गीत बजने लगा है जिससे क्षेत्र गुंजायमान होने लगा है।





### छठ का प्रसाद के लिए सुखाया जाने लगा है गेहूँ

ठेकुआ प्रसाद छठ महापर्व का प्रमुख प्रसाद होता है। जिसके लिए गेहूँ धोकर सुखाया जाने लगा है। महिलाएँ छत पर छठ के गीत गा-गाकर गेहूँ सुखाया जाने लगा है।

### खरना के साथ छठी मईया का पूजन आज

वहीं घरों में इस महापर्व के दूसरे दिन आज खरना व्रत है। जिसमें उपासक शाम को छठी मईया को खीर केला प्रसाद अर्पित करके स्वयं भी नियम पूर्वक अनुष्ठान करेंगी। जिसके लिए आज से घरों को सजाया जाने लगा है। घरों में लाईट बत्ती दिपावली की तरह सजाया जा रहा है। जिसकी खुशी चारों ओर दिखाई पड़ने लगी है।

## रुमुतकेल गांव में मादक पदार्थों के विरुद्ध किया गया जनजागरण



**खूँटी** । जिले के मुरहू थाना अंतर्गत ग्राम रुमुतकेल में एसपी अमन कुमार के निर्देश पर मुरहू पुलिस द्वारा स्थानीय मुखिया एवं ग्राम प्रधान के उपस्थिति में ग्रामीणों के बीच अवैध अफीम खेती के रोकथाम, डायन बिसाही कुप्रथा, मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा, मॉब लिंचिंग एवं डायल-112 संबंधित विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।

# मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से मतदाता महोत्सव का हुआ आयोजन

बिभा संवाददाता

**खूँटी** । जिला के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मंगलवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, खूँटी में ₹मतदाता महोत्सव₹ का आयोजन स्वीप कोषांग के द्वारा किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा समेत समान्य प्रेक्षक, 59 तोरपा विधानसभा क्षेत्र विपुल जायसवाल एवं 60 खूँटी विधानसभा क्षेत्र विश्राम मीणा बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। एक से बढ़कर एक रंगोली, मेहंदी, बम्बू पेंटिंग, स्लोगन लेखन, पेंटिंग बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसके अलावा पुरूष एवं महिला खिलाड़ी के द्वारा रिले रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा छउ , झूमर एवं पाइका के तहत बेहतरीन प्रतुति दी गई, जिसे लोगों ने खूब सराहा। वहीं भारत स्काउट गाइड द्वारा ह्यूमन पिरामिड बनाकर मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। ₹मतदाता महोत्सव₹ कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को हम मतदान के लिए प्रेरित करें, जिससे 13 नवम्बर को शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराया जा सके। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाया। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर हौसला अफजाई किया गया। अंत में मतदाता हस्ताक्षर अभियान के साथ ₹मतदाता महोत्सव₹ का समापन हुआ।



## निर्दलीय प्रत्याशी दुर्गावती ने की चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**खूँटी** । जिले के मुरहू प्रखंड में निर्वाचन में जनता तक पहुँच बनाने व कार्य को गति देने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी दुर्गावती ओड़ेया ने चुनावी कार्यालय खोली। जिसका उद्घाटन मुण्डू पड़हा राजा दाऊद मुण्डू व प्रत्याशी दुर्गावती ओड़ेया ने फीता काटकर की। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए दुर्गावती ओड़ेया ने कहा कि यहां के लोग जल, जंगल, जमीन, हक और अधिकार के साथ प्रकृति के अनुसार जीवन यापन करते हुए अमन चैन शांति के साथ जीवन जीना पसंद करते हैं। लेकिन खूंटी की राजनीति को कुछ लोगों के द्वारा हायर कर लिया गया है। जिसका परिणाम है कि खूंटी जिला शिक्षा स्वास्थ्य आर्थिक और सामाजिक सांस्कृतिक रूप से पिछड़ी हुई है। इसके विकास के लिए मैं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़ी हुई हूँ। इस दौरान राजन कुजूर, कल्याण नाग, चंद्रप्रभात मुण्डा , उदय मुंडा, बासिंह मुंडा, अनमोल हस्सा, जगदीश कछाप अनूप टूटी आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

# तोरपा एवं खूंटी के सामान्य प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों के साथ किया बैठक

बिभा संवाददाता

**खूँटी** । समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को तोरपा (59)विधानसभा क्षेत्र के समान्य प्रेक्षक विपुल जायसवाल एवं खूँटी(60) विधानसभा क्षेत्र के समान्य प्रेक्षक विश्राम मीणा द्वारा दोनों विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधि संग बैठक किया गया। बैठक में खूँटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन पूरी तरह से करने को कहा गया। किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत हो तो उसे जरूर साझा करने को कहा गया। चुनावी रैली एवं कार्यक्रम समेत अन्य के आयोजन से पूर्व अनुमति जरूर लेने को कहा गया। इस दौरान मतदान की तिथि एवं समय की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि 13 नवंबर को खूँटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है, इस दिन सुबह 7:00 से संध्या 5:00 बजे तक मतदान का समय है, परंतु कुछ मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा कारणों से सुबह 7:00 से संध्या 4:00 बजे तक मतदान का समय रहेगा। पोस्टल बैलट को लेकर बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर की भी जानकारी दी गई, बताया गया कि 3 नवंबर से 11 नवंबर तक पोस्ट पायलट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के सभी गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए पूरी पारदर्शी तरीके से निर्वाचन की प्रक्रिया की जा रही है। लोयोला कॉलेज, बिरसा कॉलेज एवं समाहरणालय में फैसिलिटेशन सेंटर बनाया गया है। बैठक में स्ट्रांग रूम, काउंटिंग रूम, रिसीविंग सेंटर, डिस्पैच सेंटर की भी जानकारी दी गई, बताया गया कि बिरसा कॉलेज खूँटी में उक्त सभी व्यवस्थाएं की गई है। इसके अलावा निर्वाचन से जुड़े अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी आवश्यक जानकारी दिए गए एवं अभियार्थी द्वारा पुछे गए प्रश्नों के भी उत्तर पदाधिकारियों द्वारा दिया गया।



# विद्यालय में मादक पदार्थों के विरुद्ध डालसा ने किया जागरुकता कार्यक्रम

बिभा संवाददाता

**खूँटी** । जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूँटी के द्वारा में मंगलवार को रोमन कैथोलिक प्राथमिक कन्या पाठशाला मारंगहादा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में डालसा के पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम ने बच्चों को नशे के कारण समाज में पड़ रहे दुष्प्रभावों पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि नशापान के कारण लोगों को आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक रूप से परेशानियाँ उठानी पड़ती है। हम सबको अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना होगा ताकि मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। उन्होंने आगे कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को मादक पदार्थों की बिक्री गैरकानूनी है, मादक पदार्थों की खरीद बिक्री गैरकानूनी है। नशीले पदार्थ जैसे अफीम, गांजा की गैर कानूनी तरीके से खेती दंडनीय अपराध है, इसके लिए कठोर सजा का प्रावधान भी है। साथ ही उन्होंने एक्सीडेंटल इंश्योरेंस के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय कृपया नियमों का पालन करना चाहिए, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करना चाहिए, वाहन तेज गति में नहीं चलना चाहिए जिससे कि दुर्घटना से बचा जा सकता है और अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर रह सकते हैं। जिसपर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने यह जानकारी दी।



# हमेशा सड़क जाम और परेशानी से जुझता रहता है खूंटी नगर

बिभा संवाददाता

**खूँटी** । वर्षों से बाईपास सड़क की मांग कब पूरा होगा इसका कोई अता-पता नहीं है। लेकिन जिस कदर जिले में और जिले से होकर वाहनों का आवागमन बढ़ता जा रहा है। खूँटी नगर दिन प्रतिदिन परेशानी से जुझता नजर आ रहा है। दिन तो दिन शाम के अंधेरे तक में भी खूँटी शहर जाम का दंश झेलता रहता है। खूँटी नगर से होकर भारी वाहनों का आवागमन और सड़क परिवहन के खड़ा करने से जरूरतमंद राहगीरों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। तीन माह पहले शहर के सड़क को जाम मुक्त करने के लिए बाजार टंकी झोपड़पट्टी दुकानों को इनक्रॉचमेंट के नाम पर हटाया गया था। लेकिन शुरूआत तो हुई और तत्कालीन एसडीओ ने इस प्रक्रिया को पूरा करने की बात का तो गए लेकिन आज तक नगर पंचायत अधिकारी आगे की कार्यवाही नहीं की। आज के दिनों में भी सड़कों पर टेंपो और टुकटुक गाड़ी खड़े मिल जाएंगे लेकिन बड़े वाहन सड़क की चौड़ाई पर्याप्त नहीं होने के कारण धीमी कर देते हैं। जिसके कारण सड़क जाम लग जाता है। जिस पर जेवीएम के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा कि खूँटी को ऐसा जनप्रतिनिधि अभी तक नहीं मिला जो इस समस्या का समाधान कर सके। लोग यहाँ बड़े-बड़े वादे करते हैं। लेकिन ऐसी समस्याओं का समाधान और निष्पादन कब होगा इसका कोई पता नहीं है। और शहर के सड़क पर वाहन रेंगने से शहर वासियों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## झारखण्ड में भाजपा सरकार बनने पर पांच प्रण और पच्चीस वादे करेगी पूराः चंद्रशेखर




बिभा संवाददाता

**खूँटी** । भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए चुनावी मेनिफेस्टो में पाँच प्राण और 25 वादे जनता के सामने लाए हैं। जिसकी जानकारी भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता ने प्रेस वार्ता करके दी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि खूंटी प्रभारी और छत्तीसगढ़ के जिला महामंत्री दिलीप शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित थे। मौके पर जिला अध्यक्ष ने बताया कि झारखण्ड में विधानसभा निर्वाचन में जीतकर भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाती है तो डबल इंजन की सरकार झारखंड के विकास के लिए पांच प्राण और 25 वादों के साथ कार्य करेगी। जिसमें युवतियों व महिलाओं को गोगो दीदी योजना के तहत ?2000 प्रति माह प्रदान करेगी। किसानों से 3100/- प्रति क्विंटल धान खरीदेगी और माह के ग्यारह तारीख को खाते में सीधे पैसा जाएगा। घर बनाने के लिए बालू फ्री प्रदान करेगी। झारखण्ड में सात जिलों में ओबीसी शून्य कर दी गयी है। जिसपर कार्य में ओबीसी को भी आरक्षण दी जाएगी। महिलाओं के नाम भूमि रजिस्ट्री एक रुपए में की जाएगी। बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर करके आदिवासियों की जमीन वापस की जाएगी। युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। स्नातकोतीर्ण लोगों को रोजगार जबतक नहीं मिल जाती है तब तक 2000/- रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार पाँच प्रण के साथ 25 वादों को पूरा भाजपा सरकार पूरा करेगी। मौके पर जिला महामंत्री संजय साहू और महावीर कुमार उपस्थित थे।

# भारतियों के लिए असुरक्षित होता कनाडा


राकेश अचल

**दोनों देशों के बीच रिश्तों में कड़वाहट के बीच कनाडा के ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हमले को लेकर हम मोदी जी कि भूमिका से असहमत होते हुए भी उनके साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद सख्त लहजे में उन्होंने कनाडा की जस्टिन टूडो सरकार से कहा कि इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं है। हमारे हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह है। भगवान से प्रार्थना है कि वो दोनों देशों की सरकारों को सद्बुद्धि दे ताकि कनाडा भारत के लिए दूसरा पाकिस्तना न साबित हो।**



भारत में चुनावी राजनीति में लोग एक -दूसरे के छक्के छुड़ाने में लगे हैं उधर सात समंदर पार कनाडा भारतीयों के लिए दूसरा पाकिस्तान बनता नजर आ रहा है। भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन में एक हिंदू पूजा स्थल पर खालिस्तान समर्थकों की तरफ से हमला करने के घटनाक्रम ने भारत और कनाडा के आपसी रिश्तों को भयंकर झटका दिया है। कनाडा में 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 1 लाख एनआरआई मौजूद हैं। ये दुनिया में सबसे बड़े भारतीय प्रवासी समूह में से एक है। कनाडा की पूरी आबादी में ये हिस्सेदारी करीब 3 प्रतिशत है।

भारत और कनाडा के रिश्तों में तनातनी की जड़ में खालिस्तानी तत्व हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्री हैं। भारत और कनाडा के आपसी संबंधों का मौजूदा दौर कई सवालों और चिंताओं को जन्म दे रहा है. हरदीप सिंह निज्जर की हत्या सुर्खियों में है, लेकिन दोनों देशों के ताल्लुक पेचीदगियों से भरे है। अच्छी बात ये है की इस समय भारतियों पर कनाडा में हुए ताजा हमले के मुद्दे पर हम सब एक हैं सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आये हैं उसमें साफ तौर पर दिखता है कि हिंदू मंदिर के सामने पहले खालिस्तान समर्थकों की टोली गाड़ियों से आती है और खालिस्तानी झंडों के साथ वहां एकत्रित लोगों के साथ मारपीट करती है। वहां की पुलिस की बीच-बचाव करती दिखती है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टुडो ने भी इस हमले मैंने से ही इंकार कर दिया है ,जबकि स्थानीय पुलिस ने इस मामले में दो-तीन लोगों की गिरफ्तारी की बात कही गई है।

पूजाघरों में इस तरह की घटनाएं सिहरन पैदा करतीं हैं । कनाडा में अगले वर्ष आम चुनाव है और कई लोगों भारत के साथ प्रधानमंत्री टुडो की नीतियों को उनकी राजनीतिक महत्वांकाक्षा से जोड़ कर देखते हैं। टूडो की नजर भारत से अलग पृथक देश खालिस्तान बनाने का सपना पालने वाले खालिस्तानी संगठनों से जुड़े वोटरों पर है। ऐसे में भारतीय समुदाय पर या धार्मिक स्थलों पर उनका हमला बढ़ने की आशंका है। भारत और कनाडा के बीच फिलहाल जो कड़वाहट घुली है, उसे दोनों देशों के रिश्तों का सबसे निचला स्तर बताया जा रहा है और ये दौर दोनों देशों के मौजूदा नेतृत्व कि क्षमताओं पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। ये समझने कि जरूरत है कि अचानक ऐसा क्या हुआ, जो भारत और कनाडा जैसे दो मित्रदेशों के रिश्ते इतने बुरे दौर में पहुंच गए ? क्या कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में वाकई भारत सरकार का हाथ है और तीसरा, क्या टूडो का बयान पूरी तरह घरेलू वोटबैंक की राजनीति से प्रेरित है।

भारत-कनाडा रिश्तों का इतिहास खट्टा-मीठा रहा है। ये बनते-बिगड़ते रहे है। अत्तीत में झांककर देखें तो कनाडा-भारत संबंध,कनाडा और भारत गणराज्य के बीच द्विपक्षीय संबंध हैं। माना जाता है कि लोकतंत्र के लिए आपसी प्रतिबद्धता, बहुलवाद और लोगों के बीच परस्पर संबंधों पर आधारित हैं।कांग्रेस के शासनकाल में 2009 तक भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 4.14 बिलियन डालर का था। वर्षों पहले एयर इंडिया फ्लाइट 182 में हुए विस्फोट के बाद दोनों देशों के रिश्तों में जो कड़वाहट आई थी उसका असर दो दशकों रहा। आपको याद होगा कि 23 जून 1985... वो तारीख जब खालिस्तानियों ने एयर इंडिया की एक विमान को निशाना बनाया। इस विमान हादसे में 329 की हुई थी मौत, मरने वालों में 268 कनाडा के नागरिक थे। यह विमानन इतिहास में सबसे घातक आतंकवादी हमला था। खालिस्तानी आतंकियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए विमान पर हमला किया था। हमले के 39 साल पूरे होने के बाद भी कनाडा पुलिस हादसे की जांच नहीं कर पाई थी। इस हमले से पहले भी भारत द्वारा 1974 में हुए परमाणु परीक्षण ने दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों में तल्खी पैदा हुई थी। कनाडा ने तब भारत पर कोलंबो योजना की शर्तों का उल्लंघन का आरोप लगया था ,हालाँकि 1990 के दशक के अंत में जाँ श्रेतियाँ और रोमियो लब्लैंक दोनों ने भारत की, पोखरण-2 परीक्षणों के बाद, संबंधों को एक बार फिर से अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।मुझे याद है कि कनाडा के प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने 2012 में भारत का दौरा किया था। कनाडा और भारत बड़े पैमाने पर व्यापार करते हैं। भारत मुख्य रूप से कनाडा से दाल आयात करता है। उच्च शिक्षा के लिए भारतीय छात्रों के लिए कनाडा एक पसंदीदा स्थान है।इस बीच कनाडा में सिख आतंकवादियों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों में हुए इजाफे के दौरान कनाडा सरकार द्वारा अपेक्षित रोकथाम करने कथित कमी ने दोनों देशों के बीच तनाव पैदा कर दिया है

हाल के दशक में कनाडा ने नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा कर तनाव के नए बीज बोये । भारत ने इसके जवाब में कनाडा को झिड़की दी और साफ शब्दों में कहा कि कनाडा को अपने काम से काम रखना चाहिए और भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। पिछले साल 2023 में, जी-20 बैठक के बाद, कनाडा की टूडो सरकार ने भारत पर एक कनाडाई सिख कार्यकर्ता, हरदीप सिंह निज्जर, जो खालिस्तान आंदोलन का हिस्सा था, की कनाडा में हत्या करने का आरोप लगाया। तब से अब तक रिश्तों में कड़वाहट इतनी बढ़ी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को देश निकला तक दे दिया। अब स्थिति ये है कि कनाडा ने तमाम हदें लांघते हुए भारत के गृहमंत्री तक पर गंभीर आरोप लगा दिए है। मुमकिन है कि इन आरोपों को लेकर 25 नबंवर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में गहमागहमी रहे।

कनाडा और भारत के रिश्तों को समझने के लिए हमें बहुत पीछे जाना पडेगा, इतने पीछे जहाँ कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू खड़े नजर आने लगें। नेहरू को सदैव गालियां देने वालों को शायद ये पता नहीं होगा कि भारत और कनाडा के रिश्तों की नीव में नेहरू ही हैं मोदी नहीं। इतिहास बताता है कि आजादी के बाद से लेकर 1960 के दशक में कनाडा-भारत संबंधों को भारतीय प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और दो वर्षों के दौरान सेवा करने वाले दो कनाडाई प्रधानमंत्रियों लुई सेंट लॉरेंट और लेस्टर बी पियर्सन के व्यक्तिगत संबंधों के कारण बढ़ावा मिला था। ये रिश्ते आज के पुतिन मोदी संबंधों जैसे कहे जा सकते है। इनकी तुलना नेतन्याहू और मोदी के निजी संबंधों से भी की जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र और राष्ट्रमंडल में कोरियाई युद्ध और स्वेज संकट जैसे विविध मुद्दों पर, भारत और कनाडा के बीच रुचि और प्रतिबद्धता का एक अनूठा उदाहरण है । । नेहरू के ही कार्यकाल में भारत के लिए कनाडा का सहायता कार्यक्रम 1951 में शुरू हुआ और कोलंबो योजना के तहत काफी बढ़ा। कनाडा ने भारत को खाद्य सहायता, परियोजना वित्तपोषण और तकनीकी सहायता प्रदान की। पिछले पांच दशकों में भारत, कनाडाई द्विपक्षीय सहायता का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता रहा है, जिसकी राशि 3.8 बिलियन से अधिक कनाडाई डॉलर है। नेहरू के कार्यकाल में ही 1960 के दशक में, कनाडा ने कोलंबो योजना के माध्यम से कुंडाह हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर हाउसपरियोजना का समर्थन किया । लेकिन आज दोनों देशों के रिश्तों में इतनी कड़वाहट बढ़ गयी है कि इन्हें दूर करने में दशकों लग जायेंगे कम से कम मोदी और टूडो के रहते तो ये रिश्ते अब सुधरने वाले नहीं है। लौटकर मंदिर में श्रृद्धालुओं पर हुए ताजा हममले पर आते है। इन हमलों के खिलाफ पूरा भारत एक है । संसद में भी ये एकता दिखाई देना चाहिए।

दोनों देशों के बीच रिश्तों में कड़वाहट के बीच कनाडा के ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हमले को लेकर हम मोदी जी कि भूमिका से असहमत होते हुए भी उनके साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद सख्त लहजे में उन्होंने कनाडा की जस्टिन टूडो सरकार से कहा कि इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं है। हमारे हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह है। भगवान से प्रार्थना है कि वो दोनों देशों की सरकारों को सद्बुद्धि दे ताकि कनाडा भारत के लिए दूसरा पाकिस्तना न साबित हो।

## संपादकीय

# तलाशनी होगी वजहें

टॉम लेथम की अगुआई वाली न्यूजीलैंड़ ने भारत का तीन टेस्ट की सीरीज में सफाया करके यह दिखा दिया है कि भारत अब घर का भी शेर नहीं रहा है। भारत ने 2000 के बाद से घर में अजेय रहने वाली छवि बनाई थी, जिसे पहला झटका इंग्लैंड़ ने 2012-12 में दिया था। अब यह झटका न्यूजीलैंड़ ने दिया है। भारत के पास 1960 और 70 के दशक में प्रसन्ना और बेदी जैसे स्पिनर होने पर भी भारत घर में ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंड़ीज और इंग्लैंड़ से सीरीज हारते रहते थे, पर 2000 के दौरान भारत ने घर में अजेय रहने वाली छवि बनाई थी। पर भारतीय टीम के हाल के घर के प्रदर्शनों को देखें तो यह साफ हो जाता है कि हमारे बल्लेबाज अब टर्निंग विकेट पर टिकने वाली क्षमता को खोते जा रहे हैं। इसकी एक प्रमुख वजह तो साल में ज्यादातर समय टी-20 क्रिकेट खेलना है। इससे खिलाड़ी विकेट पर टिकने वाली कला को भूलते जा रहे हैं। इस सीरीज में पहले सेंटनर और फिर एजाज पटेल ने भारतीय बल्लेबाजों की बारात निकालकर इस बात को साबित कर दिया है। सवाल यह है कि हमारे बैटर इस कला में पिछड़े.क्यों हैं। इस बात पर ध्यान देने से पता चलता है कि भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज लंबे समय से घरेलू क्रिकेट से दूर बने हुए हैं, इसलिए उन्हें अपनी बल्लेबाजी में आने वाली खामियों को सुधार करने का मौका ही नहीं मिलता है। अब हम कोहली को ही लें तो वह 2021 के बाद से स्पिन गेंदबाजी के सामने मुश्किल में नजर आ रहे हैं। बहुत संभव है कि विराट और रोहित पर उम्र का असर दिखने लगा हो। पर इस संबंध में सही तस्वीर इस माह के आखिर में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर प्रदर्शन से ही सामने आएगी। बहुत संभव है कि भारतीय टीम के सीनियर बल्लेबाजों के बल्ले चमक बिखेरने में कामयाब हो जाएं। फिर भी इन सीनियर बल्लेबाजों के विकल्प तलाशने का समय आ गया है। भारत की इस करारी हार से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने की संभावनाएं तो कमजोर हुई हैं ही, साथ ही नये मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवालिया निशान लगने लगे हैं। भारत यदि ऑस्ट्रेलिया से 0-5 से सीरीज हार जााता है तो फिर आलोचकों का मुंह बंद करना मुश्किल हो जाएगा। इस हार से विश्व टेस्ट चैपियनशिप में भारत के फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बेहद कमजोर हो गई हैं। भारत के लिए अब फाइनल खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने की चुनौती है, जो असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है।

## चिंतन-मनन

# प्रार्थना की शक्ति का महत्व...

मनुष्य का जीवन उसकी शारीरिक एवं प्राणिक सत्ता में नहीं, अपितु उसकी मानसिक एवं आध्यात्मिक सत्ता में भी आकांक्षाओं तथा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए और कामनाओं का है। जब उसे ज्ञान होता है कि एक महत्तर शक्ति संसार को संचालित कर रही है, तब वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, अपनी विषम यात्रा में सहायता के लिए, अपने संघर्ष में रक्षा के लिए आय प्राप्त करने के लिए प्रार्थना द्वारा उसकी शरण लेता है।

प्रार्थना द्वारा भगवान की ओर साधारण धार्मिक पहुंच, अपने को ईश्वर की ओर मोड़ देने के लिए यह हमारी प्रार्थनारूपी विधि हमारी धार्मिक सत्ता का मौलिक प्रयत्न है, और एक सार्वभौम सत्य पर स्थित है- भले ही इसमें कितनी भी अपूर्णताएं हों और सचमुच अपूर्णताएं हैं भी।

प्रार्थना के प्रभाव को प्राय? संदेह की दृष्टि से देखा जाता है और स्वयं प्रार्थना निरर्थक तथा निष्फल समझी जाती है। वैश्व संकल्प सदैव अपने लक्ष्य को ही कार्यान्वित करता है। वह सर्वज्ञ होने के कारण अपने वृहत्तर ज्ञान से कर्तव्य पहले ही जान लेता है, परंतु यह व्यवस्था यांत्रिक नियम से नहीं, बल्कि कुछ शक्तियों एवं बलों के द्वारा कार्यान्वित होती है।

यह मानव संकल्प, अभीप्सा और श्रद्धा का एक विशेष रूप मात्र है। प्रारंभ में प्रार्थना निम्न स्तर भी हमारे सबंध को तैयार करने में सहायता पहुंचाती है। मुख्य वस्तु इस प्रकार का साक्षात संबंध, मनुष्य का ईश्वर से संपर्क, सचेतक आदान-प्रदान न कि पार्थिव वस्तु की प्राप्ति।

अपनी मानसिक रचना के निर्माण के बाद यदि व्यक्ति अपने को ईश कृपा पर समर्पित कर देता है, और इसमें भरोसा रखता है, तो उसको अवश्य ही सफलता मिलेगी। यदि कोई ईश्वर की कृपा का मात्र आह्वान करता है, तो अपने को उसके हाथों में सौंप देता है, तो वह विशेष अपेक्षा नहीं करता। प्रार्थना को सूत्रबद्ध करके किसी वस्तु के लिए निवेदन करना होगा। व्यक्ति को यह सवाल नहीं करना चाहिए। यदि सचाई के साथ सच्ची आंतरिक भावना के साथ याचना की जाए तो संभव है- वह स्वीकृत हो जाए।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है पंजाब में नशे का जाल


ललित गर्ग

पंजाब में आतंकवाद ही नहीं, तरह-तरह के नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है।

पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें हो या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश हिला है। कितनी मांओं की गोद उजड़ गई और कितने वृद्ध पिताओं की सहारे की लाठी टूट गई। नशीले पदार्थों का धंधा सीमाओं से होते हुए देश की रग-रग में पसरता गया है।

पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईंट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्टी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दशार्ती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दशार्ते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है।

पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के युवा गुटका, चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, शराब और भांग आदि के नशे में पड़ कर बर्बाद हो रहे हैं। इस कारण से वे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकलांगता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूंबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। प्रेषकः

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

# क्रिकेटः भुलाए नहीं भूलेगी यह हार


मनोज चतुर्वेदी

मुंबई के वानखेड़े. स्टेड़ियम पर तीसरा टेस्ट हारते ही भारत की उम्मीदों को ऐसा झटका लगा है, जिसका दर्द सालों साल महसूस होता रहेगा। भारत की इस हार से न्यूजीलैंड़ पहली बार अपने घर से बाहर तीन टेस्ट की सीरीज में क्लीन स्वीप करने में सफल हुई है। भारत का भी घर में सीरीज में सफाया पहली बार हुआ है। भारत इससे पहले 2012-12 में एलिस्टेयर कुक की अगुआई वाली इंग्लैंड़ टीम से घर में सीरीज हारी थी। इसके बाद से भारत ने लगातार 18 सीरीज जीतकर घर में अजेय योद्धा वाली छवि बना ली थी। पर टॉम लेथम की अगुआई वाली न्यूजीलैंड़ टीम ने भारत से सीरीज ही नहीं जीती बल्कि उन्हें एकदम से बौना बनाकर रख दिया। लेथम की टीम ने सीरीज जीतने का गौरव तो एक हफ्ते पहले ही पा लिया था। अब तो उसने सीरीज में क्लीन स्वीप करके केक पर आइसिंग लगाने का काम भर किया है। भारत की इस सीरीज में हुई थुक्का-फजीहत के कई कारण हैं। इन कारणों में प्रमुख रूप से गलत फैसले, विराट और रोहित जैसे दिग्गजों का फॉर्म में नहीं होना प्रमुख हैं। भारत के टी-20 विश्व कप जीतने और इस सीरीज के बीच करीब एक माह का समय था। इसलिए मुख्य चयनकर्ता चाहते थे कि प्रमुख खिलाड़ी मैच अभ्यास करने के लिए दलीप ट्रॉफी के कुछ मैच सीनियर खिलाड़ी खेलें। पर इस प्रस्ताव को टीम के सीनियर खिलाड़ियों ने सिरे से खारिज कर दिया। उनका मानना था कि घरेलू क्रिकेट में खेलने से उन्हें किसी तरह की प्रेरणा नहीं मिलती है। वे यदि दलीप ट्रॉफी में खेले होते तो बेहतर तैयारी के साथ इस सीरीज में उतर सकते थे। भारतीय टीम से जुड़े.सीनियर खिलाड़ियों ने शुरूआत में घरेलू मैचों में खेलने की बात मान ली थी। पर बाद में खेलने से इनकार कर दिया आर वह इस तरह लाल गेंद के किसी खास अभ्यास के बिना बांग्लादेश और न्यूजीलैंड़ के खिलाफ पांच टेस्ट में खेलने पर सहमति जता दी। हम अच्छे से जानते हैं कि भारत ने इंग्लैंड़ के खिलाफ घर में सीरीज हारने के बाद अगले 12 सालों में भारत द्वारा जीतीं ज्यादातर सीरीजों के जीतने में कप्तान रोहित शर्मा और विरोट कोहली के प्रदर्शनों की भूमिका अहम रही है। पर इस सीरीज के दौरान दोनों खिलाड़ी जरा भी रंगत में नहीं दिखे। विराट ने अपनी आखिरी 10 टेस्ट पारियों में सिर्फ 192 रन बनाए हैं। वहीं कप्तान रोहित शर्मा इतनी पारियों में 133 रन ही बना सके हैं। रोहित शर्मा यहां पेस गेंदबाजी का भरोसे से सामना नहीं कर पा रहे हैं तो विराट कोहली स्पिन गेंदबाजी, खासतौर से लेफ्ट ऑर्म स्पिनरों का सामना करने में असहज हो गए हैं। अब सवाल यह है कि क्या इन दोनों के विकल्प तलाशने का समय आ गया है। अब यह जोड़ी अगले ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांच टेस्ट मैचों में भी प्रदर्शन सुधार नहीं पाती है, तो फिर इन दोनों को बाहर करने की मांग जोर पकड़.सकती है। रोहित शर्मा बल्ले से तो फ्लॉप रहे और उन्होंने कप्तान के तौर पर भी कई खराब फैसले लेकर सीरीज में भारत की स्थिति दयनीय बनाने में अहम भूमिका निभाई। बेंगलुरू में खेले गए पहले टेस्ट में आसमान में छाए बादलों के बीच टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले की वजह से टीम को 46 रनों के शर्मनाक स्कोर पर आउट होना पड़ा। इस टेस्ट में भारत ने दूसरी पारी में पंत और सरफराज की 177 रनों की साझेदारी से स्थिति संभाल दी थी। पर बाद के बल्लेबाजों के ताश के पत्तों की तरह ढस्ह्ने से भारत को हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद पुणेऔर मुंबई में पहले दिन से टर्न लेने वाली विकेट बनवाने के गलत फैसले ने सीरीज में सफाया कराने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम मैनेजमेंट इस बात को अच्छी तरह से जानता था कि हमारे प्रमुख बल्लेबाजों को टनृिग विकेट पर खेलने में दिक्कत होती है। पर फिर भी आखिरी दो टेस्ट में इस तरह की विकेट बनवाने के पीछे का उद्देश्य समझ से परे है। सही मायनों में घर में स्पिन विकेट पर भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी 2023 से ही उजागर हो गई थी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारत टनृिग विकेट पर नई दिल्ली में तो किसी तरह जीत गया था। पर इंदौर में उसकी पोल खुल गई थी। ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज में 1-2 से हारा सिर्फ अपनी खराब बल्लेबाजी की वजह से अन्यथा उसके गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों के नकेल ड़ाले रखी थी। इस सीरीज में भी स्पिन के मददगार विकेट पर खेलते समय भारतीय बल्लेबाज तकनीकी रूप से कमजोर नजर आए। भारतीय टीम के मुंबई टेस्ट में 147 रनों का लक्ष्य नहीं प्राप्त कर पाने में न्यूजीलैंड़ के गेंदबाज लेफ्ट ऑर्म स्पिनर एजाज पटेल की भूमिका अहम रही। दिलचस्प बात यह है कि इस टेस्ट में 11 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज का जन्म मुंबई में ही हुआ है। यह उनकी गेंदबाजी का ही कमाल था कि भारत ने एक समय 29 रन पर पांच विकेट खो दिए थे। वह तो भला हो ऋषभ पंत का जो उन्होंने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से भारत को एक समय जीत का दावेदार बना दिया था। पर वह विवादास्पद कैच की वजह से आाउट हो गए और भारत की उम्मीदें भी टूट गई।



# लॉ में किया है ग्रेजुएशन तो इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

करियर के रूप में लॉ देश में विस्तृत रूप से फैला हुआ एक प्रेफेशन है जो सोसाइटी के लिए कार्य करता है। लॉ प्रोफेशनल विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सामंजस्य का कार्य करता है। लॉ की पढ़ाई करने के बाद युवाओं के लिए करियर के कई रास्ते खुल जाते हैं जिसकी मदद से स्किल्स का बेहतर इस्तेमाल किया जा सकता है। केवल करियर ही नहीं बल्कि इस प्रोफेशन में सम्मान भी बहुत मिलता है। अगर आप भी लॉ की पढ़ाई करने का विचार कर रहे हैं तो जान लें किन क्षेत्रों में आप करियर बना सकते हैं।

## क्रिमिनल लॉयर

आपराधिक मामलों के लिए अदालत में अपने मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व क्रिमिनल लॉयर ही करता है। वे स्थानीय अदालत, उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में अपने मुवक्किल के लिए अदालत में मामले पेश करते हैं। भारत में एक क्रिमिनल लॉयर को औसतन 7 लाख प्रतिवर्ष सैलरी मिलती है। जहां फ्रेशर को प्रतिवर्ष औसतन 2 लाख रुपये और अनुभवी लॉयर को प्रतिवर्ष औसतन 30 लाख रुपये तक सैलरी तक मिल सकती है।

## कॉरपोरेट लॉयर


कॉरपोरेट लॉयर कंपनियों को उनके इंडस्ट्री के नियमों का पालन करने में मदद करते हैं। वे कंपनी के गठन और मैनेजमेंट से संबंधित सभी कानूनी प्रक्रियाओं में अपने क्लाइंट की सहायता करने के लिए जिम्मेदार हैं। कॉर्पोरेट लॉयर को प्रतिवर्ष औसतन 6.9 लाख रुपये मिलते हैं।

## ज्यूडिशियल सर्विस

लॉ करने के बाद सरकारी नौकरी के भी उतने ही अवसर हैं। अगर आपने लॉ में ग्रेजुएशन किया है और आप सरकारी नौकरी में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आपके लिए ज्यूडिशियल सर्विस के रास्ते खुले हैं। इसके लिए आपको राज्यों द्वारा आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होना होगा। परीक्षा में चयनित होने के बाद 2.2 लाख प्रतिमाह सैलरी दी जाएगी और साथ ही अन्य सुविधाएं भी दिए जाएंगे।

## लीगल पत्रकार

अगर आप लीगल मुद्दों पर लिखने का शौक रखते हैं और पत्रकारिता को करियर के रूप में चुनना चाहते हैं तो आपके लिए लीगल पत्रकार के रूप में करियर का बेहतर ऑप्शन मौजूद है। इस क्षेत्र में करियर के लिए आपके पास बेहतर कम्यूनिकेशन और राइटिंग स्किल्स होनी चाहिए। बेहतर अवसरों के साथ यह करियर का बेहतर और बेहद अलग ऑप्शन हो सकता है। एक लीगल पत्रकार भारत में प्रतिवर्ष 3.7 लाख रुपये की सैलरी के शुरुआत कर सकते हैं।



# पर्सनैलिटी में इस तरह लाएं निखार

**हम सभी अपने जीवन में तरक्की करना चाहते हैं और इसके लिए एक अच्छी जॉब पाने की हसरत हम सभी के मन में होती है। लेकिन एक अच्छी जॉब पाने के लिए सिर्फ आपकी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन या फिर वर्क एक्सपीरियंस ही महत्वपूर्ण नहीं है। बल्कि आपकी पर्सनैलिटी का भी एक गहरा प्रभाव पड़ता है। आप खुद को किस तरह कैरी करते हैं, उसका इंप्रेशन आपकी जॉब अपॉइटमेंट से लेकर ग्रोथ तक पड़ता है। ऐसे में अगर आप भी अपनी पर्सनैलिटी में निखार लाना चाहते हैं तो आप इन आसान टिप्स की मदद ले सकते हैं-**

**कपड़ों पर दें ध्यान** – कपड़े बिना बोले ही हमारी पर्सनैलिटी के बारे में काफी कुछ कह जाते हैं। इसलिए, जब भी आप तैयार होते हैं तो ओकेजन को ध्यान में रखकर रेडी हो। हमेशा सही तरह से ड्रेसअप होने से एक कॉन्फिडेंस आता है, जो आपके व्यक्तित्व में निखार लाता है। बॉडी पर बहुत अधिक टैटू, पियर्सिंग या भड़कीले कलर आपको अनप्रोफेशनल दिखा सकते हैं।

**अपनी बॉडी लैंग्वेज पर काम करें** – बॉडी लैंग्वेज आपके व्यक्तित्व के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी आपके ओरल कॅम्युनिकेशन स्किल्स। यह आपके बारे में बहुत कुछ बताता है और लोगों को आपके बारे में सटीक अनुमान लगाने में मदद करता है। आपके चलने, बैठने, बात करने या खाने के तरीके सहित सब कुछ आपके आस-पास के लोगों पर प्रभाव डालता है। सही बॉडी लैंग्वेज होने से आपके व्यक्तित्व में निखार आता है। हमेशा सीधा चलने की कोशिश करें और बोलते समय हमेशा आंखों का संपर्क बनाएं।

**विनम्र रहें** – जब बात पर्सनैलिटी की होती है, तो आपका व्यवहार भी एक महत्वपूर्ण बिन्दु है, जिस पर आपको ध्यान देना चाहिए। मसलन, हमेशा विनम्र रहें और सभी का मुस्कान के साथ अभिवादन करें। अपने साथियों की मदद करने में कभी भी संकोच न करें। इससे आपकी पर्सनालिटी में भी आत्मविश्वास आएगा। अपने जूनियर्स और सीनियर्स के लिए समान रूप से विनम्र और जमीन से जुड़े रहें।

**एक अच्छे श्रोता बनें** – जब कोई आपसे बात करे तो दिलचस्पी से सुनें और उन्हें पूरा ध्यान और महत्व दें। इस दौरान आई कॉन्टैक्ट बनाए रखें, ताकि सामने वाले व्यक्ति को यह महसूस हो कि आप उसे ध्यान से सुन रहे हैं। साथ ही, लोगों के बारे में बेहतर तरीके से जानने और उनसे बेहतर तरीके से जुड़ने में आपकी मदद करेगा।




# बेहतरीन करियर ऑप्शन है इंटीरियर डिजाइनिंग

सीमित स्थान में घर, दफ्तर, मॉल या किसी भी प्रॉपर्टी के लिए ऐसा डिजाइन तैयार करना, जिससे वह सुंदर और व्यवस्थित दिखे, यह काम इंटीरियर डिजाइनर का होता है। इंटीरियर डिजाइनिंग एक विज्ञान है, जिसमें आपको जगह के बारे में अच्छी जानकारी होना जरूरी है, ताकि छोटे-से-छोटे एरिया को आकर्षक बनाया जा सके। आज छोटे शहरों और गांवों से लोग बड़े शहरों का रुख कर रहे हैं और कम जगह में ज्यादा लोगों को घर देने के लिए जो फ्लैट कल्चर पैदा हुआ है, उसने भी इंटीरियर डिजाइनर की भूमिका बहुत खास बना दी है। छोटे-छोटे घरों में पूरे परिवार के हिसाब से सामान व्यवस्थित करना, ताकि कम जगह में भी घर खूबसूरत लगे, यह काम इंटीरियर डिजाइनर ही कर सकता है। वैसे तो इंटीरियर डिजाइनिंग अपने आप में स्पेशलाइजेशन वाला कोर्स है, लेकिन इसके अंतर्गत ऑफिस डिजाइनिंग, किचन डिजाइनिंग, रूम्स डिजाइनिंग, बिजनेस डिजाइनिंग और होम डेकोर में एक्सपर्टीज हासिल कर सकते हैं। इंटीरियर डिजाइनर का काम काफी चुनौतीपूर्ण होता है। प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए पूरी टीम से सहयोग बिठाना होता है। साथ ही, कस्टमर के बजट और पसंद के मुताबिक घर को सजाना होता है। कई बार जो डिजाइन तैयार किया जाता है, वह ग्राहक को पसंद नहीं आता या वह उसमें कुछ बदलाव चाहता है। इसलिए बीच-बीच में उसको अपना काम दिखाते रहना होता है। इंटीरियर डिजाइनर की भूमिका इसलिए भी अहम होती है कि वह अपनी ट्रेनिंग, क्रिएटिविटी और अनुभव के आधार पर ऐसे काम करता है, जिससे किसी भी स्पेस का सही और सुंदर रूप सामने आता है। वही तय करता है कि किसी भी घर को आकर्षक बनाने में किस तरह के रंगों का चयन किया जाए, सोफा, टेबल, डाइनिंग टेबल, बेड समेत पूरे फर्नीचर का लुक और डिजाइन कैसा हो। फैंसी लाइट्स और डेकोरेटिव सामान से घर को सजाना भी इंटीरियर डिजाइनर के जिम्मे होता है।

## कहां-कहां मौके

अपना घर सजाना किसे अच्छा नहीं लगता? खासकर सेलिब्रिटी और हाई प्रोफाइल लोगों के बीच तो इंटीरियर डिजाइनर से अपने बंगले को खूबसूरत बनवाने का खूब चलन है। इंटीरियर डिजाइनिंग के प्रति लोगों का रुझान इस हद तक बढ़ चुका है कि वे खुद किसी स्पेस को डिजाइन करने की अपेक्षा प्रशिक्षित इंटीरियर डिजाइनर की मदद लेना पसंद करने लगे हैं। शादी, बर्थडे, एनिवर्सरी जैसे कई आयोजनों में सजावट के लिए इनकी सेवा लेने का चलन भी आजकल जोर पकड़ रहा है। इसलिए इनकी मांग खूब बढ़ रही है। घर और कमर्शियल प्रॉपर्टी में कम स्पेस में भी ज्यादा सामान को अच्छी तरह रखने के लिए इंटीरियर डिजाइनर की जरूरत होती है। शुरूआत में किसी आर्किटेक्चर फर्म, बिल्डर फर्म, पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट, टाउन प्लानिंग ब्यूरो, होटल, रिसोर्ट, रेस्तरां, स्टूडियो वर्क प्लानर या कंसल्टेंसी में सहयोगी के तौर पर काम कर सकते हैं। इसके अलावा, अपना काम शुरू करने का ऑप्शन भी इस फील्ड में काफी लोकप्रिय है।

## क्वॉलिफिकेशन और कोर्स

इंटीरियर डिजाइनिंग में आप बारहवीं के बाद डिप्लोमा, डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। ग्रेजुएशन के बाद भी इस क्षेत्र में आना चाहें, तो पीजी डिप्लोमा, डिग्री कोर्स कर सकते हैं। आप इस फील्ड में बैचलर इन इंटीरियर डिजाइन, बीए इन इंटीरियर आर्किटेक्चर एंड डिजाइन, डिप्लोमा इन इंटीरियर स्पेस एंड फर्नीचर डिजाइन, पीजी डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन जैसे कोर्स कर सकते हैं।

## सैलरी

इंटीरियर डिजाइनर के रूप में शुरूआत में 15 से 20 हजार रुपए महीना तक सैलरी मिल जाती है। शुरूआत में किसी फर्म में नौकरी करना उचित रहता है क्योंकि इससे काम करने का तरीका पता चलता है और प्रेक्टिकल नॉलेज के साथ-साथ अनुभव भी बढ़ता है।


## स्किल्स

इंटीरियर डिजाइनिंग के क्षेत्र में आने के लिए क्रिएटिविटी और टेक्नोलॉजी की समझ होना जरूरी है। तभी आप इस फील्ड में बेहतर काम कर पाएंगे। डिजाइनिंग से जुड़े होने की वजह से यहां इमेजिनेशन अच्छी होनी चाहिए, ताकि आपके दिमाग में नए कॉन्सेप्ट आएं और उन आइडियाज को वास्तविक बना सकें। मार्केट में चल रहे ट्रेंड से अपडेट रहना और कस्टमर फ्रेंडली बिहेवियर आपके काम में मददगार साबित हो सकता है। इंटीरियर डिजाइनर के तौर पर सफल होने के लिए रियल एस्टेट फील्ड की भी जानकारी होनी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि बिल्डिंग, घर या कमर्शियल प्लेस में किस तरह का मटेरियल इस्तेमाल हो रहा है और क्या लेटेस्ट डिजाइन चल रही है।

# करियर बना सकती है फोटोग्राफी

**आपको फोटोग्राफी पसंद है और आप किसी सीन को बड़ी खूबसूरती से कैप्चर कर सकते हैं, तो इस कला को करियर बना सकते हैं।**

फोटोग्राफी के लिए इनोवेटिव होना जरूरी है ताकि किसी विजुअल को अलग ढंग से देख सकें और उसका महत्व समझ सकें। तस्वीरें खींचने का अपना मजा है लेकिन एक सफल फोटोग्राफर बनने के लिए पैशन भी चाहिए। आपके अंदर तस्वीरों के जरिये कहानी बयां करने की चाहत होनी चाहिए। सही पल को कैमरे में कैद करने की कला आएगी, तभी इस फील्ड में काम के साथ कमाई हो पाएगी। फोटोग्राफी एक टेक्निकल लाइन भी है। ऐसे में खुद को अपडेट रखना और कैमरे की टेक्नोलॉजी से परिचित रहना जरूरी है। जिन युवाओं का मन नौ से पांच की नौकरी करने के बजाय कैमरे से देश-दुनिया को एक्सप्लोर करने का करता है, उनके लिए यह एक परफेक्ट फील्ड हो सकता है।



## जॉब का स्कोप

फोटोग्राफी में ट्रेनिंग लेने के बाद प्रेस फोटोग्राफर, फैशन फोटोग्राफर, पोट्रेट फोटोग्राफर, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर, फीचर फोटोग्राफर, फोरेंसिक फोटोग्राफर, साइंटिफिक फोटोग्राफर बन सकते हैं और फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं। यह एक ऐसा फील्ड है, जहां आपको अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर भी मिल सकता है। हर कंपनी अपने प्रोडक्ट के साथ कैलेंडर, मैग्जीन, विज्ञापन ब्रोशर आदि प्रकाशित करती हैं, जिनमें आकर्षक और स्टाइलिश तस्वीर के लिए फोटोग्राफर की खास भूमिका होती है। मीडिया, ट्रैवल, फिल्म और फैशन इंडस्ट्री बूम करने से यहां फोटोग्राफी का भविष्य काफी उज्जवल है। रेगुलर जॉब में आप 15 से 20 हजार रुपए प्रति माह कमा सकते हैं। बाद में प्रोफाइल के मुताबिक सैलरी बढ़ती जाती है।

## कोर्स व क्वॉलिफिकेशन

फोटोग्राफी में बारहवीं और ग्रेजुएशन के बाद सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स और डिग्री ले सकते हैं। मीडिया के सब्जेक्ट में भी कैमरा पढ़ाया जाता है, जिसके बाद कैमरे की एडवांस ट्रेनिंग और पढ़ाई की जा सकती है।



# टेक्सटाइल इंडस्ट्री में करियर बनाना आसान

**अगर आप टेक्सटाइल डिजाइनिंग या प्रोडक्शन में दिलचस्पी रखते हैं, तो टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में अपना करियर बना सकते हैं।**

सभी देश के विकास में टेक्सटाइल इंडस्ट्री का बहुत बड़ा योगदान है। भारत में भी इस इंडस्ट्री का देश की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे देश के सबसे पुराने इंडस्ट्री में से एक माना जाता है। टेक्सटाइल डिजाइनिंग व इंजीनियरिंग के सुनहरे भविष्य के मद्देनजर अगर इसे दुनिया की एक बड़ी उभरती हुई इंडस्ट्री कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए सरकार की संशोधित टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फंड स्कीम से टेक्सटाइल सेक्टर में करीब 1 लाख करोड़ रुपए का निवेश होने और 30 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। भारत में यह इंडस्ट्री रिसर्च, डेवलपमेंट, मेन्युफैक्चरिंग और मर्केंडाइजिंग जैसी कई श्रेणियों में काम कर रही है। जिसके कारण इसमें जॉब के अवसर भी पहले की अपेक्षा अब तेजी से बढ़ रहे हैं।

## टेक्सटाइल इंजीनियरिंग क्या है

अगर टेक्सटाइल सेक्टर की बात करें तो इसमें रंग, वस्त्र फाइबर, मशीनरी और उत्पाद, कपड़ा और परिधान प्रक्रियाओं को डिजाइन और नियंत्रित करने की प्रक्रिया शामिल है। इसमें फैशनेबल कपड़ों की मांग को ध्यान में रखते हुए बहुत ज्यादा रिसर्च, क्रिएटिविटी और इनोवेशन की जरूरत होती है। इसमें टेक्सटाइल इंजीनियरिंग की यह शाखा उन सिद्धांतों का भी अध्ययन करती है जो कपड़ा फाइबर के प्रकार के यार्न और टेक्सटाइल कपड़ों के निर्माण में किया जाता है। कपड़ा इंजीनियरिंग में, कपड़े को आकर्षक और फैशनेबल बनाने पर जोर दिया जाता है। इसके लिए टेक्सटाइल इंजीनियर को काफी रिसर्च और एक्सपेरिमेंट करना पड़ता है। टेक्सटाइल इंजीनियर को नवाचार, अनुसंधान और रचनात्मकता जैसे कौशल की आवश्यकता होती है।

## किस तरह का कोर्स करें

टेक्सटाइल इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए आपको 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स या बायोलॉजी जैसे विषय में पढ़ाई करनी होगी। इसके बाद टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में बीई या बीटेक, टेक्सटाइल डिजाइनिंग में बीए, टेक्सटाइल डिजाइन में बीएससी, बैचलर ऑफ डिजाइन, डिप्लोमा इन टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग या टेक्सटाइल केमिस्ट्री में बीटेक कर सकते हैं। वहीं आप इन कोर्सेज में एडवांस्ड डिप्लोमा, एमईए एमटेक और उसके बाद पीएचडी भी कर सकते हैं।

## जॉब प्रोफाइल क्या है

इस इंडस्ट्री में आप मुख्य रूप से प्रोडक्शन कंट्रोल, प्रोडक्ट रिसर्च एंड डेवलपमेंट, इंजीनियरिंग प्रोसेस, सेल्स, कॉर्पोरेट मैनेजमेंट, सुपरविजन आदि डिपार्टमेंट्स में काम कर सकते हैं। एक टेक्सटाइल इंजीनियर आम तौर पर इंजीनियरिंग प्रोसेस से जुड़ा होता है, जबकि अपैरल और गारमेंट्स की डिजाइनिंग और मेन्युफैक्चरिंग के लिए काम करने वाले प्रोफेशनल्स प्रोडक्ट रिसर्च एंड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में काम करते हैं।

## इन स्किल की जरूरत


अगर आप इस फील्ड में जाना चाहते हैं तो आपके अंदर कई स्किल का होना जरूरी है। जिसमें मुख्य रूप से कम्युनिकेशन स्किल्स, कम्प्यूटर स्किल्स, एनालिटिकल स्किल्स और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स होनी जरूरी हैं। इसके अलावा उनमें चीजों की बारीकियों पर ध्यान देने की क्षमता, लॉजिकल थिंकिंग और क्रिएटिविटी होनी भी जरूरी है।

## करियर की संभावनाएं

कोर्स पूरा होने के बाद आप आप इस फील्ड में टेक्सटाइल मिल्स, एक्सपोर्ट हाउसेज, निटवेयर मेन्युफैकचरिंग यूनिट्स, टेक्सटाइल डाइंग एंड प्रिंटिंग यूनिट्स में काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप सरकार द्वारा प्रायोजित अथवा निजी सिल्क, हैंडलूम, जूट, खादी, क्राफ्ट डेवलपमेंट संस्थानों में काम कर सकते हैं। आप फैशन रीटेलर्स डिजाइन स्टूडियोज और बड़ी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज जैसे में भी काम कर सकते हैं।

## सैलरी

टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा व डिग्री के बाद आप फ्रेशर के तौर पर अगर आप नौकरी करना चाहते हैं तो 30 से 45 हजार रुपये का शुरुआती वेतन आसानी से मिल जाता है। अनुभव के बाद, आप आईआईटी से टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है, तो आपको शुरुआती वेतन काफी आकर्षक लग सकता है।



## राहुल गांधी पर मानहानि के केस में फिर टली सुनवाई

सुलतानपुर । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया था। परिवादी विजय मिश्र के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश के कारण सुनवाई नही हो सकी। 31 अक्टूबर को कोर्ट में अवकाश होने के कारण सुनवाई मंगलवार को होनी थी। परिवादी से शेष जिरह के लिए 23 नवम्बर की तारीख नियत की गई है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है। परिवादी से जिरह की कार्रवाई में मामले की सुनवाई नियत की गई है।

## बरसाना में बरसे लाठी-डंडे, एक घंटे तक जमकर हुआ पथराव, एक की मौत

**-मामूली कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष, क्षेत्र में तनाव, पुलिस बल तैनात**

मथुरा। बरसाना के गांव रांकोली में मामूली कहासुनी को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्ष आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी, डंडे चले व पथराव भी हुआ। इसमें बीच-बचाव करने आए एक बुजुर्ग की लाठी लगने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति है वहां पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को बरसाना क्षेत्र के राकोली गांव में देवीराम और रामधन में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा कि उसने संघर्ष का रुप ले लिया और दोनों पक्षों की तरफ से लाठी-डंडा व पथराव शुरु हो गया। करीब एक घंटे तक दोनों पक्षों के बीच पथराव होता रहा। इस दौरान देवीराम चोटिल हो गया। वहीं बीच बचाव करने आए बुजुर्ग हीरालाल को डंडा लग गया जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी कहासुनी को लेकर झगड़ा हो गया था। वहीं बीच बचाव के दौरान एक बुजुर्ग हीरालाल की लाठी लगने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज लिया है और आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

## कानपुर में अस्पताल के संचालक पर नर्स से बलात्कार का आरोप

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर में निजी अस्पताल के संचालक पर 22 वर्षीय नर्स का रेप करने का आरोप लगा है। रिपोर्टों के अनुसार, यह आशंका है कि रेप से पहले आरोपी ने नर्स को नशीला पदार्थ पिलाया, इसके बाद बेहोशी में उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता पिछले कुछ माह से अस्पताल में नर्स के रूप में काम कर रही थी। बीती रविवार शाम को नर्स को अस्पताल के डायरेक्टर द्वारा आयोजित पार्टी में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। तभी आरोपी डायरेक्टर इम्तियाज ने नर्स को आधी रात के आसपास अपने कमरे में बुलाकर जबरदस्ती अंदर खींचकर दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने रात में नर्स को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। कानपुर पुलिस ने नर्स की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी इम्तियाज को गिरफ्तार किया है। जहां अदालत में पेश किया गया है। पीड़िता ने बताया कि वह 22 साल की है और आरोपी के नर्सिंग होम में नर्स है। देर रात डायरेक्टर ने नाइट ड्यूटी के बहाने पार्टी के लिए रोका और उसके बाद अकेला पाकर मुझे कमरे में खींच लिया।

## 3 साल में बांधवगढ़ में 93 बाघों की मौत अभी 10 हाथियों की मौत एक साथ

भोपाल । बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पिछले तीन सालों में 93 बाघों की मौत हुई है। इन मोतों को रोकने में वन विभाग के अधिकारी असफल साबित हुए हैं। इस साल में भी 12 बाघ अभी तक मर चुके हैं। यह सभी मौतें टाइगर रिजर्व के अंदर हुई है। हाल ही में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 साथियों की मौत हुई है। रात भर हाथी चिंघाड़ते रहे। इसके बाद भी वन कर्मियों ने उनकी सुध नहीं ली। टाइगर रिजर्व में जिस तरह से वन्य जीवों की मौत हो रही है। उसको लेकर देश भर में चिंता प्रकट की जा रही है। वन्यजीवों की मौत का सिलसिला यहां पर रुक नहीं रहा है। लगातार वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायत शासन स्तर पर होती हैं। लेकिन पिछले तीन वर्षों में कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस बार कड़ा रुख अख्तियार किया है।

## मध्य प्रदेश में तेजी से फैल रहा है लंमम्पी वायरस

नीमच । मध्य प्रदेश के नीमच और मंदसौर जिले में लंमम्पी वायरस का संक्रमण तेजी के साथ फैल रहा है। पशु चिकित्सालयों में उपचार की व्यवस्था नहीं है। अस्पतालों में डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। अभी तक अकेले नीमच में 200 से ज्यादा मवेशियों की मौत उक्त वायरस के कारण हो चुकी है। मवेशियों को जो वैक्सीन डोज लगाए जाते हैं। उसका काम भी अभी तक शुरु नहीं हुआ है। जब लंमम्पी वायरस तेजी के साथ फैल रहा है। उसके बाद पशु चिकित्सा विभाग ने 1 लाख वैक्सीन मगाने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे समझा जा सकता है, पशु चिकित्सा विभाग किस तरह से सजग है। लगभग एक माह से प्रदेश के कई हिस्सों में लंम्पी वायरस फैलने की जानकारी आना शुरू हो गई थी। उसके बाद भी पशु चिकित्सा विभाग द्वारा वैक्सीनेशन नहीं किया गया।

# यूपी मदरसा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मौलाना महमूद मदनी ने किया स्वागत, जानें क्या कहा

**लखनऊ (एजेंसी)**। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया, इसे %न्याय की जीत% और %अंत में बहुत जरूरी रोशनी% बताया। भारतीय मुस्लिम समुदाय के लिए %सुरंग%. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शीर्ष अदालत का फैसला सराहना का पात्र है, उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसे फैसले देने के लिए न्यायपालिका, खासकर निचली अदालतों की आलोचना होती है, जो कुछ मामलों में अन्यायपूर्ण लगते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए। हमारी अदालतों और खासकर निचली अदालतों के खिलाफ शिकायत है कि उनके फैसले कई मामलों में न्याय के खिलाफ हैं।




भारत के मुख्य न्यायाधीश की जियो और जीने दो% वाली टिप्पणी पर विचार करते हुए, उन्होंने प्रत्येक भारतीय के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में इसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत के मुसलमान निराश महसूस कर रहे हैं। इसके कई कारण हैं। मुझे लगता है कि यह फैसला सभी के लिए आश्वस्त करने वाला होगा। मैं यूपी मदरसा बोर्ड एसोसिएशन और टीचर्स एसोसिएशन को उनकी लड़ाई के लिए बधाई देता हूं।

मुस्लिम धार्मिक नेताओं और विपक्षी दलों ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम की वैधता को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि अब मदरसे पूरी आजादी के साथ चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाया गया कानून असंवैधानिक कैसे हो सकता है? इन मदरसों से हजारों लोग जुड़े हुए हैं और सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उन्हें बड़ी राहत मिली है। अब हम पूरी आजादी के साथ अपने मदरसे चला सकते हैं।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस के पैतृक गांव में उनकी जीत के लिए हुई विशेष पूजा

चेन्नई । अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पैतृक गांव तिरुवनंतपुरम जिले के थुलसेंद्रपुरम में श्री धर्मस्थ मंदिर में उनके राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए विशेष पूजा का आयोजन किया। श्री धर्मस्थ मंदिर कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन का पैतृक मंदिर है। कमला के दादा पी.सी. गोपालन ने मंदिर के जीर्णोद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मंदिर के बोर्ड पर दिखाया गया है कि कमला ने मंदिर को 5,000 रुपए का दान दिया, जो उनकी मौसी सरला ने उनकी ओर से किया। ग्रामीणों ने बताया कि पूरा गांव कमला के लिए प्रार्थना कर रहा है। उनके लिए कई पूजा आयोजित हुई हैं। उन्होंने कमला की सफलता के लिए गर्व महसूस कर कहा कि वह एक ऐसी महिला हैं जो वैश्विक मामलों को प्रभावित करने वाले पद के लिए लड़ रही हैं। गांव के लोग कमला की जीत के लिए उत्साहित हैं और यदि वह जीतती हैं, तो अन्नदानम (मुफ्त भोजन वितरण) के साथ जश्न मनाने की योजना बना रहे हैं। डीएमके पार्षद अरुलमोझी और उनके पति टी सुथाकर ने चंदन, हल्दी और अन्य पवित्र वस्तुओं के साथ एक विशेष अभिषेक किया है, और मंदिर में पीठासीन देवता की पूजा की है।



## महाराष्ट्र चुनाव के बीच शरद पवार ने दिया संन्यास लेने का इशारा... क्या पड़ेगा चुनाव पर असर



**लखनऊ (एजेंसी)**। मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के बीच, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने राजनीति से संन्यास लेने का इशारा किया हैं। 84 वर्षीय पवार, जो वर्तमान में राजनीति में सक्रिय हैं, ने कहा कि अब समय आ गया है कि नए नेताओं को मौका दिया जाए।

पवार ने अपने रिटायरमेंट पर कहा, कहीं रुकना ही पड़ेगा। मुझे अब कोई चुनाव नहीं लड़ना है। मुझे चुनाव को लेकर रुकना पड़ेगा और नए लोगों को मौका देने का समय आ गया। उन्होंने बताया कि 14 बार चुनाव लड़ा है और अब वह सरकार का हिस्सा नहीं रहना चाहते हैं। पवार ने अपने राज्यसभा कार्यकाल को लेकर भी विचार व्यक्त किया, इसमें अभी डेढ़ साल का समय है। उन्होंने कहा, इसके बाद मैं राज्यसभा में जाऊंगा या नहीं, इस पर मुझे विचार करना है। मैं अब चुनाव नहीं लड़ूंगा। मुझे अब एमएलए या एमपी नहीं बनना है। मैं लोगों की सेवा करना चाहता हूं। पवार ने कहा कि यदि उनकी विचारधारा के अनुसार सरकार बनती है, तब वे मजबूती से उसके साथ खड़ा रहूंगा। इस साल की शुरुआत में, अजित ने शरद पवार की उम्र को लेकर तंज करते हुए कहा था कि इस उम्र में उन्हें घर में रहना चाहिए। इसके जवाब में, शरद ने कहा कि उनकी उम्र पर टिप्पणी करने वाले अजित को समझना चाहिए कि उनके पास अभी भी राज्यसभा में काम करने का समय बचा है।

# मुस्लिम बहनें भी बिना डर के घूमें, अगर कोई भी गुंडागर्दी करे तो ठोक दो: गडकरी

**नागपुर (एजेंसी)**। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुस्लिम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को भी बिना किसी डर के बाहर निकलना चाहिए और यदि कोई गुंडागर्दी करता है तो उसे सख्ती से निपटने की जरूरत है। गडकरी ने यह टिप्पणी नागपुर के ताज बाग में गुंडागर्दी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान की।

गडकरी ने कहा कि हमने नागपुर में इतनी मजबूत सड़कें बनाई हैं कि अब एक भी गड्ढा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैंने ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि अगर सड़क पर गड्ढे मिले तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। गडकरी का यह बयान ऐसे समय आया है जब वह कांग्रेस पर हमलावर थे और



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 सालों में जनता के लिए कुछ नहीं किया और हमेशा जातिवाद की राजनीति की है।

गडकरी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने मुसलमानों की चिकित्सा जरूरतों का ध्यान रखा है और उन्होंने यह नहीं पूछा कि किसी की जाति क्या है। हमने ताज बाग का सौंदर्यीकरण किया है और गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए डिप्टी कमिश्नर से बात की है। उन्होंने आगे कहा कि मुस्लिम बहनें रात को ताज बाग के रास्ते पर सुरक्षा के साथ घूम सकती हैं। यदि कोई गुंडा उन्हें परेशान करे तो उसे ठोक दो और अगर कोई कुछ कहे तो मेरा नाम बताओ, मैं चिंता नहीं करूंगा। मेरी मां-बहनों की इज्जत सुरक्षित रहनी चाहिए। गडकरी के इस बयान ने महिलाओं की सुरक्षा और राजनीतिक विमर्श में एक नई चर्चा छेड़ दी है, जिसमें वह एक मजबूत संदेश देते हुए नजर आ रहे हैं कि हर किसी को अपनी सुरक्षा के लिए खड़ा होना चाहिए।

## दिल्ली में सर्वे का अनुमान : बीजेपी का खत्म होगा 28 साल का वनवास, 43.4 फीसदी वोट मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले एक सर्वेक्षण के अनुमान में इस बार बीजेपी की सरकार बनने का दावा किया जा रहा है। इस प्रकार यदि सर्वे की बात सच होती है तो दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी का 28 साल का वनवास खत्म होने जा रहा है। सर्वे के अनुसार, दिल्ली में भाजपा को इस बार 43.4 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी के हालिया अंदरूनी सर्वे के बाद 2013 के बाद पहली बार लग रहा है कि वो दिल्ली में सरकार बनाने की स्थिति में आ जाएगी। दरअसल, बीते दिनों पार्टी के अंदरूनी सर्वे में आगामी विधान सभा चुनाव में 43.4 फीसदी वोट मिलने की संभावना के बाद बीजेपी ने इसको 46 फीसदी तक ले जाने का टारगेट रखा है। ऐसे में महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव नतीजों के बाद दिल्ली पर फोकस बढ़ेगा। दिल्ली के पड़ोसी राज्य हरियाणा में मिली जीत से उत्साहित बीजेपी का ध्यान इस वक्त महाराष्ट्र और झारखंड में भले हो लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर अमल अभी से शुरू हो गया है। लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में जिन वजहों से पीछे जाती है, उन पर अभी से ही पार्टी का फोकस है। इसके लिए आरएसएस के पदाधिकारियों ने हरियाणा की तर्ज पर पूरी ताकत लगा दी है और कार्यकर्ता हर बूथ पर 5 लोगों से मुलाकात कर रहे हैं।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीएम सिद्दारमैया समेत अन्य को जारी किया नोटिस

**-आरटीआई कार्यकर्ता ने की मुडा मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग**

**बेंगलुरु (एजेंसी)**। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को आरटीआई कार्यकर्ता की ओर से दायर रिट याचिका पर सीएम सिद्दारमैया और अन्य को नोटिस भेजा है। इस याचिका में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने का निर्देश देने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती, उनके साले मल्लिकार्जुन स्वामी, भारत संघ, राज्य सरकार, सीबीआई और लोकायुक्त को भी नोटिस जारी किया है। उन्होंने लोकायुक्त को मामले में अब तक की गई जांच का ब्यौरा पेश करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर तय की है।

इस बीच लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्दारमैया को 6 नवंबर को पूछताछ के लिए



बुलाया है। इससे पहले 25 अक्टूबर को लोकायुक्त ने सीएम की पत्नी पार्वती से भी पूछताछ की थी जो इस मामले में आरोपी हैं। सीएम पर आरोप है कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) ने उनकी पत्नी को 14 प्लॉट के आवंटन में अनियमितताएं की हैं। मामले में सीएम सिद्दारमैया, उनकी पत्नी पार्वती, स्वामी, देवराजू और अन्य लोगों का नाम शामिल है, जिन्हें मैसूर स्थित लोकायुक्त पुलिस द्वारा 27 सितंबर को दर्ज की गई एफआईआर में नामित किया है। स्वामी और देवराजू ने लोकायुक्त पुलिस के सामने गवाही भी दी है।

गौरतलब है कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) एक स्वायत्त संस्था है, जिसका कार्य शहर के विकास कार्यों के लिए भूमि के अधिग्रहण और आवंटन का है। इसे भूमि घोटालों की वजह से मुडा नाम दिया गया है। इस मामले से जुड़े अधिकारियों के नाम भी सामने आए हैं और इसे करीब पांच हजार करोड़ रुपए का घोटाला माना जा रहा है।

सीएम सिद्दारमैया पर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में कहा है कि उनकी पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन ने कैसारे गांव में कुछ जमीन गिफ्ट के रूप में दी थी। इस जमीन को बाद में मुडा ने अधिग्रहित कर लिया और इसके बदले पार्वती को विजयनगर इलाके में 38,223 वर्ग फीट के प्लॉट दिए गए। आरोप है कि विजयनगर के प्लॉट की कीमत उनके मूल कीमत से काफी ज्यादा है, जिससे इन पर लगे आरोपी की पुष्टि होती है।

# गैरकानूनी तरीके से फडणवीस ने रश्मि शुक्ला को बनाया डीजीपी : राउत

**मुंबई (एजेंसी)**। राज्यसभा सांसद एवं शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र चुनाव से पहले पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला के हटाए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी। शिवसेना यूबीटी गुट के नेता राउत ने कहा कि रश्मि को डीजीपी बनाना एक गंभीर अपराध है। राऊत ने आरोप लगाया कि पूर्व गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रश्मि को गैरकानूनी तरीके से नियुक्त किया था, जबकि रश्मि निलंबित थीं और अपने पद पर रहते हुए भाजपा के विरोधियों के फोन टैप कर रही थीं।

राउत ने कहा कि रश्मि शुक्ला ने चुनावी प्रक्रिया में दखल देकर विधायक चुने जाने के बाद कई नेताओं को धमकाया और डराया था। उनका निलंबन होने वाला था और वे जेल जाने की स्थिति में थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता परिवर्तन के बाद फडणवीस ने रश्मि के खिलाफ सभी मामलों को हटाने के बाद उन्हें पुलिस महासंचालक बना दिया। राउत ने कहा कि भाजपा ने इस स्थिति का फायदा उठाया और पुलिस महासंचालक के कार्यालय को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। राउत ने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाकर कहा कि उन्होंने बार-बार चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि रश्मि को हटाया जाए। उन्होंने कहा, अगर उनका तबादला नहीं किया गया, तब चुनाव आयोग की थोड़ी बहुत इज्जत भी चली जाएगी। यही कारण है कि उनका



तबादला किया गया।

इसके अलावा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे को लेकर राउत ने कहा कि महाराष्ट्र बहुत बड़ा है और यहां 288 विधानसभा सीटें हैं। शिवसेना के उम्मीदवारों के जीतने की संभावना पर राउत ने भाजपा के इस दावे का जवाब दिया कि शिवसेना किसी की निजी प्रॉपर्टी नहीं है। उन्होंने कहा, यह शिंदे की प्रॉपर्टी नहीं है। यह अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी की प्रॉपर्टी नहीं थी। यह बालासाहब ठाकरे और शरद पवार की विरासत है, इस उद्धव ठाकरे को सौंपा गया था।

# तांत्रिक ने तबाह किया परिवार: पत्नी व चार बच्चों की हत्या कर की खुदकुशी

**-जघन्य हत्याकांड से इलाके में फैली सनसनी**

**वाराणसी (एजेंसी)**। वाराणसी में भेलूपुर के भदैनी इलाके में तांत्रिक के कहने पर शराब कारोबारी ने राजेंद्र गुप्ता ने अपने पूरे परिवार को खत्म कर खुदकुशी कर ली। राजेंद्र गुप्ता ने पत्नी नीतू गुप्ता (42), बेटा नवनेंद्र (20) और सुबेंद्र (15), बेटी गौरांगी (16) की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस कारोबारी की तलाश कर ही रही थी कि उसकी भी लाश दूसरे घर के पास मिली। लाश बगल में पिस्टल भी मिला है। माना जा रहा है कि उसने आत्महत्या कर ली है। जघन्य हत्याकांड की जानकारी मिलते ही सनसनी फैल गई। पुलिस अब उस तांत्रिक की तलाश कर रही है जिसके कहने पर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। पड़ोसियों के अनुसार तांत्रिक ने कारोबारी से कहा था कि उसकी पत्नी कारोबार में बाधा है। इस कारण वह दूसरी शादी के चक्कर में भी पड़ा था। अक्सर इसे लेकर पति-पत्नी में झगड़ा होता था। घर में कारोबारी की मां भी थी लेकिन काफी बुजुर्ग होने के चलते वह ठीक से न तो बोल पा रहीं और न चल-फिर पाती हैं। अब वह ही अकेली बची हैं।

**घर में पहले भी हो चुकी थी पांच हत्याएं**

बताया जाता है कि इस घर में इससे पहले भी पांच हत्याएं हो चुकी हैं। पिता, दो गार्ड, भाई और उसकी पत्नी की भी हत्या हुई थी। पड़ोसियों की मानें तो हत्या में कारोबारी जेल भी गया था। जघन्य वारदात का पता मंगलवार की दोपहर तब लगा जब नौकरानी रेनू वर्मा घर पर काम करने के लिए आई। नौकरानी ने बताया कि मैं यहां 5 साल से काम कर रही हूं। सबकुछ अच्छा चल रहा था। सोमवार शाम को मैं खाने बनाने आई तो घर में सिर्फ दो बच्चे थे। मैं खाना बनाकर करीब 6.30 बजे चली गई। इसके बाद सबेरे सबसे पहले सफाई करने वाली रीता पहुंची। उसने आवाज दी, लेकिन किसी का जवाब नहीं मिलने पर उसने दरवाजा खटखटाया। हल्के से धक्के में दरवाजा खुल गया। देखा तो कमरे में चारों लोगों की लाश पड़ी है। आसपास खून बिखरा था। यह देखते ही रीता बेहोश हो गई। तत्काल पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। बताया जाता है कि मारा गया बड़ा बेटा नवनेंद्र बेंगलुरु में मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर था। वह दिवाली पर छुट्टी लेकर घर आया था। घर पर छठ मनाने की तैयारियां चल रही थीं। छोटा बेटा और बेटी डीपीएस में पढ़ते थे।

**पैसों की नहीं थी कोई कमी**

कारोबारी राजेंद्र गुप्ता को पैसे की कोई कमी नहीं थी। उसके पास शहर में कुल चार घर हैं। दो घर तो 50-50 कमरों के हैं। जिस घर में हत्यकांड को अंजाम दिया गया है उसमें 20 कमरे का किराया 80 हजार रुपए आता था। 30 कमरों का रेंट दो लाख से ज्यादा था। इसके अलावा भदैनी में ही दूसरे घर से भी करीब दो लाख से ज्यादा रेंट मिलता था।

# जिस जमीन से लोग ताजमहल के दीदार करते हैं उस पर किसान ने दावा ठोका

**आगरा (एजेंसी)**। आगरा में ताजमहल के निकट स्थित ग्यारह सीढ़ी पार्क को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। कछपुरा के निवासी किसान मुन्ना लाल ने दावा किया है कि इस पार्क में उनकी पुश्तैनी जमीन का एक हिस्सा है, जिस पर उन्होंने 40 वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अधिकार प्राप्त किया है। उनका कहना है कि यह जमीन उनके पूर्वजों द्वारा उपयोग की जाती थी और इसके लिए उनके पास सभी कानूनी दस्तावेज भी मौजूद हैं। मुन्ना लाल के अनुसार, उनकी जमीन पर पहले उनके पिता और चाचा खेती करते थे। लेकिन 1976 में भूमि सीलिंग के कारण यह जमीन उनके हाथ से निकल गई। इसके बावजूद, उन्होंने न्यायालय में अपने स्वामित्व का दावा किया और 1998 और 2020 में जारी दस्तावेजों में भूमि का ट्रांसफर उनके पक्ष में दर्ज किया गया है। हाल ही में, मुन्ना लाल ने पार्क के अंदर छह बीघा जमीन



जोत दी है और इसे चारों ओर तार से घेरकर आम जनता की एंट्री पर बैन लगा दिया है।

आगरा की मंडलायुक्त ऋतु महेश्वरी ने बताया कि यह भूमि आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) के अधिकार क्षेत्र में आती है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। एडीए का उद्देश्य इस पार्क को एक आकर्षक मनोरंजन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करना है, जिसमें ताज महोत्सव जैसे आयोजन भी शामिल हैं। ग्यारह सीढ़ी पार्क, जो पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय स्थल है, खासकर सूर्यास्त के समय ताजमहल का दृश्य देखने के लिए, अब विवादों में घिर गया है। स्थानीय पर्यटक गाइड फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव शकील चौहान ने कहा कि इस नए विवाद ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर उस समय जब ताजमहल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। मुन्ना लाल ने अपनी कानूनी लड़ाई के दौरान कई बार स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया है और उनका दावा है कि उनके पास अदालत के आदेश और रेवेन्यू रिकॉर्ड में स्वामित्व की पुष्टि भी है। अब यह देखना होगा कि स्थानीय प्रशासन और न्यायालय इस विवाद का समाधान कैसे निकालते हैं और पर्यटकों के लिए पार्क की स्थिति पर इसका क्या असर पड़ेगा।

# छोटे शहरों व कस्बों में ई-कॉमर्स की मांग बढ़ी, त्योहारी सीजन में हुई खूब कमाई

## -पिछले साल की त्योहारी बिक्री की तुलना में 20 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।**

भारत के छोटे शहरों और कस्बों में निजी खपत और मांग के बढ़ने के साथ त्योहारी सीजन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिए अच्छा अवसर साबित हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते ट्रेंड के साथ, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने त्योहारी सीजन में सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा दर्ज किया है। यह आंकड़ा पिछले साल की त्योहारी बिक्री की तुलना में 20 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दिखाता है। 26 सितंबर से शुरू हुई त्योहारी बिक्री के पहले सप्ताह में ही 55 हजार करोड़ रुपए का कारोबार हुआ, जो कुल बिक्री का आधा है। ई-कॉमर्स कंसल्टेंसी डेटम इंटेलिजेंस ने इस त्योहारी सीजन में बिक्री में 23 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि का अनुमान लगाया है। इस सीजन में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फैशन कैटेगरी में तेजी देखी गई, जबकि ब्यूटी, पर्सनल केयर, होम और क्विक कॉमर्स जैसे अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर कारोबार दर्ज किया गया। विशेष रूप से क्विक कॉमर्स ने 2023 में बेहतर प्रदर्शन किया है जिसने समग्र ई-कॉमर्स बढ़ोतरी में करीब 8 फीसदी का योगदान दिया, जो पिछले साल 5 फीसदी था। त्योहारी सीजन के दौरान स्मार्टफोन की बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई, जिसमें ऑनलाइन बिक्री के जरिए से स्मार्टफोन की खरीद में करीब 65 फीसदी की हिस्सेदारी रही। टियर 2 और उससे आगे के शहरों ने अमेजन के लिए प्रीमियम स्मार्टफोन की बिक्री में 70 फीसदी से ज्यादा का योगदान दिया। अमेजन इंडिया के मुताबिक टियर 2 शहरों से बड़े उपकरणों की मांग में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर जैसे उत्पाद शामिल हैं। इस बार ब्रांड ने त्योहारी मांग को देखते हुए कई महत्वाकांक्षी ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतें हो सकती हैं कम

**नई दिल्ली।**

वैश्विक अस्थिरता के चलते क्रूड ऑयल की कीमतों में भी भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ओपेक प्लस देशों ने फिलहाल कच्चे तेल के उत्पादन में बढ़ोतरी का फैसला टाल दिया है।

इससे कच्चे तेल के दाम में मजबूती देखी जा रही है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का भाव 75.21 डॉलर प्रति बैरल है। ब्रेंट क्रूड की कीमत में 2.71त्न की बढ़ोतरी हुई है और यह 75.08 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई है,

जबकि डब्ल्यूटीए की कीमत मामूली गिरावट के साथ 71.42 डॉलर प्रति बैरल पर है। कच्चे तेल के 70 डॉलर के करीब पहुंचने पर उम्मीद की जा रही है, ऐसे में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में करीब 5 रुपये की कटौती हो सकती है पर कीमतों में स्थिरता न होने से अभी पेट्रोलियम कंपनियां दरों में बदलाव नहीं कर रही हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये/लीटर व डीजल 87.67 रुपये/लीटर पर है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये/लीटर व डीजल 89.97 रुपये/लीटर पर है।

कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।

चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.85 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.44 रुपये प्रति लीटर है।

**बाकी शहरों में पेट्रोल-डीजल के रेट**

नोएडा में पेट्रोल 94.66 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर व गुरुग्राम में पेट्रोल 94.99 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.85रुपये प्रति लीटर पर है।

बेंगलुरु में पेट्रोल 102.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपये प्रति लीटर पर है।

चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर पर है। व हैदराबाद में पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर पर है।

# हेल्थकेयर कंपनी सैगिलिटी इंडिया का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुला

## -कंपनी अपने स्वास्थ्य सेवा पोर्टफोलियो को और मजबूती प्रदान करेगी

**बेंगलुरु।**

हेल्थकेयर कंपनी सैगिलिटी इंडिया का आईपीओ मंगलवार से सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। कंपनी ने इस आईपीओ के जरिए से 2,106.60 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। यह इश्यू पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के रूप में है, जिसमें 70,21,99,262 शेयर शामिल हैं, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति शेयर है। यह आईपीओ 7 नवंबर तक खुला रहेगा। कंपनी ने पब्लिक सब्सक्रिप्शन से एक दिन पहले एंकर निवेशकों से 945 करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा जुटा लिया है। बीएसई के सर्कुलर के मुताबिक सैगिलिटी इंडिया ने 52 फंडों को 30 रुपए प्रति शेयर की दर से 31.51 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। प्रमुख एंकर निवेशकों में नोमुरा फंड्स आयरलैंड, गवर्नमेंट पेंशन फंड ग्लोबल, फ्लोरिडा रिटायरमेंट सिस्टम- ऑलस्प्रिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट्स, एलएलसी (ईएमएससी), अमुंडी फंड्स न्यू सिल्क रोड और गोल्डमैन सैक्स (सिंगापुर) पीटीई शामिल हैं। सैगिलिटी इंडिया के आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) शून्य पर था, जिसका मतलब है कि आईपीओ इश्यू प्राइस 30 रुपए पर कारोबार कर रहा था। इसका प्राइस बैंड 28-30 रुपए तय किया गया है। निवेशक इस आईपीओ में न्यूनतम 500 शेयरों का लॉट साइज लेकर हिस्सा ले सकते हैं, जिसके लिए न्यूनतम निवेश 15 हजार रुपए होगा। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, आईआईएफएल सिक्योरिटीज, जेफरीज इंडिया और जेपी मॉर्गन इंडिया इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं। सब्सक्रिप्शन विंडो बंद होने के बाद आईपीओ का शेयर आवंटन 8 नवंबर को फाइनल होगा। सफल आवंटियों के डीमैट खातों में शेयर 11 नवंबर को जमा किए जाएंगे। सैगिलिटी इंडिया के शेयर 12 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होने की संभावना है। इस आईपीओ से कंपनी को उम्मीद है कि वह अपने स्वास्थ्य सेवा पोर्टफोलियो को और मजबूती प्रदान करेगी और बाजार में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगी।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटा, फिर भी अमेरिका, कनाडा, जर्मनी से है आगे

## -केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में स्थिरता बनाए रखने उठा रहा प्रभावी कदम

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में आंकड़े जारी किए जिसमें 25 अक्टूबर को खतम हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.46 अरब डॉलर से घटकर 684.8 अरब डॉलर रह गया है। इस गिरावट की मुख्य वजह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा भारतीय शेयर बाजार में लगातार बिकवाली और भू-राजनीतिक तनाव के चलते उत्पन्न आर्थिक अनिश्चितता है। इसके बावजूद भारत अब भी विश्व के शीर्ष पांच देशों में शामिल है, जो विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखे है। भारत इस सूची में चीन, जापान और स्विट्जरलैंड के बाद चौथे स्थान पर है और उसने अमेरिका, जर्मनी और कनाडा जैसे देशों को पीछे धकेल दिया है। यह स्थिति दर्शाती है कि भारत ने वैश्विक मंच पर एक स्थिर आर्थिक ढांचा स्थापित किया है। सितंबर में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था, जिससे पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। इस बढ़ोतरी में सोना के भंडार की अहम भूमिका रही, जिसने 1.08 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की और कुल 68.53 अरब डॉलर तक पहुंच गया। सोने की बढ़ती मांग के पीछे प्रमुख कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं और भू-राजनीतिक तनाव है। विशेषज्ञों का मानना है कि सोना मुद्रास्फीति और आर्थिक प्रतिबंधों से बचाव का सबसे विश्वसनीय साधन बनकर उभरा है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में विदेशी मुद्रा भंडार में कुल 38.39 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। यह वृद्धि भारत को 11.2 महीनों के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त मानी जाती है, जो एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था का संकेत है। विदेशी मुद्रा भंडार में यह उछाल भारत की मजबूत विदेशी मुद्रा नीति, आर्थिक स्थिरता और निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में निरंतर वृद्धि की संभावना जताई जा रही है, जिससे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का ध्यान खींचा

# करवा चौथ, धनतेरस और दीपावली के बाद छठ पर्व पर 12 करोड़ के कारोबार का अनुमान

**नई दिल्ली।**

करवा चौथ, धनतेरस और दीपावली के बाद अब देश में चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत हो चुकी है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार, छठ पर पूरे देश में 12,000 करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है। साथ ही, करीब 15 करोड़ लोग छठ पूजा से जुड़े अनुष्ठानों में भाग लेने वाले है। छठ पूजा विशेष रूप से बिहार और झारखंड के लोगों द्वारा मनाये जाने वाला त्यौहार है, लेकिन यह दिल्ली में भी बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों की बड़ी आबादी है, जो चांदनी चौक, सदर बाजार, मॉडल टाउन, अशोक विहार, शालीमार बाग, पीतमपुरा, रानी बाग, उत्तम नगर और तिलक नगर जैसे इलाकों में रहती है। त्यौहारी सीजन में खरीदारी के लिए लोग इन बाजारों की ओर रुख कर रहे हैं।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया कि छठ पूजा न केवल बिहार और झारखंड में, बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, विदर्भ और मध्य प्रदेश में भी बड़े उत्साह के साथ मनाती है। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, छठ पूजा केवल एक धार्मिक त्यौहार नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सामाजिक एकता और समर्पण को दिखाता है। कैट के अनुसार, इस पर्व पर लोग मिठाइयों, फलों और सब्जियों की सबसे ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। इसके अलावा, पूजा के लिए बांस की टोकरियां, केले के पत्ते और गन्ना जैसी चीजों की भी भारी मांग है। लोग नए वस्त्रों की भी जमकर खरीदारी कर रहे हैं, इसमें साड़ी, लहंगा-चुन्नी, सलवार-कुर्ता और पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, धोती शामिल हैं। इस खरीदारी से लोकल व्यापारियों और लघु उद्योगों को भी लाभ हो रहा है। छठ पूजा के दौरान हस्तनिर्मित सामानों की भी अच्छी बिक्री हो रही है, जिससे छोटे पैमाने पर निर्मित उत्पादों को बढ़ावा मिलता है।

## रुपया सपाट बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 84.11 पर सपाट बंद हुआ। आज सुबह रुपया 84.13 पर खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन विदेशी पूंजी की सतत निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में नीचे आया। वही सोमवार को रुपया महज एक पैसे की बढ़त के साथ 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मजबूत डॉलर स्थानीय इकाई पर दबाव बना रहा है जिससे दिन में रुपया के सीमित दायरे में कारोबार करने का अनुमान है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने भी स्थानीय इकाई को प्रभावित किया जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से स्थानीय मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.07 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद यह 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था।

# लार्सन एंड टुब्रो खरीदेगी क्लाउड सेवा कंपनी ई2ई में हिस्सेदारी

**मुंबई।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), देश की प्रमुख निर्माण कंपनियों में से एक, ने क्लाउड सेवा कंपनी ई2ई नेटवर्क्स लिमिटेड में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,407.02 करोड़ में खरीदने का फैसला किया है। एलएंडटी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को इसकी जानकारी दी। इस कदम से एलएंडटी की क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेवाओं में उपस्थिति बढ़ेगी, जो तकनीकी क्षेत्र के प्रमुख विकास क्षेत्रों में से एक है। इस अधिग्रहण की घोषणा के बाद, ई2ई नेटवर्क्स के शेयरों में जोरदार वृद्धि देखी गई। कंपनी के शेयरों ने 5 प्रतिशत की तेजी के साथ अपर सर्किट स्तर पर पहुंच गए। पिछले एक साल में, ई2ई नेटवर्क्स के शेयरों ने निवेशकों को करीब 851 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसके विपरीत, एलएंडटी के शेयरों पर मामूली दबाव देखा गया, जो 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,566.70 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। एलएंडटी ने बताया कि कंपनी ने ई2ई नेटवर्क्स में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए 5 नवंबर 2024 को एक निवेश समझौता किया है। इसके तहत, एलएंडटी तरजीही आवंटन के द्वारा 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 1,079.27 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि एक दूसरे समझौते के तहत, कंपनी 6 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के लिए 327.75 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह अधिग्रहण प्रक्रिया 31 दिसंबर 2024 तक पूरी होगी है। एलएंडटी डेटा सेंटर और क्लाउड बिजनेस प्रमुख ने कहा, ई2ई नेटवर्क्स के साथ सहयोग करने से हम अपने ग्राहकों को निर्बाध, स्केलेबल और सुरक्षित क्लाउड अनुभव प्रदान करते हैं। हमारी क्षमताओं को मिलाकर, हम भारत में व्यवसायों के लिए एक ऐसा क्लाउड परिवेश तैयार कर रहे हैं, जो विकास को बढ़ावा देना, लागतों को अनुकूलित करना और एआई व डिजिटल परिवर्तन की पूरी क्षमता का लाभ उठाना चाहता है।

# राजस्थान में रेरा ने सुनाया फैसला, ग्राहक को 36,20,209 रुपए रिफंड करें

**जयपुर।** राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (राजस्थान-रेरा) ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण निर्णय देकर एक ग्राहक को उनकी निवेश की गई राशि 36,20,209 रुपए रिफंड का आदेश दिया है। यह आदेश रेरा अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने 4 नवंबर, 2024 को पुणीत आहूजा बनाम हिंदुस्तान फाइबर्स लिमिटेड मामले में सुनाया। मामले में शिकायतकर्ता आहुजा ने एचएफएल प्रेसीडेंसी एस्टेट्स-फेज पहले प्रोजेक्ट में फ्लैट सी-901 और स्टोर सी-905 बुक कराया था। उन्होंने इसके लिए पूरी राशि 36,20,209 रुपए जमा कर दी थी। हालांकि, अब तक न उन्हें फ्लैट का कब्जा मिला और न ही उनकी राशि का रिफंड किया गया। चेयरपर्सन गुप्ता द्वारा पारित आदेश में साफ किया गया है कि निर्माण कार्य में देरी के कारण शिकायतकर्ता को उनकी जमा की गई राशि पर 11.10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर रिफंड किया जाएगा। यह ब्याज 25 अप्रैल 2018 से लागू होगा, जो कि अपेक्षित कब्जा तिथि थी। इसके अलावा, रिफंड प्रक्रिया को 45 दिनों के भीतर पूरा करने का भी निर्देश दिया गया है। नवाई के दौरान, बिल्डर के प्रतिनिधियों ने निर्माण में देरी का कारण बताते हुए खनन पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश, प्रदूषण नियंत्रण विभाग की रोक, कोरोना महामारी, और जीएसटी जैसे कई बाहरी कारणों का हवाला दिया। हालांकि, प्राधिकरण ने इन सभी दलीलों को खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि ये सभी कारण बिल्डर की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं कर सकते।

# प्रमुख शेयर ब्रोकिंग ने कंपनी के नाम पर हो रही धोखाधड़ी से निवेशकों को किया आगाह

## -जेरोधा किसी भी प्रकार की निवेश की सलाह या फीस वसूल नहीं करता

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख शेयर ब्रोकिंग कंपनी जेरोधा ने अपने निवेशकों और ग्राहकों को फर्जीवाड़े को लेकर कहा है कि जेरोधा नाम और लोगो का दुरुपयोग करके फर्जी वेबसाइट्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स, और ट्रेडिंग ऐप्स द्वारा लोगों को निवेश की सलाह दी जा रही है और इसके बदले में उनसे पैसे वसूला जा रहा है। जेरोधा ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी प्रकार की निवेश सलाहकार सेवाएं प्रदान नहीं करता है और ऐसे किसी भी प्लेटफॉर्म से सतर्क रहने की जरुरत है। कंपनी के मुताबिक इन फर्जी प्लेटफॉर्म्स को चलाने वाले लोग खुद को जेरोधा का अधिकारी या कर्मचारी बताकर निवेशकों को स्टॉक टिप्स देते हैं और इसके बदले में एडवाइजरी फीस लेते हैं। जेरोधा ने साफ किया है कि वह न तो ग्राहकों को निवेश की सलाह देने के लिए कॉल करता है, न ही उनसे फीस वसूलता है और न ही फंड्स एकत्र करता है। इसके अलावा, जेरोधा किसी तरह की पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सेवा प्रदान नहीं करता। कंपनी ने निवेशकों से आग्रह किया है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत जेरोधा को रिपोर्ट करें। कंपनी ने यह भी बताया कि इस प्रकार की धोखाधड़ी से होने वाले नुकसान के लिए ब्रोकिंग फर्म जिम्मेदार नहीं होगा। जेरोधा, जो अगस्त 2024 तक 72 लाख यूजर्स के साथ देश का सबसे बड़ा डिस्काउंट ब्रोकर है, अपने ग्राहकों को नियमित रूप से शेयर बाजार से संबंधित संभावित खतरों और धोखाधड़ी की घटनाओं से अवगत कराता है। जेरोधा कंपनी ने चेतावनी दी है कि निवेशक सतर्कता के साथ कार्य करें और किसी भी अनधिकृत प्लेटफॉर्म पर यकीन नहीं करें, जो खुद को जेरोधा से संबंधित बताकर स्टॉक मार्केट में निवेश की सलाह देते हैं। जेरोधा के इस कदम का उद्देश्य निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाना और वित्तीय नुकसान से सुरक्षित रखना है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 694 , निफ्टी 208 अंक उपर आया

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों और शुरुआती गिरावट के बाद भी धातु, बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में आये उछाल से बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरूआती गिरावट से उबरते हुए अंत में 694.39 अंक करीब 0.88 फीसदी ऊपर आकर 79,476.63 अंकों पर बंद हुआ । इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी कमजोर शुरुआत से उबरते हुए 0.87 फीसदी तकरीबन 208 अंक बढ़कर 24,203.35 के स्तर पर बंद हुआ।

आज सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से जेएसडब्ल्यू स्टील का शेयर सबसे ज्यादा 4.73 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। इसके साथ ही टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, एचडीएफ़सी बैंक, इंडसइंड बैंक, स्टेट बैंक, कोटक बैंक, अल्ट्रा सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी मुख्य रुप से ऊपर आकर बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स का शेयर सबसे ज्यादा 1.46 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। इसके अलावा आईटीसी, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एलएंडटी, सनफार्मा के शेयर भी नीचे आये।




बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले निवेशकों ने कम कीमती माने जाने वाले वित्तीय शेयरों में खरीदारी की जिससे बाजार को बल मिला।

वहीं एशियाई बाजारों में, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग के बाजारों में तेजी रही जबकि सियोल का बाजार नीचे आया। यूरोपीय बाजारों में बढ़त के साथ कारोबार हुआ। अमेरिकी शेयर बाजार में गत दिवस गिरावट आई थी।

वहीं विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार से बिकवाली जारी है। विदेशी निवेशकों ने गत दिवस 4,329.79 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

**इससे पहले आज सुबह**

बाजार की कमजोर शुरुआत हुई । सुबह सेंसेक्स और निफ्टी नीचे आये। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 271.63 अंक करीब 0.34 फीसदी नीचे आकर 78,510.61 पर खुला। वहीं निफ्टी 85.75 अंक तकरीबन 0.36 फीसदी फिसलकर 23,909.60 पर कारोबार कर रहा था।

अमेरिका में आज राष्ट्रपति चुनाव और इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले विदेशी निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। इससे भी भारतीय बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इस दौरान गिफ्ट निफ्टी करीब 24,065 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। ये निफ्टी फ्यूचर्स के पिछले बंद स्तर से करीब 50 अंकों की गिरावट को दिखाता है।

# सोयाबीन के किसानों को जबर्दस्त फायदा

## - 6100 से 7100 में बिका सोयाबीन

**भोपाल।** कृषि उपज मंडियों में दीपावली के करण 6 दिन का अवकाश था। अब सभी मंडियां बड़ी तेजी के साथ काम कर रही हैं।मंडियों की रौनक लौट कर आ गई है।धान और सोयाबीन की फसल लेकर किसान मंडी पहुंच रहे हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल,बड़नगर,धार, देवास, सीहोर की मंडी में बड़ी मात्रा में सोयाबीन की आवक शुरू हुई है। अलग-अलग मंडियों में सोयाबीन की क्वालिटी के अनुसार 6100 से लेकर 7100 के बीच में सोयाबीन की नीलामी हुई है। बडनगर मंडी में 7171 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से सोयाबीन की नीलामी हुई। जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भोपाल की मंडी में सोयाबीन का मुहूर्त सौदा 4511 रुपए में हुआ था। लेकिन उसके बाद भोपाल मंडी में भी सोयाबीन के दामों में तेजी देखने को मिल रही है। सोमवार की सुबह कांटा पूजन के साथ सभी मंडियों में नए साल का कारोबार शुरू हुआ।मंडियों में गेहूं चना मक्का और सोयाबीन के साथ-साथ धान भी आ रही है। चने की नीलामी 6801 रुपए प्रति क्विंटल की दर से हुई है।गेहूं 3301 रुपए तथा मक्का 2201 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर पहले दिन नीलामी में किसानों का बिका है।

# आयकर कानून की समीक्षा के लिए हितधारकों ने दिए 6,500 सुझाव

- इसका उद्देश्य है कर प्रणाली की भाषा सरल बनाना, मुकदमेबाजी कम करना
- आयकर अधिनियम की समीक्षा के लिए वित्त मंत्रालय को मिले 6,500 सुझाव

**नई दिल्ली।**

आयकर विभाग को आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा के तहत पिछले महीने कई हितधारकों से 6,500 सुझाव मिले हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस समीक्षा के बारे में एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें राजस्व सचिव, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

वित्त मंत्रालय ने अपने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि राजस्व सचिव ने वित्त मंत्री सीतारमण को बताया कि आयकर अधिनियम के कई पहलुओं की जांच के लिए 22 विशेष उप-समितियां बनाई गई हैं। इन उप-समितियों ने विशेषज्ञों के साथ गहन विचार-विमर्श किया और आयकर कानून में संशोधन के सुझाव दिए। राजस्व सचिव ने बताया कि सुझाव प्राप्त करने के लिए 6 अक्टूबर को पोर्टल खोले जाने के बाद से अब तक 6,500 सुझाव आए हैं। यह अधिनियम को सरल बनाने के प्रति जनता की उत्साहजनक भागीदारी को दर्शाता है। इस कदम का उद्देश्य कर प्रणाली की भाषा को सरल बनाना, मुकदमेबाजी कम करना, अनुपालन के बोझ को घटाना और पुराने प्रावधानों को हटाना है। पिछले महीने सीबीडीटी ने जनता से सुझाव आमंत्रित किए थे, जिसमें विशेष रूप से कर कानून की भाषा को सरल बनाने, मुकदमेबाजी कम करने, अनुपालन बोझ कम करने और अप्रचलित प्रावधानों की समीक्षा के लिए कहा गया था। यह पहल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट में आयकर अधिनियम की व्यापक समीक्षा की घोषणा के बाद की गई है। इस प्रक्रिया के तहत सीबीडीटी ने अधिनियम को अधिक स्पष्ट, संक्षिप्त और समझने में आसान बनाने के लिए एक आंतरिक समिति का गठन किया है। इस पहल से सरकार का उद्देश्य एक पारदर्शी और सरल कर प्रणाली तैयार करना है, जिससे करदाता और सरकार दोनों को लाभ होगा।

# 'वागले की दुनिया' में टेडी बियर के साथ एक रहस्यमयी पार्सल



**रांची:** सोनी सब का शो वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नए किस्से में एक रहस्यमयी टेडी बियर आता है, जिसके प्राप्तकर्ता या भेजने वाले के बारे में कोई जानकारी नहीं होती। रहस्य तब और गहरा हो जाता है जब साईं दर्शन की महिलाएं यह मान लेती हैं कि टेडी बियर उनके पतियों ने उन्हें भेजा है। वंदना वागले और राधिका वागले, जिनका अपने पतियों राजेश और श्रीनिवास के साथ झगड़ा हुआ था, उनका मानना... है कि यह उनके पतियों द्वारा भेजा गया है। इस बीच साईं दर्शन सोसायटी की अन्य महिलाएं भी आश्चर्य करने लगती हैं कि क्या यह उनके पतियों द्वारा भेजा गया था। प्रत्येक परिवार के सदस्य घर में कानाफूसी, अनुमान और मीठे, मूर्खतापूर्ण रोमांस की भावना शुरू हो जाती है। जैसे-जैसे रहस्य बढ़ता है, महिलाएं भेजने वाले की पहचान उजागर करने की खोज पर निकल पड़ती हैं।

रहस्यमयी टेडी बियर का असली मालिक कौन है?

टेडी के आने से एक मधुर और रोमांटिक मोड़ आता है, जो दिखाता है कि कैसे सबसे सरल चीजें भी उनके जीवन में बहुत खुशी और जुड़ाव पैदा कर सकती हैं।

# हरमनप्रीत वनडे रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंची, मंधाना चौथे पायदान पर बरकरार

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गयी जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में हरमनप्रीत ने 63 गेंद में नाबाद 59 रन की पारी के साथ भारतीय टीम को मैच और श्रृंखला में जीत दिलायी थी। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियन का हिस्सा थी जिसे भारत ने 2-1 से जीता था।

इसी मैच में 100 रन की शानदार पारी खेलने वाली वामहस्त बल्लेबाज मंधाना 23 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 728 रेटिंग अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। उनके और तीसरे स्थान पर काबिज श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के बीच सिर्फ पांच रेटिंग अंक का फर्क है। इस तालिका में इंग्लैंड की नैट सिवर ब्रंट 760 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है।

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया तीन स्थान के सुधार के साथ 48वें जबकि श्रृंखला के तीसरे मैच में 86 रन की पारी खेलने वाली न्यूजीलैंड की ब्रुक हैलीडे 12 स्थान के सुधार के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गयी है। गेंदबाजों की सूची में दीप्ति शर्मा ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 703 रेटिंग अंक के साथ दूसरे पायदान पर अपनी स्थिति मजबूत की। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 39 रन पर तीन विकेट चटकाये थे।

भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (चार स्थान के सुधार के साथ 32वें), साइमा ठाकोर (20 स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 77वें) और प्रिया मिश्रा (छह स्थान के सुधार के साथ 83वें) इस रैंकिंग में अपनी स्थिति बेहतर करने वालों में शामिल हैं। भारतीय टीम आईसीसी महिला चैम्पियनशिप की तालिका में 25 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड 21 मैचों में 20 अंक के साथ छठे पायदान पर है। इस तालिका में ऑस्ट्रेलिया (18 मैच) और इंग्लैंड (21 मैच) एक समान 28 अंक के साथ शीर्ष पर है।



# भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने डब्ल्यूबीएफ का विश्व खिताब जीता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ (डब्ल्यूबीएफ) का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता। पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है। ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा।

जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कॉनर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी। जांगड़ा ने कहा, 'यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका।'

हरियाणा के रहने वाले जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया। उन्हें उम्मीद है कि यह खिताब अधिक भारतीय मुक्केबाजों को पेशेवर बनने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह खिताब देश के अन्य मुक्केबाजों के लिए रास्ता खोलेगा और वे पेशेवर मुक्केबाजी में अपना करियर बनाने का फैसला भी करेंगे। हमारे मुक्केबाज अच्छे हैं और उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अगर उन्हें अच्छे प्रमोटर और मैनेजर मिलें तो वे विश्व चैंपियन भी बन सकते हैं।'

जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अभी तक 12 मुकाबलों में से 11 जीते हैं, जिनमें सात नॉकआउट जीत शामिल हैं। उन्होंने एमेच्योर मुक्केबाज के रूप में 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

# मैच के दौरान मैदान पर बिजली गिरी, एक खिलाड़ी की मौत, कई घायल



**स्पोर्ट्स डेस्क।** फुटबॉल मैच के दौरान अचानक मैदान पर बिजली गिर गई जिसकी चपेट में आने से एक खिलाड़ी की मौत हो गई जबकि रेफरी समेत कई खिलाड़ी बुरी तरह घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल खिलाड़ियों और रेफरी को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मामला पेरू का है जहां 3 नवंबर को चिल्का स्थित दो घरेलू क्लब जुवेंटुड बेलाविस्टा और फेमिलिया चोका के बीच मैच चल रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। 39 वर्षीय जोस होगो पर बिजली गिरी और उनकी मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब मैच का पहला हाफ चल रहा था। इस दौरान जुवेंटुड बेलाविस्टा मैच में 2-0 से आगे था। मैच के दौरान मौसम खराब हो गया, इसलिए रेफरी ने सीटी बजाकर खेल रोक दिया। साथ ही खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाने को कहा गया।

जब खिलाड़ी मैदान छोड़कर जा रहे थे तभी अचानक बिजली गिरी। यह बिजली 39 वर्षीय खिलाड़ी जोस ह्यूगो डे ला क्रूज मेसा पर गिरी। उनकी मौत हो गई। बिजली गिरने से रेफरी समेत 5 खिलाड़ी एक साथ जमीन पर गिर गए। पहले भी बिजली गिरने से फुटबॉलर की मौत हो चुकी है। इस हादसे में 40 वर्षीय गोलकीपर जुआन चोका गंभीर रूप से झुलस गए। उनके शरीर पर जलने के निशान हैं। बिजली गिरने के बाद जमीन पर गिरे खिलाड़ियों में से 1-2 ने उठने की कोशिश भी की। इन सभी घायल खिलाड़ियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बिजली गिरने से फुटबॉलर की मौत की यह पहली घटना नहीं है। इसी साल फरवरी में इंडोनेशिया के वेस्ट जावा के सिलीवांगी स्टेडियम में एक दोस्ताना फुटबॉल मैच आयोजित किया गया था। तब बिजली गिरने से 35 वर्षीय सेप्टेन रहराजा की मौत हो गई थी। इस घटना में राहराजा घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

# विराट, रोहित का भविष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे पर निर्भर

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कई क्रिकेटरों का भविष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे में दांव पर लगा रहेगा। इसमें कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली तक शामिल हैं। हाल के दिनों में विराट और रोहित बल्लेबाजी में असफल रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी ये दोनो रन नहीं बना पाये और भारतीय टीम क्लीन स्विप का शिकार हुई। ऐसे में अगर ये अब रन नहीं बना पाते हैं तो इनका भविष्य खतरे में आ जाएगा। वैसे भी इनकी उम्र बढ़ रही और कई युवा खिलाड़ी टीम में जगह के लिए लगातार दावेदारी पेश कर रहे हैं।



## रोहित शर्मा

रोहित की बल्लेबाजी पहले जैसी नहीं रही। बांग्लादेश और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ इन 5 टेस्ट मैचों की 10 पारियों में रोहित एक अर्धशतक के साथ केवल 13.30 की औसत से 133 रन ही बना सके। उनका सबसे अधिक स्कोर 52 रन रहा। इस घरेलू सीज़न में रोहित कीवी स्पिनरों के खिलाफ बेबस दिखे और बड़े शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। इस इस साल टेस्ट क्रिकेट में रोहित ने 11 गेम खेलते हुए 21 पारियों में 29.40 के औसत से केवल 588 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक, दो अर्द्धशतक बनाए है। मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 ??में रोहित ने 14 टेस्ट मैचों की 26 पारियों में तीन शतक और चार अर्द्धशतक के साथ 33.32 की औसत से 833 रन बनाए हैं।

## विराट कोहली

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी इस साल रन बनाने में विफल रहे हैं। वह पिछले 5 टेस्ट मैचों की 10 पारियों में 21.33 के औसत से केवल 192 रन ही बना पाये हैं। इसमें वह केवल एक बार पचास से अधिक रन बना पाये हैं। 70 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। इस घरेलू सीज़न के दौरान उन्होंने 6, 17, 47, 29, 0, 70, 1, 17, 4 और 1 रन ही बनाये हैं। इस साल विराट ने छह मैचों की 12 टेस्ट पारियों में 22.72 की औसत से केवल 250 रन बनाए हैं, जिसमें केवल एक अर्धशतक शामिल है। मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र 2023-25 ??में विराट ने नौ टेस्ट और 16 पारियों में 37.40 की औसत से 561 रन ही बनाए हैं।

## केएल राहुल


केएल राहुल बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में राहुल का प्रदर्शन सामान्य रहा था वह एक अर्धशतक लगा पाये थे पर न्यूजीलैंड के खिलाफ वह विफल रहे। राहुल को लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में फिर से मौका मिला था पर वह इस अवसर का लाभ नहीं उठा पाये। ऐसे में अब अगर वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं चल पाए तो उनके लिए भारतीय टीम में जगह बनाये रखना कठिन हो जाएगा। इसके अलावा ऋषभ पंत से भी उन्हें स्थान के लिए कड़ी टक्कर मिल रही है। ऋषभ का न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा रहा है और वह विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर पहली पसंद बनते जा रहे हैं।

## सरफराज खान

सरफराज को काफी मुश्किलों के बाद टेस्ट में अवसर मिला है। सरफराज ने 6 टेस्ट में 371 रन बनाए हैं पर ऑस्ट्रेलिया दौरा उनके लिए आसान नहीं रहेगा। सरफराज ने अब तक ज्यादातर टेस्ट घरेलू मैदानों पर ही खेली हैं। ऐसे में अगर ऑस्ट्रेलिया की तेज पिचों पर वह नहीं चल पाए तो उनके लिए आगे टीम में जगह बनाना कठिन होगा क्योंकि इसके बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड भी जाना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में सरफराज ने 0 और 150 रन बनाये पर सके बाद दूसरे टेस्ट में 11 और 9 तो तीसरे टेस्ट में 0 और 1 रन ही बना सके।

# अनुराग गिरी, वर्ल्ड व एशियन 10 बॉल पूल चैम्पियनशिप के लिए चयनित

भोपाल/इन्दौर । 10 बॉल पूल में देश के नम्बर 2 क्युईस्ट राजधानी भोपाल के अनुराग गिरी का चयन वर्ल्ड व एशियन 10 बॉल पूल चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। वर्ल्ड चैम्पियनशिप 8-14 दिसंबर तथा एशियन चैम्पियनशिप 15-19 दिसंबर तक दोहा (कतर) में खेला जायेगी। उल्लेखनीय है कि अनुराग गिरी ने इन्दौर में आयोजित 10 बॉल पूल नेशनल चैम्पियशिप में सिल्वर मेडल जीता था। इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अनुराग का यह पहला इंटरनेशनल टूर्नामेंट है। बिलियर्डस व स्नूकर फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा घोषित खिलाडियों की सूची में वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारत की ओर से 5 तथा एशियन चैम्पियनशिप में 9 खिलाडी भाग लेंगे।



# भारतीय टीम पर ऑस्ट्रेलिया दौरे में रहेगा दबाव : वार्नर



सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम की हार का हार का मनोवैज्ञानिक लाभ ऑस्ट्रेलियाई टीम को मिलेगा। वॉर्नर के अनुसार सीरीज में 3-0 से मिली हार से भारतीय टीम का मनोबल कमजोर रहेगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम अपने घरेलू मैदान में ही टिक नहीं पायी। शुभमन गिल और ऋषभ पंत को छोड़कर कोई भी भारतीय बल्लेबाज कीवी गेंदबाजों की स्पिन का सामना नहीं कर पाया। इसी को लेकर वार्नर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों में खेलना भारतीय बल्लेबाजों के लिए बेहद कठिन होगा क्योंकि हमारे पास तीन विश्व स्तर के तेज गेंदबाज और एक स्पिनर है। इन हालातों में अगर मैं भी भारतीय टीम में होता तो दबाव में आ रहता वॉर्नर ने न्यूजीलैंड की फील्डिंग की सराहना की और उपमहाद्वीप में उनके प्रदर्शन को की प्रशकसा की है। वॉर्नर ने कहा कि, मैं उनके पहले टेस्ट को देखूं तो उन्होंने कुछ बेहतरीन कैच पकड़े थे। इससे उनके पक्ष में माहौल बनने के साथ ही विरोधी टीम पर दबाव आ गया था। अगर आप इस तरह के कैच लेते हैं तो आप बढ़त मिलना तया हो जाता हैं। सीरीज में 1-0 से आगे रहने का भी उन्हें लाभ मिला। मुझे पता है कि भारत में जीतना कितना काफी कठिन होता है पर न्यूजीलैंड ने कमाल कर दिखाया है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

# हालातों के अनुसार ढ़लने से मिली भारत दौरे में सफलता : एजाज पटेल

**मुंबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिनर एजाज पटेल ने कहा है कि टीम की अनुकूलन क्षमता के कारण इस प्रकार की सफलता उसे मिली है। एजाज के अनुसार पहले टेस्ट के लिए पिच में मौसम की बड़ी भूमिका थी और न्यूजीलैंड ने पहली पारी में भारत को हराने के लिए तेज़ गति के अनुकूल हालातों का पूरा लाभ उठाया, जिसने अनिवार्य रूप से खेल को अपने पक्ष में कर लिया। पुणे का विकेट हालांकि स्पिन के लिए सहायक था और धीमे गेंदबाजों को इसे फिर से समायोजित करने की आवश्यकता थी। यहां भी उनकी टीम ने हालातों को बेहतर तरीके से समझा और जीत हासिल की। इसके बाद मुम्बई में टीम एजाज पटेल की फिरकी में उलझ गयी। इस मैच में भारतीय टीम की हार के साथ ही मेहमान कीवी टीम ने 3-0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया।

एजाज ने कहा कि तीन अलग-अलग सतहें और तीन अलग-अलग मैच रहे हैं, और मुझे लगता है कि हम अच्छी तरह से जानते हैं कि एशिया में हालात हर समय बदलते रहते हैं। इसलिए आपको अनुकूल होना पड़ता है और मैच के भीतर भी परिस्थितियां बहुत तेज़ी से बदलती हैं। मेरा मतलब है कि इस मुंबई टेस्ट में भी मैं गेंदबाजी कर रहा था। मुझे लगता है कि पहली पारी में और मुझे लगा कि मैं वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूँ, लेकिन विकेट वास्तव में टर्न नहीं कर रहा था और फिर मैं लंच के बाद वापस आया और अचानक सब कुछ होने लगा। एजाज यह भी कहा कि न्यूजीलैंड ने उपमहाद्वीप में विभिन्न पिचों का सामना करने के लिए अपने घर पर अच्छी तैयारी की थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जब आप उपमहाद्वीप में आते हैं तो यह उस कौशल सेट और उस सीमा के बारे में होता है, चाहे वह 90 के दशक में गेंदबाजी करना हो या 80 के दशक में गेंदबाजी करना हो और शुरू से ही उन सीमाओं में अनुकूलन करने में सक्षम होना। यह सतह को जल्दी से पढ़ने के बारे में भी है क्योंकि जैसा कि मैंने कहा कि हालात निरंतर बदलते हैं। कभी-कभी सुबह के हालात मध्य सत्र से अलग हो सतते हैं और इसलिए एक स्पिनर के रूप में यह जानना ज़रूरी है कि इसका अधिकतम लाभ कैसे उठाया जाए।



उन्होंने कहा, अगर मैं आपसे ईमानदारी से कहूँ, तो हमारे घर पर सर्दी बहुत अच्छी रही, जहां हमने टर्निंग विकेटों पर तैयारी की और हमने सुनिश्चित किया कि हमारे पास अलग-अलग सतहें हों, जिन पर हमने अभ्यास किया और कोशिश की, इसलिए मुझे लगता है कि हम अलग-अलग सतहों पर गेंदबाजी करने के लिए भी तैयार थे। तो हां, यह तैयारी से बहुत जुड़ा है, लेकिन फिर यह आपके कौशल का समर्थन करने और मुझे लगता है कि आप वहां जाकर वास्तव में ऐसा करने में कितने सफल रहते हैं उसपर आधारित होता है।

# रणजी मैच खेलेंगे श्रेयस अय्यर, मुंबई टीम में शामिल, पृथ्वी शॉ अभी भी बाहर

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर बुधवार से यहां ओडिशा के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के लिए गत चैंपियन मुंबई की 16 सदस्यीय टीम में लौट आए, लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को बाहर कर दिया गया। अय्यर निजी कारणों से त्रिपुरा के खिलाफ मुंबई की पिछली भिड़ंत में नहीं खेल पाए थे - जो मुकाबला ड्रा रहा था और अब वह बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में शरद पवार क्रिकेट अकादमी में खेले जाने वाले आगामी मुकाबले के लिए चयन के लिए उपलब्ध हैं।

बता दें कि श्रेयस अय्यर आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा रिलीज कर दिए गए हैं। श्रेयस ने अपनी कप्तानी में केकेआर को खिताब दिलाया था ऐसे में उनका फ्रेंचाइजी से अलग होना सबको हैरान कर गया। इस पर केकेआर के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मैंने अभी भी उनसे नहीं सुना है। यह फ्रेंचाइजी क्रिकेट है, इसलिए हैदराबाद के लड़कों (पैट कमिंस और ट्रैविस हेड) को छोड़कर सभी नीलामी में होंगे। श्रेयस केकेआर से अलग हो चुके हैं। यह इसी बात से साफ हैं कि उन्होंने मेगा नीलामी से पहले छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। ऐसे में उनके पास राइट टू मैच कार्ड भी नहीं है। बता दें कि केकेआर ने रिंकू, रसेल और नरेन के अलावा वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा और रमनदीप सिंह को रिटेन किया है।

बहरहाल, पृथ्वी शॉ जिन्हें रणजी ट्रॉफी में टीम के आखिरी गेम के लिए अगरतला दौरे से पहले बाहर कर दिया गया था, को फिर से टीम में जगह नहीं मिली हैं। दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज जो सीजन की शुरुआत में मुंबई टीम का हिस्सा थे, फिटनेस और अनुशासनात्मक मुद्दों के कारण अभी भी बाहर हैं। मुंबई ने जब ईरानी कप खेला था तो तब भी पृथ्वी टीम के साथ थे।



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले अभ्यास मैच खेले भारतीय टीम : गावस्कर

मुम्बई । भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले कम से कम एक अभ्यास मैच खेलना चाहिये। भारतीय टीम को इस दौरे में इंडिया ए के साथ एक अभ्यास मैच खेलना था, जिसे प्रबंधन ने समय की कमी का हवाला देते हुए रद्द कर दिया है। वहीं गावस्कर का मानना है कि टीम के लिए लय हासिल करने अभ्यास मैच जरुरी है। इसलिए उसे सीरीज के बीच में भी अभ्यास मुकाबले खेलने का प्रयास करना चाहिये। साथ ही कहा कि इससे जिन युवा खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में कभी नहीं खेलना है उन्हें हालात के अनुसार ढलने का अवसर मिलेगा। ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में पहली बार खेलेंगे। ऐसे में इन्हें गति और उछाल के साथ तालमेल बैठाने में कुछ समय जरुर लगेगा। गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि टीम को अभ्यास मैच खेलने चाहिए। टेस्ट मैचों के बीच के अंतराल में उन्हें वास्तव में अभ्यास मैच खेलने चाहिए। सीनियर खिलाड़ियों के लिए नहीं पर जूनियर खिलाड़ियों के लिए भी जिन्होंने पहले कभी ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेला है ये मैच जरुरी हैं। ऑस्ट्रेलिया ए टीम या क्वींसलैंड जैसी स्टेट टीम के खिलाफ भी अभ्यास मैच खेला जा सकता है। इससे जूनियर खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में उछाल और पिचों का अभ्यस्त होने का अवसर मिलेगा। गावस्कर ने कहा कि वे जितना हो सके उतना अभ्यास करें और थ्रो डाउन के बजाय नियमित गेंदबाजी खेलने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, बस अपने पर भरोसा रखकर जितना हो सके उतना अभ्यास करना चाहिये। मुझे लगता है कि थ्रोडाउन का सामना करना कुछ हद तक फायदेमंद है पर नियमित गेंदबाजी का सामना करना उससे ज़्यादा जरूरी है। इसलिए तेज गेंदबाजों का सामना करें। इसमें जरुरी नहीं कि आप जसप्रीत बुमराह का ही सामना करें पर आप दूसरों से 22 गज की बजाय 20 गज की दूरी से गेंदबाजी करने के लिए कह सकते हैं। इसलिए, गेंद जल्दी बल्ले पर आती है।



# डब्ल्यूटीसी फाइनल की संभावनाओं के लिए भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में जीतने होंगे चार टेस्ट

मुम्बई । न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार से भारतीय टीम के लिए अब आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (डब्ल्यूटीसी) की राह मुश्किल हो गयी है। अब भारतीय टीम को फाइनल के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के पांच में से चार मैच जीतने होंगे, व एक मैच ड्रॉ पर रोकना होगा। इसके अलाव अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम सिर्फ 1 मैच ड्रॉ कर सकती है। बाकी बचे 4 मैचों में उसे जीतना होगा। ऑस्ट्रेलिया को उसी की धरत पर हराना बेहद कठिन है। 22 नवंबर से पर्थ में पहला टेस्ट मैच खेला जाना है. तेज और उछाल भरी पिच को दुनिया के सबसे खतरनाक पिचों में से एक माना जाता है. बल्लेबाजों के लिए इसे कब्रगाह बताया जाता है और तेज गेंदबाजों के लिए स्वर्ग. कप्तान पैट कमिंस के साथ मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की धारदार गेंद के आगे भारतीय बल्लेबाजों को टिकना होगा। नाथन लियोन की स्पिन भी मुसीबत बनेगी। पैट पहले ही कह चुके हैं कि वो किसी भी हाल में भारत को इस बार जीतने नहीं देंगे। अंक तालिका में भारतीय टीम अब 58.33 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे पायदान पर खिसक गई है, वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम अब 62.5 प्रतिशत अंकों के साथ पहले पायदान पर पहुंच गई है।

# ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भारत का बड़ा कदम, आईओए ने आईओसी को सौंपा पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (द्धह्व) ने एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम उठाते हुए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (द्धह्ष्ट) के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की मेजबानी करने की देश की इच्छा व्यक्त करते हुए एक 'आशय पत्र' प्रस्तुत किया है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र के अनुसार यह पत्र 1 अक्टूबर को प्रस्तुत किया गया था।

सूत्र ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण अवसर देश भर में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए पर्याप्त लाभ ला सकता है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल पहली बार 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की अपनी सरकार की आकांक्षा के बारे में बात की थी। अगले साल आईओसी चुनावों से पहले मेजबान पर फैसला नहीं लिया जाएगा और भारत को सऊदी अरब, कतर और तुर्की जैसे कई अन्य देशों से भी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा, जो खुद को खेल की मेजबानी के लिए मजबूत दावेदार के रूप में पेश कर रहे हैं।

भारत की योजना को वर्तमान आईओसी प्रमुख थॉमस बाक ने समर्थन दिया है। पिछली बार भारत ने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में यहां किसी अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल महाकुंभ की मेजबानी की थी। लेकिन 2036 ओलंपिक के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर के रूप में देखा जा रहा है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा सहित भारत के शीर्ष खेल प्रशासक देश के पक्ष में पैरवी करने के लिए इस साल की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में मौजूद थे। यह भी पता चला है कि अगर बोली सफल होती है तो भारत योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को शामिल करने पर जोर देगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने नए खेल मंत्री मनसुख मंडाविया को सफल बोली के लिए आवश्यक उपायों पर एक विस्तृत रिपोर्ट भी सौंपी है। इस दस्तावेज में, एमओसी ने खेलों में शामिल करने के लिए योग, खो-खो, कबड्डी, शतरंज, टी20 क्रिकेट और स्क्वैश सहित छह खेलों की पहचान की है, अगर देश को हर चार साल में होने वाले इस महाकुंभ की मेजबानी मिलती है। हालांकि आईओए ऊषा और संस्था की कार्यकारी परिषद के बीच खींचतान के कारण विवादों में भी घिरा हुआ है, जिसने सीईओ पद के लिए उनकी पसंद रघुराम अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी देने से साफ इनकार कर दिया है।



## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने ट्रंप को दिया समर्थन, कहा-वह कमला हैरिस की तुलना में स्पष्ट बेहतर विकल्प

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप डेमोक्रेटिक पार्टी की अपनी प्रतिद्वंद्वी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तुलना में 'स्पष्ट रूप से बेहतर विकल्प हैं। हेली ने अनिर्णय की स्थिति वाले मतदाताओं से दोनों उम्मीदवारों के नीति प्रस्तावों पर गौर करने का आग्रह किया। उन्होंने चुनाव के दिन से दो दिन पूर्व प्रकाशित 'वॉल स्ट्रीट जर्नल के संपादकीय में कहा कि स्पष्ट रूप से ट्रंप बेहतर विकल्प हैं। साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर ने रविवार को 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल में एक लेख में लिखा, ''मैं हर बार ट्रंप से 100 फीसदी सहमत नहीं होती। लेकिन मैं ज्यादातर समय उनसे सहमत रहती हूं और मैं हैरिस से लगभग हर समय असहमत रहती हूं। इससे यह निर्णय लेना आसान हो जाता है। यहां कुछ तथ्य हैं जो मेरे लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। पूर्व राष्ट्रपति के पक्ष में भारतीय अमेरिकी हेली ने लिखा, ''क्या ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में कुछ ऐसी चीजें करेंगे जो मुझे पसंद नहीं हैं मुझे यकीन है कि वे ऐसा करेंगे। अगर मतदाताओं के सामने यही सवाल होता, तो मुझे लगता है कि ट्रंप हार जाते। लेकिन किसी भी चुनाव में यह सवाल नहीं होता।

### उत्तरी यूनान में 5.2 तीव्रता का भूकंप, कोई क्षति नहीं

**थेसालोनिकी, एजेंसी।** पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि इससे अभी तक किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप के झटके उत्तरी यूनान के एक बड़े हिस्से में महसूस किये गए। उत्तरी यूनान में रविवार शाम को 5.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'एथेंस इंस्टीट्यूट ऑफ जियोडायनामिक्स' ने बताया कि भूकंप यूनान के दूसरे सबसे बड़े शहर थेसालोनिकी से लगभग 40 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व में चालकीदिकी प्रायद्वीप के तट पर आया।उसने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 7:03 बजे आया और इसका केंद्र जमीन से 15.9 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। उसने बताया कि चार मिनट बाद 4.2 तीव्रता के एक और भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। शनिवार को इसी क्षेत्र में 3.9 तीव्रता का भूकंप आया था। पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि इससे अभी तक किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप के झटके उत्तरी यूनान के एक बड़े हिस्से में महसूस किये गए।

### ट्रंप ने मतदान प्रकिया में मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य करने की मांग की

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** मतदाता पहचान पत्र का विरोध करने के पीछे सिर्फ यही कारण है कि आप धोखाधड़ी करना चाहते हैं और सिर्फ इसीलिए आपको (डेमोक्रेटिक पार्टी के लोगों को) मतदाता पहचान पत्र नहीं चाहिए।' अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा मतदान प्रक्रिया के प्रति निराशा व्यक्त करते हुए रविवार को मांग की कि मतदान के दौरान मतदाताओं के पहचान पत्र अनिवार्य किए जाने चाहिए। इसके साथ ही ट्रंप ने अमेरिका के लोगों से चुनाव के अंतिम दौर में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता मतदाता पहचान पत्र का विरोध कर रहे हैं ताकि वे हेराफेरी कर सकें। पेन्सिलवेनिया में एक चुनावी रैली में ट्रंप ने अपने समर्थकों से कहा, ''पता नहीं हमारे पास मतदाता पहचान पत्र क्यों नहीं है। जो असली 'डेमोक्रेट' (लोकतंत्र के सच्चे समर्थक) हैं, वे भी मतदाता पहचान पत्र जैसी चीज को जरूर चाहेंगे। लेकिन वे (डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े लोग) हेराफेरी करना जानते हैं। मतदाता पहचान पत्र का विरोध करने के पीछे सिर्फ यही कारण है कि आप धोखाधड़ी करना चाहते हैं और सिर्फ इसीलिए आपको (डेमोक्रेटिक पार्टी के लोगों को) मतदाता पहचान पत्र नहीं चाहिए।'' उन्होंने कहा कि यह ''बेहद शर्म की बात है'' कि कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता है। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा, ''एकमात्र मैं ही इस बारे में खुलकर आवाज उठा रहा हूं। हर कोई इसके बारे में बात करने से घबराता है।

### जस्टिन ट्रूडो ने कहा था हिन्दुओं के साथ खड़े हैं हम, 3 दिन बाद खालिस्तानियों ने मंदिर में मचाया गदर

**कनाडा, एजेंसी।** कनाडा के ब्रैम्पटन में हिन्दू सभा मंदिर में हुए हमले को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। अब इस घटना को लेकर भारत सरकार भी अलर्ट मोड पर है। वहीं, प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भी हिंसा की निंदा की है। खास बात है कि 3 दिन पहले ही दिवाली पर कनाडा के पीएम कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया था कि कनाडा के सबसे बड़े प्रवासी समूह हिन्दू कनाडाई के साथ सरकार खड़ी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें भीड़ ब्रैम्पटन स्थित मंदिर परिसर में मौजूद लोगों पर हमला कर रही है। भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा, कनाडा के खालिस्तानी चरमपंथियों ने आज लक्ष्मण रेखा पार कर दी। ब्रैम्पटन में हिन्दू सभा मंदिर परिसर में भारतीय–कनाडाई श्रद्धालुओं पर खालिस्तानियों के हमले ने दिखा दिया है कि कनाडा में खालिस्तानी हिंसक चरमपंथ कितनी गहरा और खतरनाक है।

## स्पेन के राजा-रानी पर लोगों ने कीचड़ फेंका

# पीएम सांचेज की गाड़ी पर भी हमला



**मैड्रिड, एजेंसी।** स्पेन में बाढ़ प्रभावित वेलेंसिया इलाके का दौरा करने गए किंग फिलिप और उनकी पत्नी क्वीन लेटिजिया पर लोगों ने कीचड़ फेंके। बीबीसी के मुताबिक वहां मौजूद लोगों ने 'हत्यारे' और 'शर्म करो' के नारे भी लगाए। किंग फिलिप के साथ स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज भी मौजूद थे। लोग उनसे पूछ रहे थे कि बाढ़ को रोकने के लिए नेताओं ने पहले से कुछ क्यों नहीं किया। भीड़ को रोकने के लिए पुलिस को आगे आना पड़ा। हमले में सुरक्षा में तैनात दो गार्ड्स घायल हो गए। उनके माथे से खून बहता देखा गया। इसके बाद स्पेन किंग और पीएम को अपना दौरा अधूरा छोड़कर वापस राजधानी लौटना पड़ा। इस दौरान लोगों ने पीएम की गाड़ी पर भी हमला किया। स्पेन हालिया इतिहास में आई सबसे बड़ी बाढ़ से जूझ रहा है। बाढ़ में कम से कम 217 लोगों की मौत हो गई है।


8 घंटे में 1 साल के बराबर बारिश, 50 साल का रिकॉर्ड टूटा स्पेन के पूर्वी शहर वेलेंसिया में 29 अक्टूबर को सिर्फ 8 घंटे में सालभर जितनी बारिश हो गई थी। इससे अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कई लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने का मौका नहीं मिला पाया। वेलेंसिया सांसद खुआन बोर्डेरा ने कहा है कि राजा फिलिप का बाढ़ग्रस्त इलाके का दौरा करना एक बहुत बुरा फैसला था। लोग बहुत गुस्से में थे। अधिकारियों ने इसे लेकर उन्हें चेतावनी दी थी कि लेकिन उन्होंने उनकी बात नहीं सुनी। बीबीसी के मुताबिक, स्पेन में इससे पहले साल 1973 में सबसे बड़ी बाढ़ आई थी। तब 150 लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 1957 में वैलेंसिया शहर में भीषण बाढ़ आई थी, इसमें 81 लोगों की मौत हो गई थी।

बाढ़ से निपटने के लिए सेना तैनात वेलेंसिया की प्रांतीय सरकार बाढ़ के बाद की हालत के लिए लोगों की भारी नाराजगी झेल रही है। लापता लोगों की संख्या के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में स्पेन मंत्री एंजेल विक्टर टोरेस ने कहा कि अभी यह बता पाना मुश्किल है। बाढ़ से तबाह हुए इलाकों में राहत कार्य के लिए सेना के 1,000 से ज्यादा सैनिकों को तैनात किया गया। हालांकि, लोगों का कहना है कि उन तक पर्याप्त मदद नहीं पहुंच पा रही।

बाढ़ की वजह से सड़कें टूट गई हैं और कम्युनिकेशन और बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचने से अभी कई इलाके शहरों से कटे हुए हैं। आपातकालीन सेवा के कर्मचारी लगातार कार पार्किंग और सुरंगों में फंसे हुए लोगों और शवों की तलाश के काम में जुटे हुए हैं।

इतनी बारिश क्यों हुई मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बाढ़ की वजह 'कट-ऑफ लो प्रेशर सिस्टम' था। ठंडी और गर्म हवाओं के मेल से घने बादल बने, जिससे भारी बारिश हुई। हाल के दिनों दुनिया में कई जगहों पर इस वजह से तेज बारिश और तबाही की घटनाएं हुई हैं। स्पेनी भाषा में इसे डाना इफेक्ट कहा जाता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, भूमध्य सागर का ज्यादा गर्म होना भी भारी बारिश की वजह बना। इस साल अगस्त में भूमध्य सागर का तापमान 28.47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अब तक का सबसे ज्यादा तापमान था। वहीं बीबीसी के मुताबिक स्पेन में बाढ़ का पिछले 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। इससे पहले साल 1973 में बाढ़ से 150 लोगों की मौत हुई थी। वैलेंसिया ने 1980 के दशक में भी दो डीएएनए तूफानों का सामना किया था।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट से कई मकान जलकर खाक, कम से कम नौ लोगों की मौत



**फ्लोरेस, एजेंसी।** प्राधिकारियों ने पिछले सप्ताह हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद सोमवार को माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी के लिए खतरे का स्तर तथा जोखिम संभावित क्षेत्र का आकार बढ़ा दिया। इंडोनेशिया के फ्लोरेस द्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्राधिकारियों ने पिछले सप्ताह हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद सोमवार को माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी के लिए खतरे का स्तर तथा जोखिम संभावित क्षेत्र का आकार बढ़ा दिया। देश की ज्वालामुखी विज्ञान एजेंसी ने ज्वालामुखी विस्फोट बढ़ने के साथ ही चेतावनी की स्थिति को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया है और निषिद्ध क्षेत्र के दायरे को सोमवार को आधी रात के बाद दोगुना से अधिक बढ़ाकर सात किलोमीटर (4.3 मील) कर दिया।

ज्वालामुखी विस्फोट के कारण बृहस्पतिवार से रोजाना 2,000 मीटर (6,500 फुट) की ऊंचाई तक राख उठ रही है। माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी के एक अधिकारी फिरमान योसेफ ने बताया कि सोमवार को आधी रात के बाद हुए विस्फोट के कारण 2,000 मीटर ऊंचाई तक राख हवा में फैल गई और गर्म राख ने पास के एक गांव को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कैथोलिक नन के एक कॉन्वेंट सहित कई मकान जल गए और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।

## लेबनान के बाद सीरिया पर इजरायल की नजर, कर दिया पहला जमीनी हमला, ईरानी एजेंट पकड़ा गया



**येरूशलम, एजेंसी।** इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने सीरिया पर जमीनी हमला करके एक सीरियाई नागरिक को पकड़ा है जो कि ईरानी नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। पश्चिमी एशिया में तनाव के माहौल के बीच पहली बार है जब इजरायल ने सीरिया पर भी जमीनी हमले का दावा किया है। इससे पहले इजरायल कई बार सीरिया में एयरस्ट्राइक कर चुका है। हिजबुल्लाह और ईरान के अधिकारियों को निशाना बनाने के लिए इजरायल ने हवाई हमले किए थ। हालांकि सार्वजनिक रूप से आईडीएफ ने इसका ऐलान कभी नहीं किया।

इजरायली सेना ने दावा किया है कि हाल के महीनों में सीरिया में भी एक स्पेशल ऑपरेशन चलाया गया है। सीरिया की सरकार ने इजरायली हमले की पुष्ट नहीं की है। हालांकि सरकार का समर्थन करने वाले एक एफएम रेडियो स्टेशन शाम एफएम ने रिपोर्ट किया है कि इजरायल ने एक किडनैपिंग ऑपरेशन चलाया था।

सेना ने पकड़े गए शख्स की पहचान अली सुलेमान अल असी के रूप में की है। वह दक्षिणी सीरिया के सैदा में रहता था। कई महीनों से सेना उसपर निगरानी कर रही थी। उसपर आरोप है कि वह सीरियाई सीमा के पास इजरायल के गोलन हाइट में हमला करने में शामिल था। इजरायल ने उसे पकड़ने का बॉडी कैमरा फुटेज भी जारी किया है। पकड़े गए शख्स से सेना ने पूछताछ की। उसने कबूल भी किया है कि सीमाई इलाके में वह आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था।

बता दें कि हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजरायल ने उसे नेस्तनाबूत करने के लिए पड़ोसी देशों में भी अभियान चलाया है। शनिवार को इजरायील सेना ने उत्तरी लेबनानी शहर में भी ऑपरेशन चलाया था। यहां से भी एक शख्स को गिरफ्तार किया गया था जो कि हिजबुल्लाह से जुड़ा हुआ था।

## जयशंकर ने ब्रिस्बेन में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास का किया उद्घाटन



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया और इस बात पर जोर दिया कि इससे क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में मदद मिलेगी। जयशंकर दो देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को आस्ट्रेलिया पहुंचे, जहां से वे सिंगापुर जाएंगे। सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर जयशंकर ने लिखा, ''आज ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक रूप से उद्घाटन करके मुझे खुशी हुई।

यह क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने, शैक्षणिक संबंधों को प्रोत्साहन देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में योगदान देगा। उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए क्वींसलैंड की गवर्नर महामहिम डॉ. जेनेट यंग और मंत्रियों रोस बेट्स एवं फियोना सिम्प्सन का धन्यवाद। यह ऑस्ट्रेलिया में भारत का चौथा वाणिज्य दूतावास है।

ब्रिस्बेन के अलावा सिडनी, मेलबर्न और पर्थ में भी भारत के वाणिज्य दूतावास हैं। विदेश मंत्री ने सोमवार को ब्रिस्बेन के 'रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। जयशंकर ने 'एक्स पर लिखा, ''शांति और सद्भाव का उनका (महात्मा गांधी का) संदेश दुनिया भर में गूंजता है। जयशंकर ने क्वींसलैंड की गवर्नर से भी सोमवार को ब्रिस्बेन में मुलाकात की।उन्होंने 'एक्स पर लिखा, ''क्वींसलैंड की गवर्नर महामहिम डॉ. जेनेट यंग से आज ब्रिस्बेन में मिलकर प्रसन्नता हुई। क्वींसलैंड राज्य के साथ आर्थिक, व्यापारिक और निवेश सहयोग को मजबूत करने के अवसरों और तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ 15वीं विदेश मंत्री रूपरेखा वार्ता (एफएमएफडी) की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। वह ऑस्ट्रेलियाई संसद भवन में आयोजित होने वाले द्वितीय 'रायसीना डाउन अंडर के उद्घाटन सत्र में मुख्य संबोधन देंगे। उनका ऑस्ट्रेलियाई नेतृत्व, सांसदों, व्यापारिक समुदाय, मीडिया और प्रबुद्ध वर्ग के साथ भी बातचीत करने का कार्यक्रम है। ऑस्ट्रेलिया से जयशंकर सिंगापुर जाएंगे, जहां वह आसियान-भारत 'थिंक टैंक नेटवर्क के 8वें गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वह दोनों देशों के बीच घनिष्ठ साझेदारी की समीक्षा करने के लिए सिंगापुर के नेताओं से मुलाकात भी करेंगे।

## कमला हैरिस अगर चुनी गई तो प्रवासियों, और अपराधियों के लिए खोल देंगी बॉर्डर: ट्रंप




**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** नॉर्थ कैरोलिना (अमेरिका)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वह निर्वाचित हुईं तो बॉर्डर को खोल देंगी, जिससे देश में प्रवासियों, गिरोहों और अपराधियों का आना शुरू हो जाएगा। रिपब्लिकन उम्मीदवार ने नॉर्थ कैरोलिना के किंस्टन में आयोजित एक रैली में यह बात कही। ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेट्स उम्मीदवार हैरिस के पास कोई दृष्टि, कोई विचार और कोई समाधान नहीं है। उन्होंने कहा, वह बस इतना ही कह सकती है, डोनाल्ड ट्रंप ने यह किया, डोनाल्ड ट्रंप ने वह किया।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, अगर वह कभी जीतीं, तो पहले दिन ही सीमा खोल देंगी। मुझे नहीं पता क्यों, कोई नहीं जानता क्यों। अगर मैं जीता, तो अमेरिकी लोग फिर से इस देश के शासक होंगे। कमला ने अपनी शपथ का उल्लंघन किया है, हमारी संप्रभु सीमा को मिटा दिया है, और दुनिया भर की जेलों, पागलखानों और मानसिक संस्थानों से गिरोहों और आपराधिक प्रवासियों की एक सेना को मुक्त कर दिया है। ट्रंप ने श्रमिकों और छोटे व्यवसायों के लिए टैक्स में कटौती करने और सीनियर नागरिकों के लिए टिप्स, ओवरटाइम और सामाजिक सुरक्षा पर टैक्स खत्म करने का वादा किया।

रिपब्लिकन उम्मीदवार ने प्रवासी अटैक को समाप्त करने और अमेरिका की संप्रभुता को बहाल करने की कसम खाई। ट्रंप ने कहा, जिस दिन मैं पद की शपथ लूंगा, प्रवासी अटैक समाप्त हो जाएगा और हमारे देश की बहाली शुरू हो जाएगी।

मेरी योजना श्रमिकों और छोटे व्यवसायों के लिए टैक्स में भारी कटौती करने की है। टिप्स पर कोई टैक्स नहीं होगा, ओवरटाइम पर कोई टैक्स नहीं होगा और हमारे वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा पर कोई टैक्स नहीं होगा। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर को होने वाले हैं, जिसमें डेमोक्रेट्स उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का मुकाबला पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से होगा।ट्रंप पिछले चुनाव में हार के बाद व्हाइट हाउस में वापसी की कोशिश में है, जबकि हैरिस अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनकर इतिहास रचने का लक्ष्य बना रही हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स और सिएना कॉलेज द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वे में पता चला है कि हैरिस और ट्रंप को लोकप्रिय वोट में 48 फीसदी का बराबरी हासिल है।

## ईरान के शीर्ष कमांडर ने मुस्लिम दुनिया में आतंकवाद विभाजन के लिए अमेरिका को दोषी बताया



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुख्य कमांडर हुसैन सलामी ने रविवार को कहा कि मुस्लिम दुनिया में आतंकवाद और विभाजन के लिए अमेरिका की नीतियां जिम्मेदार हैं। सलामी ने यह टिप्पणी तेहरान में पूर्व अमेरिकी दूतावास के अधिग्रहण की 45वीं वर्षगांठ और वैश्विक अहंकार के खिलाफ लड़ाई के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित एक रैली में की, जिसे राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में भी जाना जाता है। आईआरजीसी के मुख्य कमांडर ने समारोह में जोर देकर कहा कि तकफिरी (चरमपंथी) आतंकवाद की घटना और मुस्लिम दुनिया में खूनी विभाजन सभी अमेरिकी नीतियों के परिणाम थे। देश की आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, सलामी ने अमेरिका को विरोधाभासी पहचान के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ अमेरिका वैश्विक शांति, सुरक्षा और व्यवस्था की बात करता है, और दूसरी तरफ वह दुनिया में सभी अपराधों, नरसंहारों और कब्जों का स्रोत है। ईरानियों ने रविवार को सड़कों पर उतरकर पूर्व अमेरिकी दूतावास के परिसर तक मार्च निकाला और अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने ईरान, हिजबुल्लाह और फिलिस्तीन के झंडे लहराए, साथ ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और ईरान तथा क्षेत्रीय प्रतिरोध समूहों के मारे गए नेताओं और कमांडरों की तस्वीरें भी लहराईं। रैली के अंत में, प्रदर्शनकारियों ने ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रति निष्ठा की शपथ लेते हुए एक बयान जारी किया और गाजा तथा लेबनान में इजरायल के अपराधों की निंदा की, जिन्हें अमेरिका की प्रत्यक्ष भागीदारी और समर्थन से अंजाम दिया जा रहा है।उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से गाजा और लेबनान में युद्ध विराम की दिशा में काम करने का भी आह्वान किया। फरवरी 1979 में ईरान की इस्लामी क्रांति की जीत के कुछ महीने बाद ईरानी विश्वविद्यालय के छात्रों ने अमेरिकी दूतावास की इमारत पर कब्जा कर लिया था। उनका आरोप था कि दूतावास में पाए गए दस्तावेजों के अनुसार, अमेरिका इस्लामी गणराज्य को उखाड़ फेंकने की योजना बना रहा था और अमेरिकी सरकार के लिए जासूसी के अड्डे के रूप में काम कर रहा था। ईरान हर साल राष्ट्रव्यापी रैलियां आयोजित करके अधिग्रहण की घटना का जश्न मनाता है।

## वोटिंग से ठीक पहले तमाम सर्वे कह रहे आएंगे तो ट्रंप ही क्या कमला हैरिस को लगेगा झटका



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, सर्वेक्षण बताते हैं कि हैरिस अब नेवादा, उत्तरी कैरोलाइना और विस्कॉन्सिन में मामूली बढ़त पर हैं, जबकि ट्रंप एरिजोना में आगे हैं। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मिशिगन, जॉर्जिया और पेंसिल्वेनिया में दोनों नेताओं के बीच कांटे की टक्कर है। सभी प्रमुख राष्ट्रीय और चुनाव के लिहाज से अहम राज्यों में सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाले 'रियल क्लियर पॉलिटिक्स' ने कहा कि ट्रंप और हैरिस के बीच बराबरी की स्थिति है।

सेलिब्रिटियों का समर्थन, मुकदमों का सामना, उम्मीदवार का बैकआउट और नए कैंडिडेट की एंट्री और हत्या के प्रयास के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2024 काफी उतार चढ़ाव और विवादों से भरा रहा है। 5 नवंबर रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाली कमला हैरिस के साथ ही देश और दुनिया के लिए भी बेहद मायने रखता है। सबसे बड़ा सवाल जो हर कोई पूछ रहा है वह यह है कि क्या संयुक्त राज्य अमेरिका को अपनी पहली महिला राष्ट्रपति मिलेगी या यह डोनाल्ड ट्रम्प को दूसरा कार्यकाल हासिल होगा वैसे तो इसका उत्तर 5 नवंबर के मतदान के बाद ही पता चलेगा। लेकिन चुनाव से ठीक एक दिन पहले अमेरिका के तमाम सर्वे क्या कह रहे हैं आइए आपको बताते हैं।

**सर्वे दे रहे ट्रंप के लिए शुभ संकेत**: राष्ट्रीय सर्वेक्षण में ट्रंप 0.1 प्रतिशत अंक से आगे हैं, जबकि अहम राज्यों में पूर्व राष्ट्रपति को 0.9 प्रतिशत अंकों की बढ़त हासिल है। द हिल के अनुसार, राष्ट्रपति पद की दौड़ में कड़ा मुकाबला दिख रहा है और किसी भी उम्मीदवार को स्पष्ट बढ़त मिलती नहीं दिख रही। अपने अंतिम सर्वेक्षण में एनबीसी न्यूज ने कहा कि सर्वेक्षण से पता चलता है कि हैरिस को आमने-सामने के मुकाबले में 49 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है, जबकि ट्रंप को भी इतने ही प्रतिशत यानी 49 प्रतिशत का समर्थन मिल रहा है। समाचार चैनल ने कहा कि सिर्फ दो प्रतिशत मतदाताओं का कहना है कि वे चुनाव को लेकर अनिश्चितता की स्थिति में हैं।

सर्वेक्षण बताते हैं कि हैरिस अब नेवादा, उत्तरी कैरोलाइना और विस्कॉन्सिन में मामूली बढ़त पर हैं, जबकि ट्रंप एरिजोना में आगे हैं। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मिशिगन, जॉर्जिया और पेंसिल्वेनिया में दोनों नेताओं के बीच कांटे की टक्कर है। सभी प्रमुख राष्ट्रीय और चुनाव के लिहाज से अहम राज्यों में सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाले 'रियल क्लियर पॉलिटिक्स' ने कहा कि ट्रंप और हैरिस के बीच बराबरी की स्थिति है।

**यही रात अंतिम यही रात भारी**

ट्रम्प और हैरिस के लिए आज आखिरी दिन है क्योंकि देश में 5 नवंबर को मतदान होना है। इन अंतिम घंटों में, दोनों उम्मीदवार अंतिम बढ़त हासिल करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। उसी क्रम में, हैरिस ने रविवार को मिशिगन में अपना समय बिताया जहां उन्होंने गाजा में इज़राइल युद्ध को रोकने की कसम खाई। इस बीच ट्रम्प ने पेंसिल्वेनिया, उत्तरी कैरोलिना और जॉर्जिया - तीन सबसे बड़े स्विंग राज्यों का दौरा किया। उन्होंने पेंसिल्वेनिया के लिटित्ज़ में यह भी कहा कि अगर पत्रकारों को गोली मार दी जाए तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**लोहरदगा(बिभा)**। पाखर पंचायत के तीसिया बाजार,नवा टोली,डुमर टोली में, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में, ज़िला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी एवं मंत्री प्रतिनिधि हाजी अफसर कुरैशी द्वारा, यहां समुदाय के बीच बैठक कर के जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। मौके पर रीना कुमारी ने कहा कि विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अपने कार्यकाल में, लोहरदगा विधानसभा का काफी विकास कराया है। इसी तरह लोहरदगा क्षेत्र में विकास के लिए पंजा छाप में वोट डाल कर उन्हें विजयी बनाए। हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य वासियों के विकास को लेकर गंभीर है और महागठबंध के शासन में माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के द्वारा जिस प्रकार से लगातार राज्य में विकास कार्य किया गया है इससे पूरे राज्यवासी खुश है। उन्होंने कहा कि इस बार भी लोहरदगा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए हम सब की मेहनत जारी है। बैठक में मुख्य रूप से रौनक इकबाल, उल्फत अंसारी, मुस्तफा अंसारी, राजेंद्र सिंह, पुष्पा कुमारी एवम्‍ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### राहुल गांधी के आगमन को ले कैरो कांग्रेस ने की बैठक

**लोहरदगा(बिभा)**: कैरो प्रखंड चुनावी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद की अध्यक्षता में बैठक कीय गई जिसमें मुख्य रूप से लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद लोहरदगा विधानसभा पर्यवेक्षक खुर्शीद हसन रूमी उपस्थित थें। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को चुनाव में भारी मतों से विजई बनाने एवं 8 नवंबर को लोहरदगा में राहुल गांधी की कार्यक्रम को लेकर रणनीति तय की गई। कैरो प्रखंड में सफलतापूर्वक चुनाव के लिए 40 लोगों का प्रखंड स्तरीय चुनाव संचालन समिति( समन्वय समिति )साथ ही प्रत्येक पंचायत में प्रभारी एवं सह प्रभारी जिसमें गुड्डी पंचायत प्रभारी बुधवा उरांव सह प्रभारी जुबेर अंसारी कैरो पंचायत प्रभारी शरद कुमार विद्यार्थी सह प्रभारी प्रवीण पांडे,रितेश सोनी सढ़ाबे पंचायत प्रभारी विजय कुमार एक्का सह प्रभारी राम उरांव, मेघनाथ उरांव हनहट पंचायत प्रभारी मुर्शीद आलम सह प्रभारी राम मोहन उरांव, महेंद्र उरांव गजनी पंचायत प्रभारी नसीम अंसारी सह प्रभारी रशीद अंसारी,ललित महतो नरौली पंचायत प्रभारी समीरूद्दीन अंसारी सह प्रभारी चरकू सरदार,धनपत उरांव,खुर्शीद अंसारी को बनाया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद बुधवा उरांव जमील अंसारी समीरूद्दीन अंसारी नारायण उरांव नसीम अंसारी मुनीम अंसारी देवदत्त प्रजापति ईश्वर दास बाखला कार्तिक महली मोजाहिर अंसारी सफीक अंसारी जियाउल अंसारी एनुअल अंसारी आदि उपस्थित थें।

### एसएसबी जवान ने की आत्महत्या

**लोहरदगा(बिभा)**: झारखंड विधानसभा चुनाव ड्यूटी में आये एसएसबी के जवान ने मंगलवार की सुबह सर्विस रायफल से गोली मारकर की आत्महत्या कर ली है. यह घटना लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय स्थित कैंप में हुई है. जहां कर्नाटक से विधानसभा चुनाव ड्यूटी करने आये एसएसबी जवान ने खुद के इंसास रायफल से गोली मार ली. घटना की सूचना मिलते ही एसएसबी के अधिकारी व जिले के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गये हैं. मृतक की पहचान कर्नाटक राज्य निवासी अनप्पा दुग्गल के रूप में हुई है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अनप्पा दुग्गल अहले सुबह चार बजे तक गार्ड ड्यूटी करने के बाद दूसरे तल्ला के बाथरूम में गया और 4.30 बजे के करीब अपने इंसास रायफल से जबड़ा में गोली मारकर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है.

### वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने जब्त किए 6 लाख 50 हजार रुपये



**जमशेदपूर(बिभा)** : झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पुलिस जगह-जगह पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में बहरागोड़ा प्रखंड़ क्षेत्र के बरसोल थाना अंतर्गत दारीसोल चेकपोस्ट पर पुलिस और एसएसटी का संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मंगलवार को 2 वाहनों से 6 लाख 50 हजार रुपये बरामद किए गए। मिली जानकारी के अनुसार जमशेदपुर निवासी सुधीर कुमार कोवाला की कार से 4 लाख रुपये और ओडिशा के पुरी निवासी बटकृष्णा महापात्र के कार से 2 लाख 50 हजार रुपये बरामद किए गए। दोनों व्यक्तियों द्वारा सही जानकारी नहीं देने पर रुपये जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 68 व नेशनल स्कूल गेम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के छात्र झारखंड से प्रतिनिधित्व करने के लिए मध्य प्रदेश रवाना



**लोहरदगा(बिभा)**। 68 वां नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के खिलाड़ी को राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश के लिए रवाना किया गया। बता दें कि कुडू प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के षष्ठम के छात्र अभय प्रजापति ने खेलों झारखंड प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के लिए प्रतिनिधित्व किया था। जिसमें अभय ने अंडर 14 वर्ग में 25 केजी में गोल्ड मेडल जीता है। साथ ही अभय को आगामी प्रतियोगिता में जीत के लिए विद्यालय का प्रधानाचार्य और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं खिलाड़ी को शुभकामनाएं दिए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर साहू ने कहा कि आज हमारा विद्यालय हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है। साथ ही कहा कि हमारे विद्यालय से छात्र का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होना काफी गौरव की बात है, तथा उपस्थित छात्रों को सीख लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि छात्र की इस उपलब्धि का सारा श्रेय ताइक्वांडो प्रशिक्षक अरविंद कुमार को जाता है , उन्हीं की लगन और मेहनत के कारण यह संभव हो पाया है । इस मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्य एवं छात्र-छात्राएं मौके पर मौजूद थे।

लोहरदगा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का चुनावी सभा आयोजित

# झारखण्ड के विकास में झामुमो, कांग्रेस और राजद स्पीड ब्रेकर: राजनाथ सिंह

बिभा संवाददाता





**लोहरदगा**। जिले के समाहरणालय मैदान में मंगलवार को एनडीए का चुनावी सभा आयोजित हुआ।चुनावी सभा मे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने दमदार अंदाज में एनडीए प्रत्याशी आजसू नेत्री नीरू शन्ति भगत के लिए जनता से आशिर्वाद मांगा। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जिले की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड का निर्माण एनडीए ने किया है और इसका भविष्य भी एनडीए ही बना सकती है। इस बार झारखंड में बदलाव की बयार है, झारखंड में सत्ता एनडीए के हाथों में आनी तय है। श्री सिंह ने झमुमो,कांग्रेस और राजद को झारखंड के विकास में स्पीड ब्रेकर बताया है। उन्होंने कहा है कि विपक्षी गलत प्रचार कर रहे हैं कोई माइ का लाल आरक्षण समाप्त नही कर सकता है।उन्होंने एनडीए की की विकासशील नीतियों को रेखांकित करते हुए झारखंड को देश का ह्लसबसे धनवान राज्यह्व बनाने का वादा किया साथ ही विकास के लिए 10 साल का समय मांगा। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ आदिवासियों के अधिकारों की बहाली की बात भी कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने हमेशा अपने चुनावी वादों को पूरा किया है। एनडीए की सरकार ने देश की आर्थिक स्थिति को सुधारते हुए भारत को वैश्विक स्तर पर 11वें से 5वें स्थान पर पहुंचा दिया है। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी नीरु शांति भगत के लिए वोट मांगते हुए झारखंड में कम से कम 10 साल के लिए एनडीए की सरकार की मांग की, उन्होंने कहा कि 10 साल के समय मे झारखंड के विकास नजर आएगा। उन्होंने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें लोकलाज का भी ख्याल नहीं है। जिलेवासिओं को संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जिले की जनता को तय करना है कि उन्हे शाशक चाहिए या कि सेवक। श्री महतो ने प्रत्येक आंदोलनकारी को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के लिए कॉलोनियों का निर्माण कराने का वादा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आजसू प्रत्याशी नीरु शांति भगत ने तरक्की का वादा दिलाया। नीरु शांति भगत ने कहा कि मैं पूर्व विधायक केके भगत का सपना पूरा करना चाहती हूं जिले का विकास ही मेरा लक्ष्य है । जनसभा में बड़ी संख्या में जिलेवासी मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिए : मल्लिकार्जुन

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग**। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने मंगलवार को झारखंड में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने हजारीबाग के मांडू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की। साथ ही राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिए।

### सोनिया गांधी की वजह से भूखे लोगों को मिल रहा अन्न

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला बोला। खासकर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाले बयान के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि ह्यये मोदी की गारंटी हैह्व. कहां है आपकी गारंटी। खरगे ने कहा कि गारंटी कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने दी थी। उनकी वजह से भूखे लोगों को आज अन्न मिल रहा है। उन्होंने मनरेगा योजना की गारंटी दी थी। लोगों को साल 100 दिन के रोजगार की गारंटी मिली थी। आज मोदी की सरकार इस योजना को खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि ह्यआपके वादों का कद भी आपके जैसा है। कभी भी नाप के देखो तो कम निकलता है।

### एससी-एसटी का आरक्षण क्यों नहीं बढ़ाते

मल्लिकार्जुन ने कहा कि मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने 2022 में एससी-एसटी के आरक्षण को बढ़ाने का प्रस्ताव पास करके भेजा था। आज भी वह प्रस्ताव राजभवन में पड़ा है। उसे मंजूरी क्यों नहीं दी जा रही। यदि आप एससी-एसटी-ओबीसी के हितैषी हो, तो आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी क्यों नहीं करते। वर्ष 2022 में झारखंड सरकार ने जो प्रस्ताव केंद्र को भेजा था, उसमें ओबीसी आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी करने की सिफारिश की गई थी। एससी का आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत और एसटी का आरक्षण 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का प्रस्ताव था। इसे अब तक मंजूरी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि देखिए आज महंगाई और पेट्रोल-डीजल का क्या हाल है।

### कांग्रेस की कॉपी करती है भाजपा

खरगे ने कहा कि भाजपा और एनडीए कांग्रेस की कॉपी करती है। उनकी एक भी योजना अपनी नहीं है। कांग्रेस कर्नाटक में भाग्यलक्ष्मी योजना लेकर लाई। इसकी नकल में भाजपा गोगो दीदी योजना, लाडली बहना योजना जैसी योजनाएं ले आई। ये लोग यहां कि जंगल और जमीन लूट लेंगे। कल अपने संबोधन में पीएम ने कुछ बातों को इंगित किया, जो मैंने बेंगलुरू में कहे थे। उसपर मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि मैंने बेंगलुरू में जो बातें कही और वादे किए, उनमें से कितने पूरे हुए, सबका पूरा हिसाब दे सकता हूं।

## नहाय- खाय अनुष्ठान के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा**: जिले में लोक आस्था का महापर्व अनुष्ठान नहाय खाये के साथ मंगलवार से शुरू हो गया। बुधवार को खरना और गुरुवार को भगवान भास्कर को पहला सायंकालीन अर्घ दिया जाएगा, शुक्रवार को प्रातः कालिन अर्घ के साथ महापर्व छठ व्रत का समापन होगा। महापर्व पर व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत रखते हैं। छठ महापर्व को ले छठव्रतियों व श्रध्दालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर के चौक-चौराहों से लेकर प्रखंडों में छठ को ले बाजार सज गये है। दुकानों में खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। समानों की बढी कीमत भी श्रध्दालुओं के उत्साह में कोई कमी नही ला रही है। छठ को ले शहर के महावीर चौक अपर बाजार, गुदरी बाजार, राणा चौक, अमला टोली, मैना बगीचा, पतराटोली समेत विभिन्न स्थानों पर छठ का बाजार गुलजार है। देर शाम तक खरीदारी हुई, वहीं बाजार के विभिन्न सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। छठ महापर्व में सूप 170 से 200 रू प्रति पिस, दउरा 150 से 500 रूपए, बांस पंखा 40 से50 रुपये, तथा डालिया 100 से 150 रूपए प्रति पीस बिक रहे हैं। वही बाजार में लाल गेहूं 45 से 50 रुपए प्रति किलो, गुड 55 रुपए, नया चावल 40 से 50 रुपये, आटा 35 रूपए, रिफाइन 160 से 170 रूपए प्रति किलोग्राम, घी 600 से 680 रूपए, काजू 750 रूपए, किसमिस 300 से 340 रूपए, जटा नारियल 35 रूपए, सरसों तेल 170 से 180 रूप प्रति किलोग्राम तथा मिट्टी के सामान 90 रु के भाव से बिक रहे हैं। जबकि सेव 150 से 190 रूपए, संतरा 80 से100 रूपए, अनार 150 से 200 रूपए, केला 60 से लेकर 70 रूपए दर्जन, वही केला कांधी 600 से 900 रूपए, सेव पेटी 700 से 800 रु बिक रहे हैं। इधर छठ व्रतियों ने बताया कि नहाय खाय अनुष्ठान में चावल दाल व कद्दू का भोग लगाया। इसके उपरांत इसे प्रसाद के रुप में परिवार व श्रद्धालुओं के बीच बितरित किया गया।

## बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे : योगी आदित्यनाथ

बिभा संवाददाता

**कोडरमा/हजारीबाग/जमशेदपुर**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के अखाड़े में उतरे। उन्होंने जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि ताकत का अहसास कराइए। पत्थरबाज सड़कों पर झाड़ू लगाकर रास्ता साफ करेंगे और हर घर पर बजरंगी पताका फहराती दिखाई देगी। साथ ही कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे।

योगी ने कहा कि झामुमो, राजद और कांग्रेस का गठबंधन झारखंड के विकास के लिए नहीं है। ये विनाश के दूत हैं। भ्रष्टाचार के फरिश्ते हैं। यहां की सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोट बैंक के लिए प्रश्रय दिया है। योगी आदित्यनाथ ने एनडीए के संकल्प पत्र को दोहराया और कहा कि एनडीए की सरकार बनी तो गोगो दीदी योजना से हर महीने महिलाओं को 2100 रुपये दिए जाएंगे। साथ ही 21 लाख लोगों को पक्का घर दिया जाएगा। बालू फ्री में दी जाएगी। ये सभी लाभ झारखंडवासियों को दिए जाएंगे, बांग्लादेशी घुसपैठियों को नहीं। योगी ने कहा कि जो लोग कहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बन पाएगा, वे देख रहे हैं कि मंदिर भी बन गया और रामलला विराजमान भी हो गए हैं। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश निर्दोष नागरिकों-हिंदुओं को छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर बने, इसके लिए रामभक्तों ने संघर्ष किया। लाखों रामभक्तों ने बलिदान भी दिया। योगी ने कहा कि कांग्रेस, राजद, झामुमो राम मंदिर निर्माण के मार्ग में बाधक थे। यूपी में भाजपा सरकार बनी, तो 500 वर्ष की समस्या का समाधान हो गया।


## राज्य के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान अपने कर्मियों को उनके मतदान हेतु दें स्वैतनिक अवकाश : संजीव बेसरा

बिभा संवाददाता



**रांची**। श्रमायुक्त झारखण्ड श्री संजीव कुमार बेसरा ने कहा है कि राज्य में 13 एवं 20 नवंबर को राज्य में हो रहे विधानसभा चुनाव में सभी मतदाताओं की भागीदारिता सुनिश्चित करना हम सब की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 इ में मतदान दिवस को स्वैतनिक अवकाश देने हेतु स्पष्ट प्रावधान है। अतः इस प्रावधान का उल्लंघन की स्थिति में कार्रवाई भी किया जा सकता है।वह आज औद्योगिक प्रतिष्ठानों व दुकान एवं प्रतिष्ठान के नियोजकों, चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ साथ सभी जिला के श्रम अधीक्षक व कारखाना निरीक्षकों के साथ श्रमायुक्त कार्यालय से ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर रहे थे ।

उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ हुई बैठक में औद्योगिक कामगार मतदाताओं के मतदान सम्बन्धित निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में विभिन्न नियोजकों के अधीन कार्य करने वाले सभी कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इस हेतु कर्मचारियों को निर्धारित मतदान की तिथि को सवैतनिक अवकाश देना सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ सतह सभी स्टेकहॉल्डर्स मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने सभी स्टेकहॉल्डर्स को अपने प्रतिष्ठानों में बैनर, पोस्टर जैसे सामग्री से प्रचार-प्रसार करने का भी अनुरोध किया।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com